नई दिल्ली

नई दिल्ली, मंगलवार 3 सितंबर 2019

भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 23, अंक : 167
पृष्ठ 14 मूल्य 3 .00 *


मौसम

अधि. 37.5
न्यूून. 25.8


# हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com



13
चीनी ताइपे : साइना व सौरभ करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई






विचार पेज
08 बेहतर काम करेंगे बड़े बैंक


## खबर संक्षेप

### संघ करेगा सरकार के काम-काज पर मंथन!



**नई दिल्ली।** मोदी सरकार के 100 दिन के कामकाज को लेकर संघ भाजपा के साथ मिलकर मंथन करेगा। इसके लिए राजस्थान के पुष्कर में 7 सितम्बर से 9 सितम्बर तक संघ और भाजपा की समन्वय समिति एक साथ बैठेगी। इसमें समीक्षा होगी कि सरकार संघ के एजेंडे को लागू करने में किस हद तक कामयाब रही है। भाजपा के सत्ता में आने के बाद पहली बार हो रही इस समन्वय समिति की बैठक में प्रधानमंत्री हिस्सा लेंगे।

### चंद्रयान-2 का लैंडर विक्रम सफलतापूर्वक हुआ अलग



**बेंगलुर।** भारत के दूसरे चंद्र मिशन 'चंद्रयान-2' से संबंधित एक अति महत्वपूर्ण घटनाक्रम में सोमवार को इसके 'विक्रम' लैंडर को ऑर्बिटर से सफलतापूर्वक अलग कर दिया गया। अब चांद की सतह पर लैंडर के 'सॉफ्ट लैंडिंग' करने और अंतरिक्ष इतिहास में नया अध्याय दर्ज करने में महज पांच दिन शेष हैं। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने कहा कि 'लैंडर' को 'ऑर्बिटर' से अलग करने की प्रक्रिया आज अपराह्न एक बजकर पंद्रह मिनट पर पूरी कर ली गई।

### तटरक्षक ने समुद्र में फंसे पोत के चालक दल के 13 सदस्यों को बचाया

**मंगलुरु।** भारतीय तटरक्षक ने यहां समुद्र में ऊंची लहरों के बीच फंसे एक पोत के चालक दल के 13 सदस्यों को सोमवार को एक जीवन रक्षक नौका के जरिए बचा लिया और सात अन्य लापता कर्मियों की तलाश शुरू कर दी है। तटरक्षक ने एक विज्ञप्ति में कहा कि 'त्रिदेवी प्रेम' नाम का यह पोत सोमवार तड़के करीब ढाई बजे अचानक ही समुद्र की ऊंची लहरों के बीच फंस गया। पोत के कैप्टन ने न्यू मंगलुरू पोर्ट ट्रस्ट से संपर्क किया, जिसके बाद नजदीक में तैनात तटरक्षक के जहाज अमर्त्य ने पोत के चालक दल के 13 सदस्यों को सुरक्षित वहां से निकाल लिया।

### जम्मू-कश्मीर: इस साल अगस्त तक 139 आतंकी ढेर



**नई दिल्ली।** इस साल के पहले आठ महीनों में भारतीय सेना ने जम्मू-कश्मीर में 139 आतंकवादी मार गिराएं हैं। रक्षा सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। इस संख्या में नियंत्रण रेखा के साथ-साथ राज्य के भीतरी इलाकों में सेना के साथ विभिन्न मुठभेड़ों में मारे गए आतंकवादियों की संख्या भी शामिल है। ये आंकड़े एक जनवरी से 29 अगस्त तक सेना द्वारा मारे गए आतंकवादियों की संख्या के बारे में हैं।

## नजरिया




## पहली बार राजनयिक मदद

# भीषण दबाव में दिख रहे थे जाधव: विदेश मंत्रालय

- इस्लामाबाद में उच्चायुक्त गौरव अहलूवालिया ने मुलाकात की
- विस्तृत रिपोर्ट प्राप्त करने के बाद आगे के कदम पर होगा फैसला
- सरकार जाधव को न्याय दिलाने, उनकी सुरक्षित वापसी को लेकर प्रतिबद्ध

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान की जेल में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव से सोमवार को इस्लामाबाद में भारत के उप उच्चायुक्त गौरव अहलूवालिया ने मुलाकात की। वर्ष 2016 में हिरासत में लिए जाने के बाद जाधव तक भारत की यह पहली राजनयिक पहुंच है। इसके साथ ही भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि सरकार जाधव को जल्द से जल्द न्याय दिलाने और उनकी सुरक्षित भारत वापसी को लेकर प्रतिबद्ध है।

यह मुलाकात 'अंतरराष्ट्रीय अदालत (आईसीजे) द्वारा दी गई व्यवस्था के अनुपालन में' पाकिस्तान द्वारा सोमवार को जाधव को राजनयिक पहुंच की अनुमति दिए जाने के बाद हुई। भारतीय नागरिक जाधव पाकिस्तान की जेल में बंद हैं और 'जासूसी तथा आतंकवाद' के आरोप में पाकिस्तान ने 2017 में उन्हें मौत की सजा सुनाई थी। जियो टीवी ने सूत्रों के हवाले से खबर दी कि यह मुलाकात एक घंटे तक चली। वहीं, नयी दिल्ली में भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मुलाकात के बाद कहा कि कुलभूषण जाधव पाकिस्तान के अपुष्ट दावों को बनाए रखने के लिए गलत बयानी करने के भीषण दबाव में दिखते हैं। इसके साथ ही, विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जाधव की मां से बात कर उन्हें सोमवार को हुए घटनाक्रमों से अवगत कराया। जाधव से मुलाकात करने से पहले, अहलूवालिया ने पाकिस्तान के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद फैसल से पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय में मुलाकात की।



### आईसीजे में टाला गया था जाधव की फांसी का फैसला

गौरतल बै कि पाकिस्ता ने जासूसी के झूठे आरोप में कुलभूषण जाधव को 2017 में मौत की सजा सुनाई थी। आईसीजे के 16 जजों ने 15-1 के बहुमत से जाधव की फांसी टाल दी थी। इसके 11 दिन बाद पाकिस्तान ने उन्हें कॉन्सुलर ऐक्सेस देने का फैसला किया था। पहले 2 अगस्त को कुलभूषण को राजनयिक पहुंच दी जानी थी लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव की वजह से एक महीने बाद उनकी मुलाकात भारतीय राजनयिकों से करवाई गई।


### भारत ने की थी मांग

भारत ने पाकिस्तान से जाधव तक 'तत्काल, प्रभावी और निर्बाध' राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराने की मांग की थी और वह कूटनीतिक माध्यमों से इस्लामाबाद के संपर्क में था। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि सोमवार को उपलब्ध कराई गई राजनयिक पहुंच निर्बाध थी या नहीं, जैसी कि भारत ने मांग की थी। रविवार को फैसल ने ट्वीट किया था कि जाधव को राजनयिक संबंधों पर वियना संधि, आईसीजे के फैसले और पाकिस्तान के कानूनों के अनुरूप दो सितंबर को राजनयिक पहुंच उपलब्ध कराई जाएगी।

### जाधव की मां को दी गई जानकारी

विदेश मंत्रालय ने कहा कि संबंधित अधिकारियों से डीटेल रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई पर फैसला लिया जाएगा। विदेश मंत्रालय ने जाधव की मां से भी बात की और सोमवार को के डिवेलपमेंट की पूरी जानकारी दी।

### कश्मीर की लड़ाई को लेकर अजय बिसारिया पहुंचे यूएनएचआरसी



भारत सरकार ने वरिष्ठ राजनयिक अजय बिसारिया के नेतृत्व में एक टीम को जिनेवा के लिए भेजी है जो संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में कश्मीर मुद्दे को लेकर अपना पक्ष रखेगी। कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार परिषद में पहुंचा है और पाकिस्तान के इसी प्रयास को रोकने के लिए भारत का यह डेलिगेशन काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पाकिस्तान की तरफ से पूर्व विदेश सचिव तहमीना जंजुआ और विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी जिनेवा में मौजूद होंगे जो मानवाधिकार निकाय के 42 वें सत्र को संबोधित करेंगे।

## ग्रेटर कैलाश की घटना

# फ्रिज में डालकर बुजुर्ग का किया अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



- इस अपहरण के पीछे क्या मकसद है? अभी साफ नहीं
- अपहरण का आरोप बुजुर्ग के ही घरेलू सहायक किशन और उसके दोस्तों पर
- मामले में लिप्त पांच गिरफ्तारी

दक्षिणी दिल्ली के पॉश इलाकों में से एक ग्रेटर कैलाश में एक बुजुर्ग को फ्रिज में रखकर अगवा करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। अपहरण का आरोप बुजुर्ग के ही घरेलू सहायक किशन और उसके दोस्तों पर है। इस अपहरण के पीछे क्या मकसद है? अभी साफ नहीं हो सका है। एडिशनल डीसीपी परमिंदर सिंह ने सोमवार देर रात केस में लिप्त पांच लोगों की गिरफ्तारी की बात कहीं। खबर लिखे जाने तक पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर बुजुर्ग के बारे में पता लगाने में जुटी थी। वहीं पुलिस सूत्रों से पता चला कि आरोपियों ने बुजुर्ग की हत्या की बात कबूली है। देर रात पुलिस की कई टीमें आरोपियों को लेकर शव की तलाश में जुटी थी। कृष्ण खोसला अपनी पत्नी के साथ मकान नंबर एम-75, ग्रेटर कैलाश में रहते हैं। उनके दो बेटें हैं। एक बेटा विदेश में रहता है, जबकि दूसरा बेटा ग्रेटर कैलाश में ही अलग रहता है। कृष्ण के पड़ोसी श्याम कालरा ने बताया कि छह-सात महीने पहले वह इस मकान में किराए पर रहने के लिए आए थे। बेटा-कभी कभार ही आता था। उन्होंने बताया कि उनके घर किशन नामक घरेलू सहायक काम करता था, जो कि मूलरूप से बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है और इन दिनों संगम विहार इलाके में रह रहा था। वह अकेले ही काम करता था। बुजुर्ग दपंति कभी-कभार ही घर से निकलते थे।

### मिनी टैंपो लेकर आया था

छानबीन करने पर पुलिस को पता चला है कि आरोपी घरेलू सहायक शनिवार रात करीब आठ बजे अपने कुछ दोस्तों के साथ टैंपो लेकर आया था। उसने गार्ड से कहा था कि वह फ्रिज ले जाने आया है। मालिक किसी दूसरे मकान में शिफ्ट हो रहे हैं। इस कारण सुरक्षाकर्मियों ने उसके फ्रिज की तलाशी भी नहीं ली थी।

## अयोध्या मामला: मुस्लिम पक्षकार बोले- वैदिक काल में मंदिर बनाने-मूर्तिपूजा की नहीं थी परंपरा

**नई दिल्ली।** मुस्लिम पक्ष ने कहा है अयोध्या भूमि विवाद का निपटारा कानून के हिसाब से होमुस्लिम पक्ष के वकील ने कहा कि मामले में इतिहासकारों पर भरोसा नहीं कर सकते।

वकील ने कहा वैदिक काल मे मंदिर बनाने-मूर्तिपूजा की कोई परंपरा नहीं थी। सुप्रीम कोर्ट में रोजाना रामजन्मभूमि-बाबरी मस्जिद विवाद पर सुनवाई हो रही है। मामले की सुनवाई के दौरान मुस्लिम पक्ष ने कहा है अयोध्या भूमि विवाद का निपटारा कानून के हिसाब से हो, न कि स्कंद पुराण और वेद के जरिए। अयोध्या में लोगों की आस्था हो सकती है, लेकिन इसे सबूत नहीं माना जा सकता। मुस्लिम पक्षकार के वकील राजीव धवन ने कहा कि स्वयंभू का मतलब भगवान का प्रकट होना होता है।



- अयोध्या भूमि विवाद का निपटारा कानून के हिसाब से हो, न कि स्कंद पुराण और वेद के जरिए

इसको किसी खास जगह से नहीं जोड़ा जा सकता है। हम स्वयंभू और परिक्रमा के दस्तावेजों पर भरोसा नहीं कर सकते हैं।

## फिर भरी मिग की उड़ान...



### वायुसेना प्रमुख ने अभिनंदन के साथ मिग-21 में उड़ान भरी

**पठानकोट।** वायुसेना प्रमुख (एयर चीफ मार्शल) बी. एस. धनोआ ने फरवरी में भारत-पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान वीरता का प्रतीक बने विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान के साथ सोमवार को मिग-21 लड़ाकू विमान उड़ाया। पठानकोट वायुसेना ठिकाने से भरी गई उड़ान करीब आधे घंटे की रही। अभिनंदन 27 फरवरी को भारत-पाकिस्तान के बीच हवा में हुए संघर्ष के दौरान मिग-21 बाइसन से निकलते वक्त जख्मी हो गए थे। इसके करीब छह माह बाद उन्होंने करीब 30 मिनट तक दोबारा विमान उड़ाया।

## आईएनएक्स मीडिया मामला

# एक दिन और रहेंगे सीबीआई की हिरासत में चिदंबरम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आईएनएक्स मीडिया केस में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम को राऊज ऐवेन्यू कोर्ट से एक बार फिर झटका लगा है। सीबीआई ने कोर्ट से एक दिन ही हिरासत बढ़ाने की मांग की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया। ऐसे में उन्हें एक दिन और सीबीआई की कस्टडी में रहना होगा। कोर्ट चिदंबरम की अंतरिम जमानत की याचिका पर आज सुनवाई करेगी। इससे पहले, शीर्ष अदालत ने कहा कि चिदंबरम के वकील कपिल सिब्बल से कहा कि उन्हें जमानत के लिए निचली अदालत का रुख करना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि उन्हें तिहाड़ जेल में नहीं भेजा जाएगा।



### एयरसेल-मैक्सिस मामले में गुरुवार को आएगा आदेश

दिल्ली की एक अदालत ने एयरसेल-मैक्सिस मामलों में पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम और उनके पुत्र कार्ति की अग्रिम जमानत याचिकाओं पर अपना आदेश पांच सितम्बर तक सुरक्षित रख लिया। विशेष न्यायाधीश ओ पी सैनी ने जांच एजेंसियों केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) तथा प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और चिदंबरम तथा कार्ति की दलीलों को सुनने के बाद मामले को आदेशों के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

## सीबीडीटी का नया नियम

# आधार से रिटर्न फाइल करने वाले को पैन देगा विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आयकर विभाग आधार नंबर का उपयोग कर रिटर्न दाखिल करने वाले करदाताओं को स्वतः स्थायी खाता संख्या (पैन) जारी कर देगा। यह दोनों डेटाबेस को जोड़ने की नई व्यवस्था का हिस्सा है। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) की अधिसूचना के अनुसार यदि कोई व्यक्ति आधार का उपयोग कर रिटर्न दाखिल करता है। उसके पास पैन संख्या नहीं है तो यह मान लिया जाएगा कि उसने पैन जारी करने के लिए आवेदन कर दिया है। इसके बाद उसे कोई और दस्तावेज दाखिल करने की जरूरत नहीं होगी। यह नियम एक सितंबर से प्रभावी हो गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि कर विभाग पैन संख्या आवंटित करने के लिए 'आधार' से व्यक्ति की अन्य जनांकिक जानकारी जुटा लेगा। सीबीडीटी, आयकर विभाग के लिए नीति निर्धारण करने वाला शीर्ष निकाय है।



- यह दोनों डेटाबेस को जोड़ने की नई व्यवस्था का हिस्सा

## कोर्ट ने पार्किंग को गंभीर समस्याओं में से एक बताया



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पार्किंग को सर्वाधिक गंभीर समस्याओं में से एक बताया और दिल्ली सरकार को यह सुनिश्चित करने को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में किसी भी प्रकार के निर्माण को मंजूरी देने के पहले अगले 25 सालों की पार्किंग जरूरतों का ठीक प्रकार से आकलन किया जाए। शीर्ष अदालत ने सभी नगर निकायों-नई दिल्ली नगरपालिका परिषद, उत्तरी दिल्ली नगर निगम, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम, पूर्वी दिल्ली नगर निगम और दिल्ली छावनी बोर्ड को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि रिहायशी इलाकों में फुटपाथों से अतिक्रमण हटाया जाए और पैदलयात्री ही इसका इस्तेमाल करें। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि दिल्ली मेंटिनेंस एंड मैनेजमेंट ऑफ पार्किंग प्लेस नियम, 2019 के मसौदा नियमों को जल्द से जल्द अधिसूचित किया जाए, 30 सितंबर के बाद नहीं। न्यायालय ने कहा कि यह सुनिश्चित करना सभी का कर्तव्य होगा कि नियम अक्षरशः लागू हों। न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा और न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि फुटपाथों पर अतिक्रमण करने वाले लोगों को अतिक्रमण हटाने के लिए 15 दिन का नोटिस जारी किया जाए और अगर वे अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो इन्हें नगर निगम अधिकारियों अथवा संबंधित अधिकारियों द्वारा हटाया जाए।

## मंत्रालय ने काम किया शुरू, शीशे से कवर किया जाएगा स्टॉल

# मोदी की चाय की दुकान बनेगी पर्यटन केंद्र

**अहमदाबाद।** पीएम मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद से उनके जीवन संघर्षों को लेकर कई कहानियां सामने आई हैं। इन्हीं कहानियों में से एक है उनके बचपन में चाय बेचने की कहानी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने बचपन के दिनों में अपने गृह नगर वडनगर में रेलवे स्टेशन पर चाय बेचा करते थे। खुद पीएम कई बार इस बात का जिक्र कर चुके हैं। बताया जा रहा है कि अब उस चाय दुकान को टूरिस्ट स्पॉट बनाया जाएगा। केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृत मंत्री प्रह्लाद पटेल ने इसके मूल स्वरूप को बनाए रखने के लिए दुकान को शीशे से कवर करने के निर्देश दिए हैं।



### चुनाव में चाय की दुकान बनी थी बड़ा मुद्दा

आपको याद होगा कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर ने 2014 लोकसभा चुनाव के दौरान नरेंद्र मोदी के चाय बेचने वाली बात पर चुटकी ली थी। उन्होंने कहा था कि मोदी 21 वीं सदी में कभी देश के प्रधानमंत्री नहीं बन सकेंगे और अगर वे चाहें तो एआईसीसी अधिवेशन में चाय बेच सकते हैं। इसे भाजपा और मोदी ने बड़ा मुद्दा बना दिया था। भाजपा ने इसके बाद चाय पर चर्चा अभियान भी शुरू कर दिया था।

### टीन में लग रहा है जंग

पर्यटन मंत्री पटेल ने चाय की दुकान का मुआयना किया। टीन की इस दुकान के नीचे के हिस्से में जंग लग गया है। इसे बचाने के लिए पटेल ने अधिकारियों से दुकान को शीशे से ढंकने को कहा है। उन्होंने यह निर्देश भी दिया है कि इस दुकान का मौजूदा स्वरूप बरक़रार रखा जाए। पटेल ने वडनगर के अन्य ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थानों का भी दौरा किया. यहां 2700 साल पुरानी धरोहरों को सहेज कर रखा गया है।

### वडनगर को दुनिया के नक्शे में लाया जाएगा

गुजरात के मेहसाणा जिले में स्थित मोदी के जन्मस्थान वडनगर को दुनिया के नक्शे पर लाने की व्यापक परियोजना के तहत चाय की इस दुकान को पर्यटन केंद्र में तब्दील करने की योजना है।2014 के लोकसभा चुनावों से पहले पीएम मोदी रैलियों में अपने बचपन के दिनों में वडनगर रेलवे स्टेशन पर अपने पिता के साथ चाय बेचने का जिक्र किया था। बता दें कि इस दुकान को पर्यटन केंद्र बनाने का फैसला 2017 में ही ले लिया गया था। वडनगर रेलवे स्टेशन के एक प्लैटफॉर्म पर चाय की यह दुकान है।

## सरेंडर के लिए 15 दिन का समय

# मोहम्मद शमी के खिलाफ जारी हुआ गिरफ्तारी वारंट

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के खिलाफ सोमवार को गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया। दरअसल, शमी के खिलाफ घरेलू हिंसा का मामला दर्ज है। बता दें कि 2018 में मोहम्मद शमी पर उनकी पत्नी हसीन जहां ने मारपीट, रेप, हत्या की कोशिश और घरेलू हिंसा जैसे कई गंभीर आरोप लगाए थे। हसीन जहां ने शमी के खिलाफ केस भी दर्ज करवाया हुआ है। शमी के तलाक का केस कोर्ट में चल रहा है। शमी के खिलाफ कोलकाता कोर्ट में केस चल रहा है। कोर्ट ने शमी को 15 दिन के अंदर सरेंडर करने को कहा है।



### चार्जशीट देखने से पहले शमी पर कोई कार्रवाई नहीं: बीसीसीआई

भारतीय तेज गेंदबाज शमी को सरेंडर करने और जमानत के लिए अप्लाइ करने के लिए 15 दिनों का समय दिया गया है। हालांकि बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि जब तक वह चार्जशीट नहीं देखते तब तक शमी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## धूम-धाम से शुरू हुआ गणेशोत्सव

# जगह-जगह सजे पंडाल, घरों में विराजमान हुए गजानन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में सोमवार को शिव गौरी पुत्र सब देवों में प्रथम पूजनीय गणपति महाराज को लोगों ने धूमधाम व डोल नगाड़ों के साथ अपने-अपने घरों व पंडालों में विराजमान किया। इसके साथ ही 2 से 12 सितंबर तक चलने वाले गणेशोत्सव पर्व की शुरूआत हो गई। छोटे बड़े पंडालों, मंदिरों व घरों में लोगों ने विधिवत तरीके से पूजा अर्जना आदि के साथ अपने अराध्य देव गणपति को विराजमान किया। श्रद्धालुओं ने प्रथम दिन गणेश चतुर्थी पर व्रत आदि रखकर पूजा अर्चना की। लोगों ने गणपति बप्पा मोरया के उद्घोष किया। प्रसिद्ध मंदिरों में शामिल मां कालकाजी शक्ति पीठ, झंडेवालान मंदिर, उषा माता मंदिर, गौरी शंकर मंदिर नई दिल्ली, प्रीतमपुरा, शाहदरा ग्राउंड, पंजाबी बाग, द्वारका सहित कई अन्य जगहों पर लगे बड़े-बड़े पंडालों में दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। शाम के समय यहां भजन कीर्तन गाने वाली मंडलियों ने जमकर गणेश स्तूति की। समस्त चूडीवालान मोहल्ला समिति के तत्वाधान में बडी धर्मशाला चूडीवालान में नवम गणपति महोत्सव धूमधाम से प्रारंभ हुआ। सर्व प्रथम गणपति महाराज की मूर्ति की नगर परिक्रमा हुई। इस बारे में समिति के धीनेंद्र शर्मा, अनिल गुप्ता (मामा), सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि आगामी 10 दिनों तक सायं 7 बजे से विभिन्न पार्श्व गायक गायिकाओं के माध्यम से गणपति बाबा का गुणगान किया जाएगा। प्रसिद्ध झंडेवालान माता मंदिर के मीडिया प्रभारी नंद किशोर सेठी ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस बार भी प्राचीन ऐतिहासिक झंडेवाला देवी मंदिर में गणेश उत्सव 2 सितम्बर-6 सितम्बर तक मनाया जाएगा। सोमवार को बड़ी धूमधाम से गणपति जी की प्रतिमा विधिवत स्थापित की गई। जिसके बाद गणपति जी की मंगल आरती के साथ इस उत्सव का शुभारंभ हुआ। प्रतिदिन 4 आरती होंगी, सुबह 6 बजे मंगल आरती, दूसरी 9.30 बजे श्रृंगार आरती , तीसरी सांय 8.30 बजे संध्या आरती और चौथी आरती रात्रि 10 बजे जिसे शयन आरती कही जाती है वह होगी। प्रतिदिन अलग-अलग कीर्तन मंडलियों द्वारा मंदिर के सत्संग भवन में गणपति जी की आराधना की जायेगी। उन्होंने बताया कि 6 सितम्बर को प्रातः 9.30 बजे की आरती के बाद गणपति जी मूर्ति विसर्जन के लिए ले जाया जायेगा।



■ 2 से 12 सितंबर तक चलेगा गणेशोत्सव



### 250 वर्ष पुराना मंदिर

श्री राधेश्याम मंदिर, छीपीवाड़ा धर्मपुरा में श्री गणेशोत्सव की बड़ी ही धूमधाम से शुरूआत हुई। यहां लगभग 250 वर्ष पुराना भगवान श्रीगणेश जी का प्राचीन मंदिर है। महंत पं भवानी शंकर गौतम ने बताया कि यहां की मान्यता है, कि इस मंदिर में जो भी श्रद्धालु मात्र दो लडडू और दूर्वा लेकर गणेश चतुर्थी के दिन गणपति बाबा को आर्पित करता है, उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है। इस मंदिर को सिद्धपीठ मंदिर कहा जाता है। मंदिर में 108 किलो मोदक का भोग लगाया गया और प्रसाद वितरण किया गया।

### दिल्ली में पांच फुट से ऊंची प्रतिमाओं के विसर्जन की इजाजत के लिए निर्देश में संशोधन

नई दिल्ली। दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) ने त्योहारों के दौरान शहर में निर्धारित कृत्रिम तालाबों में पांच फुट से ऊंची प्रतिमाओं के विसर्जन की इजाजत देने के लिए अपने निर्देशों में संशोधन किया है। समिति ने जुलाई में एक आदेश जारी कर प्रतिमाओं की अधिकतम ऊंचाई पांच फुट तय की थी। यमुना में प्रदूषण के जोखिम को कम करने के लिए इसने पूजा आयोजकों को दिल्ली के 11 राजस्व जिलों में 129 स्थानों पर बनाये गए कृत्रिम तालाबों में प्रतिमाओं को विसर्जित करने को कहा था। डीपीसीसी ने कहा कि पूजा समितियों की इस दलील पर विचार करते हुए कि भारी भीड़ के दौरान मां दुर्गा की प्रतिमाओं की पांच फुट की ऊंचाई श्रद्धालुओं द्वारा उनके दर्शन को सीमित कर देंगी, समिति ने विसर्जन के लिए प्रतिमाओं की ऊंचाई बढ़ाने की सिफारिश की है। समिति ने कहा कि इसके साथ ही पूजा समितियों को सभी संबद्ध प्रदूषण नियमों का सख्ती से पालन करना होगा।

## अलग-अलग जगहों से 10 बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

द्वारका, साउथ-ईस्ट और साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट पुलिस ने तीन गैंग के 10 बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें हरियाणा का मोर गैंग भी शामिल है। एसटीएफ ने इसके सरगना समेत चार बदमाश पकड़े गये हैं। इनके नाम जगदीप मोर उर्फ मोनी, राहुल उर्फ राजन, मंजीत उर्फ रॉकी और रविंद्र उर्फ जोगिंद्र है। पुलिस को इस गैंग की कार जैकिंग और शूटआउट केस में तलाश थी। बदमाशों के पास से लूटी गई फार्चूनर व चोरी की होंडा सिटी कार भी बरामद हुई है। इसके अलावा चार पिस्टल, 16 कारतूस व एक मैगजीन भी जब्त की गई है। पुलिस ने इन्हें मां आनंदमयी मार्ग, कालकाजी इलाके से दबोचा। इस गिरोह का सरगना जगदीप मोर हरियाणा की तरफ से हॉकी का नेशनल लेवल प्लेयर रह चुका है। 2013 में जूनियर इंडिया हॉकी टीम में भी उसका सलेक्शन हुआ था। कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी से इसने बी.पी. एड भी किया है। लेकिन भाई प्रदीप की 2015 में हत्या के बाद उसने अपराध की राह चुन ली थी। गांव के ही दूसरे ग्रुप ने प्रदीप की हत्या की थी।

### लूट की योजना बनाते दो गिरफ्तार

द्वारका पुलिस ने भी दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनमें एक बिंदापुर थाने का बीसी भी शामिल है। वह 10 मामलों में शामिल रहा है। गिरफ्तार बदमाशों के नाम राज कुमार उर्फ राजू और शिव कुमार उर्फ मोटा चोर हैं। दोनों से दो कट्टे भी बरामद हुये हैं। पुलिस ने इन्हें उस समय दबोचा जब दोनों हथियार के साथ लूट की योजना को अंजाम तक पहुंचाने के लिये निकले थे। राजू 14 और शिव 10 केस में शामिल रहा है। स्पेशल स्टाफ ने इन्हें मटियाला-द्वारका रोड से गिरफ्तार किया।



### साउथ-वेस्ट पुलिस के हत्थे चढ़े चार बदमाश

साउथ-वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की वसंत कुंज साउथ पुलिस ने भी लूटपाट के इरादे से बाहर निकले चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एक पिस्टल, एक कट्टा, एक चाकू और चार कारतूस बरामद हुये हैं। आरोपियों के नाम लतीफ उर्फ लक्की, अजय राठी, सुमित और साहिल बताये गये हैं। 31 अगस्त की शाम महिपालपुर इलाके के रेडिशन ब्लू होटल के पास से पिकेट चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान मुखबिर से एसआई सुभाष चंद को सूचना मिली कि रंगपुरी राउंड के पास चार बदमाश हथियार के साथ किसी वारदात की फिराक में है। इसके बाद इंस्पेक्टर संजीव कुमार की टीम ने ट्रैप लगाकर बदमाशों को दबोच लिया।

## खबर संक्षेप

### विदेशी करेंसी के साथ चाइनीज अरेस्ट

**नई दिल्ली।** सीआईएसएफ ने आईजीआई एयरपोर्ट पर एक चाइनीज नागरिक को 19,900 यूएस डॉलर के साथ पकड़ा है। 14 लाख से ज्यादा की विदेशी करेंसी के संबंध में फंग गुआंग नामक शख्स कोई कागजात भी प्रस्तुत नहीं कर पाया। इसके बाद उसे कस्टम अधिकारियों के हवाले कर दिया गया। सीआईएसएफ पीआरओ हेमेंद्र सिंह के अनुसार रविवार शाम करीब सवा पांच बजे टर्मिनल-3 पर सिक्युरिटी चैक एक्सरे मशीन पर सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार की ड्यूटी थी। इसी दौरान उन्होंने मशीन पर एक यात्री के बैग में करेंसी नुमा चीज देखकर जांच करवाई। बड़ी मात्रा में विदेशी करेंसी के संबंध में यात्री संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। फंग गुआंग नामक यात्री होंगकोंग से एयर इंडिया की फ्लाईट से दिल्ली पहुंचा था।

### मेट्रो के सामने कूदकर महिला ने दी जान

**नई दिल्ली।** झंडेवालान मेट्रो स्टेशन पर सोमवार को मेट्रो के सामने कूदकर एक महिला ने आत्महत्या कर ली। मृतक महिला का नाम मीरा देवी (45) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामला दर्ज कर महिला के परिजनों से पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि, सोमवार सुबह करीब 8:50 बजे राजा गार्डन मेट्रो पुलिस को सूचना मिली कि झंडेवालान मेट्रो स्टेशन पर एक महिला चलती ट्रेन के आगे कूद गई है। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस महिला को लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। महिला के दांए हाथ पर रामनरेश पति लिखा था। महिला की तस्वीर और हाथ में बने टैटू की मदद से उसकी शिनाख्त हुई। आगे की जांच में पुलिस को पता चला कि महिला रघुबीर नगर इलाके में अपने पति व चार बच्चों के साथ रहती थी। उसके पति का पुराने कपड़े का काम है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

### विजय चौक पर आत्मदाह की कोशिश

**नई दिल्ली।** विजय चौक पर एक शख्स द्वारा सोमवार दोपहर खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह की कोशिश की गई। लेकिन समय रहते आसपास मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने उसे पकड़ लिया। यह घटना दोपहर करीब दो बजे की है। मामले की जांच में यह बात सामने आई 50 साल का रमेश प्रॉपर्टी विवाद को लेकर परेशान था। वह मूलरुप से रोहतक हरियाणा का रहने वाला है। पुलिस के अनुसार शख्स वीवीआईपी इलाके में आत्मदाह का प्रयास करने पर सरकार और प्रशासन का ध्यान अपनी तरफ केंद्रित करना चाहता था। ताकि उसकी समस्या का कोई समाधान निकल सके। मौके पर पहुंच जब उसने खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालना शुरू किया, तभी उसे देख पुलिसकर्मियों ने पकड़ लिया। इसके बाद उसे मेडिकल जांच के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा गया। पुलिस अब उसकी बातों को वैरिफाई कर रही है। पता लगा रही है कि उसका प्रॉपर्टी को लेकर किससे विवाद चल रहा है।

### गोमती एक्सप्रेस के सामने कूदकर महिला ने दी जान

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सोमवार को एक महिला ने गोमती एक्सप्रेस के सामने कूदकर जान दे दी। पुलिस को महिला के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिले है, जिससे उसकी शिनाख्त हो सके। पुलिस महिला की शिनाख्त करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार दोपहर दो बजे करीब पुलिस को सूचना मिली कि प्लेटफॉर्म नंबर- 12 से गोमती एक्सप्रेस ट्रेन के सामने एक महिला ने कूद कर आत्महत्या कर ली है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

## बच्चे को अगवा कर मां से करना चाहता था शादी, चढ़ा हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रेलवे पुलिस ने दो वर्षीय बच्चा चोरी के आरोप में शलेंद्र कोली (30) को गिरफ्तार किया है। आरोपी बदांयू, उत्तर-प्रदेश का रहने वाला है। पुलिस ने आरोपी के पास से बच्चे को सकुशल बरामद कर उसके परिजनों को सकुशल सौंप दिया है। डीसीपी (रेलवे) दिनेश कुमार ने बताया कि गत 29 अगस्त को एक महिला ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर शिकायत दी थी कि वह अपनी बहन से मिलने अपने दो वर्षीय बेटे के साथ बस्ती रेलवे स्टेशन से अंबाला जा रही थी। इसी बीच उन्हें रेलवे स्टेशन पर एक शख्स मिला। उसने उन्हें बताया कि वह अंबला जा रहा है। वह उन्हें आंनद विहार रेलवे स्टेशन पर उतार देगा। वह आनंद विहार बस से गए और आनंद विहार से वह मेट्रो से रेवले स्टेशन गए। देर शाम करीब सात बजे वह प्लेटफार्म नंबर- 8/9 पर बैठे थे। इसी दौरान शख्स ने अपना नाम विजय बताया। इसी बीच विजय ने बातचीत के दौरान महिला का नंबर ले लिया। इसी बीच उनके फोन पर एक फोन आया। कॉलर ने उन्हें बताया कि रामपुर आकर अपने बच्चे को लेकर चले जाओ। टीम ने तुरंत नंबर की जांच की तो नंबर शलेंद्र के नाम पर रजिस्ट्रर मिला। टीम ने गुप्त सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर बच्चे को बरामद कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी उसे कई वर्ष पूर्व छोड़कर जा चुकी है। वह बच्चे को अगवा कर महिला से शादी करना चाहता था।



### चंद घंटों में लापता बच्ची को परिजनों से मिलाया

नई दिल्ली। बवाना थाना इलाके में ढ़ाई वर्षीय एक बच्ची लापता हो गई। परिजनों ने उसे बहुत तलाशा मगर उसका कुछ पता नहीं चला। परिजनों ने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्ची को तलाशना शुरू कर दिया। डीसीपी (आउटर नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि लाल फ्लैट, सेक्टर-दो, डीएसआईआईडीसी इलाके से ढ़ाई वर्षीय एक बच्ची लातपा हो गई है। सूचना मिलते ही एएसआइ गोतम सोनी और कांस्टेबल देशपाल मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने तुरंत बच्ची की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने रेलवे स्टेशन, बस अड्डा, मेट्रो स्टेशन के अलावा इलाके में अलग-अलग जगहों पर उसे तलाशा मगर उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिसकर्मियों ने बच्ची की फोटो को व्हाट्सएप ग्रुप में शेयर करने के अलावा ईआरवी (इमरजेंसी रेस्क्यू वीकल) को भी भेजी।



दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने पोषण रैली का आयोजन किया। इस दौरान आंगनवाड़ी कर्मी किंग्जवे कैंप, तिमारपुर में जागरुकता रैली निकालते हुए।

## तेजाब की अवैध बिक्री की जांच के लिए विशेष अभियान जारी

■ सात लाख रुपयों के काटे गए चालान, तेजाब जब्त

**नई दिल्ली** । दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्षा स्वाति मालीवाल ने सोमवार को बताया कि गत दिनों राजधानी दिल्ली में हुए एसिड हमलों के बारे में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए मुख्य सचिव विजय देव की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में कई विभागों के सचिव, दिल्ली पुलिस और डीएसएलएसए के प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में मुख्य सचिव ने एसिड हमलों की घटनाओं पर चिंता व्यक्त की और सभी विभागों को एसिड की बिक्री की जांच करने और एसिड हमले के पीड़ितों के पुनर्वास की दिशा में काम करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव देव ने डिवीजनल कमिश्नर-सह-सचिव (राजस्व) को क्षेत्र के एसडीएम, दिल्ली महिला आयोग के प्रतिनिधि और दिल्ली पुलिस कर्मियों की एक संयुक्त टीम का गठन करने का निर्देश दिया। मुख्य सचिव देव ने सख्त निर्देश दिए कि ये संयुक्त टीमें रोजाना छापेमारी करेंगी और जहां भी अवैध तेजाब की बिक्री होती पायी जाएगी, या जिसके पास भी तेजाब का उचित रिकॉर्ड नहीं पाया जायेगा, उनके ऊपर एसडीएम और दिल्ली पुलिस दोनों मौके पर ही कार्रवाई करेंगे।

## सीलमपुर में चाइनीज मांझे से पतंग उड़ा रहा युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** चाइनीज मांझे को लेकर दिल्ली पुलिस ने अपना सख्त रवैया दिखाना शुरू कर दिया है। सीमलमपुर थाना पुलिस ने रविवार शाम को चाइनीज मांझे से पतंग उड़ा रहे एक युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपी का नाम मोहम्मद आसिफ (19) है। आरोपी सीलमपुर का रहने वाला है। पुलिस ने इसके पास से चाइनीज मांझा और पतंग बरामद की है। पुलिस ने आसिफी के खिलाफ सरकार आदेश का उल्लंघन (आईपीसी-177) का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस उससे पूछताछ कर मामले की जांच कर रही है। पुलिस के मुताबिक, एएसआइ दतराम सीलमपुर थाने में तैनात है। रविवार शाम को वह कांस्टेबल संदीप के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। गश्त करते हुए जैसे वह ब्रह्मपुरी इलाके में पहुंचे। वहां दतराम ने देखा कि एक युवक चाइनीज मांझे से पतंग उड़ा रहा था। उन्होंने उस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए आसिफ को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मौके से उसके पास से एक चर्खी में लिपटा हुआ चाइनीज मांझा व पतंगे बरामद की। पुलिस पकड़े गए आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि आरोपी चाइनीज मांझा कहां से लेकर आया था, ताकि पुलिस आरोपी दुकानदार के खिलाफ भी कार्रवाई कर सके।

### 600 से अधिक कैमरों से वाहन चालक व पुलिसकर्मियों पर रखी जाएगी नजर

## खतरनाक ड्राइविंग के कटे सबसे ज्यादा चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

मोटर वाहन अधिनियम (संशोधन) बिल-2019 एक सितंबर यानि रविवार को लागू होने के बाद दिल्ली पुलिस ने एक दिन में तीन हजार 900 चालान काटे। जॉइंट सीपी (ट्रैफिक) नरेंद्र सिंह ने बताया कि सबसे ज्यादा चालान खतरनाक ड्राइविंग के काटे गए, जोकि 567 थे। इसके अलावा दो पहिया वाहनों पर ट्रिपल राइडिंग करने वाले 28 चालकों के चालान किये गए। वहीं, शराब पीकर वाहन चलाने वाले 45 चालकों के चालान काटे गए। फिलहाल ऑन स्पोट चालान की राशि लेने की सुविधा नहीं है। इस कारण सभी को अदालत का चालान किया गया है। जॉइंट सीपी (ट्रैफिक) ने बताया कि रेड लाइड पार करने वाले के 207 और तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले 42 चालकों के चालान काटे गए। साथ ही सीट बैल्ट नहीं पर 195 चालकों के चालान किये गए। बिना हेल्मेट के 336 चालान काटे गए। आगे उन्होंने बताया कि यातायात पुलिसकर्मियों के पास 626 खास तरह के कैमरे हैं, जिसे लगाकर वह चालान करते हैं। इन कैमरों में वाहन चालक की गतिविधियों के अलावा ट्रैफिक पुलिसकर्मियों की गतिविधियों पर नजर रखी जाएगी।



**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
CIN : L74210DL1987PLC029979
पंजी. कार्यालय : 1400, हेमकुंट टावर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
E-mail ID : sbecsystems@rediffmail.com, www.sbecsystems.com

**30वीं वार्षिक सामान्य बैठक, ई-वोटिंग सूचना और बुक क्लोजर की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के शेयर होल्डर की 30वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बृहस्पतिवार, 26 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 11.30 बजे एग्जीक्यूटिव क्लब, 439 गांव शहूरपुर पीओ - फतेहपुर बेरी, नई दिल्ली-110073 में आयोजित की जाएगी।

एजीएम की सूचना सहित 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु बैठक की सूचना सभी सदस्यों को जिनके ई-मेल आईडी आरटीए और डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स को इलैक्ट्रोनिक मोड में और इसकी भौतिक प्रतियां अन्य सभी सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत्य मोड के माध्यम से 31 अगस्त 2019 को भेज दिये गये हैं।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन नियमों, 2014) के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 के तहत और सेबी (एलओडीआर) नियमन 2015 के नियमन 42 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 के अनुसरण में यह भी सूचित किया जाता है कि कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स 20 सितम्बर 2019 से 26 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) एजीएम के उद्देश्य हेतु बंद रहेंगे।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108, कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन नियमों, 2015) के नियम 20 और सेबी (एलओडीआर) नियमन 2015 के नियमन 44 के अनुपालन में सदस्यों को एजीएम सूचना में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से एजीएम स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से (दूरस्थ ई-वोटिंग) के माध्यम से अपना वोट देने के लिये सेंट्रल डिपॉजिटरीज सिक्योरिटीज लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा सुविधा प्रदान की गई है तथा इस वोटिंग प्रणाली के माध्यम से बिजनेस सम्पादित किया जाएगा। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

- एजीएम सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेस दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से सम्पादित किया जाएगा।
- दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा सोमवार, 23 सितम्बर 2019 को (पूर्वा. 9.00 बजे आईएसटी) प्रारम्भ होगी और बुधवार, 25 सितम्बर 2019 को (अप. 5.00 बजे आईएसटी) समाप्त होगी। दूरस्थ ई-वोटिंग की अनुमति उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात नहीं दी जायेगी।
- इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा मत देने के लिए पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कट ऑफ तिथि 19 सितम्बर 2019 है।
- कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है और कटऑफ तिथि अर्थात् 19 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारण करता है तो वह कम्पनी आरटीए (बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्रा. लि.) **beetalrta@gmail.com** अथवा सीडीएसएल के हैल्प डेस्क **helpdesk.evoting@cdslindia.com** से ई-वोटिंग हेतु आग्रह भेजकर अपना यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यदपि यदि कोई व्यक्ति ई-वोटिंग हेतु सीडीएसएल के पास पहले ही पंजीकृत है तो मत देने के लिए मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग किया जा सकता है।
- सदस्य ध्यान दें कि (ए) मत प्रपत्र के माध्यम से वोटिंग हेतु सुविधा एजीएम में उपलब्ध करवाई जायेगी। (बी) जो सदस्य एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजीएम में भी उपस्थित रह सकते हैं परन्तु उन्हें दोबारा मत देने का अधिकार नहीं होगा। (सी) यदि कोई व्यक्ति जिसका नाम कटऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपोजिटरी द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिक के रजिस्टर में दर्ज है, को ही केवल दूरस्थ ई-वोटिंग के साथ-साथ मतपत्र के माध्यम से एजीएम में मत देने की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का अधिकार होगा।
- 30वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.sbecsystems.com पर डाऊनलोड हेतु उपलब्ध है।
- निदेशक मंडल ने सुश्री नुपुर गुप्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट इन प्रैक्टिस को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से ई-वोटिंग प्रक्रिया हेतु संवीक्षाकर्ता के रूप में कार्य करने के लिये नियुक्त किया है।
- इलैक्ट्रिक साधनों द्वारा मतदान के सम्बन्ध में किसी पूछताछ के मामले में सदस्यों हेतु बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यूज) तथा शेयरहोल्डरों के लिये www.evotingindia.co.in पर उपलब्ध ई-वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा **helpdesk.evoting@cdslindia.com** अथवा **beetalrta@gmail.com** को मेल लिख सकते हैं अथवा सुश्री प्रियंका नेगी, कम्पनी सचिव एवं अनुपालन अधिकार, ई-मेल आईडी : **sbecsystems@rediffmail.com**, को 011-42504954 पर सम्पर्क कर सकते हैं जो इलैक्ट्रिक साधनों द्वारा वोटिंग से सम्बन्धित शिकायतों का निराकरण भी करेंगी।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./-
प्रियंका नेगी
(कम्पनी सचिव)

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 31.08.2019

## खबर संक्षेप

### मोटर व्हीकल एक्ट 2019 के विरोध में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा लागू नए मोटर व्हीकल एक्ट 2019 व वाहनों से निगम द्वारा टोलटैक्स वसूलने के खिलाफ दिल्ली के ट्रांसपोर्टरों ने सोमवार को रिंग रोड नारोजी नगर फ्लाईओवर पर विरोध प्रदर्शन करते हुए लंबा जाम लगा दिया। व्यस्त रोड होने के चलते यहां कुछ ही देर में वाहनों की लंबी लंबी कतारें लग गई। जिससे हजारों वाहनों व लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार व नगर निगम के विरोध में जमकर नारेबाजी की और नए व्हीकल एक्ट तथा निगम द्वारा टोल वसूलने का पुरजोर विरोध किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाए की नए कानून के बाद पुलिस व प्रशासन जमकर टांसपेर्टरों से अवैध उगाही करेगा। इस कानून से भ्रष्टाचार कई गुणा बढ़ जाएगा। इस बारे में दिल्ली टैक्सी टूरिस्ट ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय सम्राट ने बताया कि नये मोटर व्हीकल एक्ट में एक दम 900 प्रतिशत तक जुर्माना राशि बढ़ा दी गई है।

### उत्तरी निगम में फलफूल रहे भ्रष्ट अधिकारीः पवार

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम में नेता विपक्ष सुरजीत सिंह पवार ने सोमवार को वर्ष 2016-17 की ऑडिट रिपोर्ट में उत्तरी निगम की पोल खोली है। नेता विपक्ष पवार ने कहा कि अनेकों गंभीर मामलों में जांच अधिकारी नियुक्त न किये जाने से भ्रष्ट अधिकारी फल फूल रहे हैं। जिसका खामियाजा इन दिनों जनता और निगम को भुगतना पड़ रहा है। उत्तरी निगम के मुख्य लेखा परीक्षक के माध्यम से वर्ष 2016-17 की रिपोर्ट का हवाला देते हुए नेता विपक्ष पवार ने कहा है कि रिपोर्ट में निगम के आंख, नाक और कान समझे जाने वाले तीन विभागों (लेखा विभाग, आंतरिक लेखा परीक्षण विभाग तथा सतर्कता विभाग) की पोल खोली गई है। उक्त विभागों ने निगम के लेखा विभाग से पास होने वाली आय और निगम को प्राप्त होने वाली वास्तविक आय की बैंक स्टेटमेंट का मिलान नहीं किया है।

### एलजी ने की रिवरफ्रंट योजना को लेकर बैठक

**नई दिल्ली।** दिल्ली में नदी से नाला बन चुकी यमुना नदी को साफ सुथरा करने की कई योजनाएं बन चुकी है, लेकिन हुआ कुछ नहीं है। अब इसी कड़ी में उपराज्यपाल अनिल बैजल ने दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को निर्देश दिए है कि यमुना किनारे 1476 हैक्टेयर रिवरफ्रंट के विकास ठोस योजना तैयार करे। सोमवार को राजनिवास में बुलाई यमुना फ्लडप्लेन्स की पुनर्स्थापन और पुनर्जीवन योजना की समीक्षा के दौरान उपराज्यपाल ने यह निर्देश दिए है। बैठक में उपराज्यापल के अलावा डीडीए उपाध्यक्ष तरुण कपूर, प्रधान आयुक्त, (हार्टिकल्चर), प्रोफेसर सीआरबाबू (डिग्रेडेड इकोस्टिम का पर्यावरण प्रबंधन केन्द्र), तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। उपराज्यपाल ने अधिकारियों को समय सीमा का कड़ाई से पालन करने और परियोजना को दो साल के भीतर पूरा करने के सख्त निर्देश दिए।

### राम रहीम के समर्थन में लगा रहा था नारे

# संसद भवन में चाकू के साथ घुसता युवक दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

संसद भवन में चाकू के साथ घुसने की कोशिश करता एक युवक सुरक्षाकर्मियों द्वारा दबोच लिया गया। सोमवार सुबह सामने आई इस घटना के बाद तुरंत ही स्थानीय पुलिस व अन्य सुरक्षा एजेंसियां मौके पर पहुंच गई। पुलिस का नाम सागर बताया गया है। उसने दुष्कर्म के आरोप में जेल में बंद डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम के समर्थन में नारे भी लगाए। युवक को हिरासत में लेकर विभिन्न एजेंसियां देर शाम तक पूछताछ करती रही। शुरुआती जांच और युवक से हुई घंटों की पूछताछ के बाद पुलिस का कहना है कि युवक



की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। वह कई बार अपने बयान भी बदल चुका है। डीसीपी ईश सिंघल के अनुसार युवक संसद भवन गेट नंबर एक के नजदीक तक बाइक से पहुंचा था। यह गेट वीआईपी एंट्री के लिए है। युवक बाइक को साइड में खड़ी कर अंदर घुसने की कोशिश करने लगा, उसने हाथ में चाकू भी ले रखा था। यह देखते ही सुरक्षा कर्मियों ने युवक को वहीं पर दबोच लिया। युवक ने मौके पर दुष्कर्म के आरोपी और जेल में बंद राम रहीम के समर्थन में नारे भी लगाए। यह पता चलते ही मौके पर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी पहुंच गए। संसद भवन में संदिग्ध युवक के घुसने के प्रयास से सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया। युवक को हिरासत में लेकर पुलिस संसद मार्ग थाने ले गई, जहां देर शाम तक उससे गहन पूछताछ चल रही थी। सागर नामक युवक लक्ष्मी नगर क्षेत्र का रहने वाला है। पुलिस ने उसकी बाइक और चाकू जब्त कर लिया है। पुलिस अधिकारी का कहना है इस युवक की मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं लग रही है। उसने खुद को राम रहीम का समर्थक बताया है। वह बार-बार अपने बयान भी बदल रहा है।

# संजय सिंह ने दिया विजय गोयल के आवास पर धरना

## ट्विटर के जरिये लगाए आरोप-प्रत्यारोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने बिजली सब्सिडी और मुफ्त पानी मुहैया कराने की दिल्ली सरकार की योजना पर भाजपा के वरिष्ठ नेता विजय गोयल से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग करते हुये सोमवार को उनके आवास के सामने धरना दिया। गोयल ने दिल्ली में मुफ्त पानी देने का दावा कर रही आप की केजरीवाल सरकार से जनता द्वारा किये गये पानी के बिल के भुगतान को वापस करने की मांग की थी। इस मामले में सिंह ने सस्ती बिजली और मुफ्त पानी देने की केजरीवाल सरकार की योजना के बारे में भाजपा के राज्यसभा सदस्य गोयल और भाजपा से अपनी राय स्पष्ट करने की मांग की थी। इस दौरान सिंह ने ट्विटर के माध्यम से गोयल से कहा कि भाई साहब, मैं तो अपनी चिट्ठी का जवाब मांगने आया हूं। आप लोगों की दोहरी राजनीति को उजागर करने आये हैं, आपके घर के बाहर बैठें हैं। आइये बिजली पानी माफी और सीएम के चेहरे (सीएम पद की दावेदारी के मामले) पर अपना जवाब दीजिये। इसके जवाब में गोयल ने भी ट्वीट कर कहा कि मैं भाजपा प्रदेश कार्यालय में बैठक में हूं। मेरे घर वाले बता रहें है कि केजरीवाल सरकार के संजय सिंह यहां नारेबाजी व प्रदर्शन कर रहे है। अरे, प्रदर्शन ही करना था तो बता देते, उसके लिए समय लेने का नाटक करने की क्या जरूरत थी। गोयल ने एक अन्य ट्वीट में कहा कि बहुत दुख हुआ ये देखकर कि जो संजय सिंह जी समय लेकर खुद मिलने की बात कर रहे थे वह दिल्ली में उनकी सरकार होने के बावजूद धोखे से सैंकड़ों लोग लेकर मेरे घर आ गये। क्या वह झगड़ा करने के लिए आये हैं? केजरीवाल खुद क्यों नहीं आते? कभी दलीप पांडेय और कभी संजय सिंह को भेज रहे हैं। सिंह ने जवाबी ट्वीट में कहा कि भाई विजय गोयल जी, 30 अगस्त को आपको पत्र लिखा, जवाब नहीं, फोन किया जवाब नहीं, मैसेज किया, जवाब नहीं। आज 11 बजे मिलने की सूचना दी, दो घंटे इंतजार कराकर भी आप मिले नहीं और घूम घूम कर बिजली पानी बिल माफी का विरोध कर रहे हैं। इसलिये नौटंकी कौन कर रहा है सब देख रहे हैं? उन्होंने कहा कि अब तो पूरी तरह साफ हो गया की आप लोग (भाजपा) बिजली, पानी का बिल माफ करने के खिलाफ हैं और आपके पास अरविंद केजरीवाल जी को टक्कर देने के लिये कोई चेहरा नहीं है।

### फीस बढ़ोतरी का विरोध

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के नेतृत्व में सोमवार को हौज खास स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ होम इकोनॉमिक्स की छात्राओं ने फीस बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन किया। एबीवीपी ने फीस बढ़ोतरी को वापस लेने, कॉलेज कैंटीन की फूड क्वालिटी सुधारने, वॉशरूम का पुनर्निर्माण करने, कॉलेज में बंद हुई बुक शॉप को पुनः खोलने आदि मांगें कॉलेज प्रशासन के समक्ष रखीं हैं। एबीवीपी की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या तथा डूसू की पूर्व सह सचिव ज्योति चौधरी ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के कई कॉलेजों में लगातार बेतहाशा फीस वृद्धि हो रही है, इससे आम छात्र-छात्राओं के को बड़ी परेशानी होती है। पूर्व में भी एबीवीपी तथा डूसू ने कॉलेजों तथा हॉस्टलों में फीस वृद्धि के खिलाफ प्रदर्शन किया था, उस समय डीयू प्रशासन ने हमें आश्वासन दिया था कि इस समस्या का समाधान करेंगे।

# येलो लाइन मेट्रो ने यात्रियों को रूलाया

## बंद किए गए मेट्रो के दरवाजे, हेल्पलाइन हो गई ठप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली मेट्रो रेल निगम के लाख दावों के बाद भी मेट्रो सेवा आए दिन यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। कभी भी कहीं भी मेट्रो के खराब होने का सिलसिला थमता नहीं दिख रहा। सोमवार को वर्किंग डे और शाम के व्यस्त समय करीब पांच बजे येलो लाइन समयपुर-हुड्डा सिटी सेंटर तक चलने वाली अहम सेवा में तकनीकी खराबी का ब्रेक लग गया। जिसके चलते शुरुआत में पूरे ट्रैक पर सेवाएं प्रभावित हुई जबकि बाद में कुतुबमीनार से हुड्डा सिटी सेंटर के बीच मेट्रो परिचालन बुरी तरह गड़बड़ा गया। भारी भीड़ के चलते स्थिति यहां तक पहुंच गई की हुड्डा सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के दरवाजे



तक बंद करने पड़ गए। मेट्रो यात्री व जनहित प्रयास समिति के महासचिव हितेश शर्मा ने बताया कि मेट्रो के खराब होने के बाद डीएमआरसी की तरफ से कोई उद्घोषणा नहीं की गई। इतना ही नहीं डीएमआरसी की हेल्पलाइन 155370 पर कॉल करने के बाद भी किसी ने इसे उठाया तक नहीं, जिससे यात्रियों को और ज्यादा परेशानी हुई। यात्रियों ने बताया कि शाम के समय हुड्डा सिटी सेंटर के पास आई तकनीकी खराबी के कारण करीब ढाई घंटे तक पूरे लाइन पर सेवा बाधित रही। हालत यह हुई कि सेवा प्रभावित होने के कुछ देर बाद उद्योग भवन स्टेशन सहित आसपास के स्टेशनों पर यात्रियों के प्रवेश को बंद करना पड़ा।

### डीएमआरसी की सफाई

इस बारे में डीएमआरसी की तरफ से सफाई देते हुए बताया कि शाम सवा पांच बजे के करीब सुल्तानपुर से हुड्डा सिटी सेंटर के बीच अचानक सिग्नल में आई खराबी की वजह से कुतुबमीनार से हुड्डा सिटी सेंटर तक सेवा प्रभावित हुई। जबकि समयपुर बादली से कुतुबमीनार तक मेट्रो को सामान्य गति से चलाया गया। इस समस्या को 6.50 तक दूर कर लिया गया और सेवाएं सामान्य रूप से फिर शुरू हुई।

### कैनबरा के सीएम दिल्ली के अपने समकक्ष केजरीवाल से मिले

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की राजधानी कैनबरा के मुख्यमंत्री एंड्र्यू बार ने सोमवार को दिल्ली के अपने समकक्ष अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य केंद्र प्रमुख थे। दोनों राष्ट्रीय राजधानियों में संभावित साझेदारी पर चर्चा के लिए कैनबरा का एक प्रतिनिधिमंडल दिल्ली के दौरे पर है। इसमें बार के साथ कैनबरा विश्वविद्यालय और न्यू साउथ वेल्स विश्वविद्यालय की कैनबरा इकाई के प्रतिनिधि शामिल हैं। यह बैठक दिल्ली सचिवालय में हुई। बैठक के बाद बार ने कहा कि दोनों शहर राजधानी हैं और इनमें कई समानताएं हैं।

### झूठे मैसेज को फॉरवर्ड करने से बचे : सीएम

दिल्ली में बच्चा चोरी की अफवाह पर रविवार को एक दिव्यांग महिला से मार पीटाई की घटना होने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि बच्चा चोरी से संबंधित झूठे मैसेज को हमें आगे फॉरवर्ड करने से बचना चाहिए। जब तक हम पूरी तरह पक्के ना हों कि जो मैसेज हमें मिला है, वो सही है, हमें उसे फॉरवर्ड नहीं करना चाहिए।

## केजरीवाल के विधायकों पर 140 गंभीर मामले दर्ज हैं : जाजू



**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विधायकों पर 140 गंभीर मामले दर्ज हैं, जिसमें बलात्कार, मनी लांडरिंग, रिश्वत, फर्जी डिग्री, घरेलू हिंसा सहित बेहद ही संगीन मामले हैं और तीन विधायकों को सजा हो चुकी हैं, केजरीवाल सहित 16 विधायक चार्ज शीटेड हैं। दिल्ली भाजपा प्रभारी श्याम जाजू ने दिल्ली सरकार पर उक्त आरोप सोमवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान लगाए। वहीं, पूव केंद्रीय मंत्री विजय गोयल एवं नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने आम आदमी पार्टी (आप) द्वारा भाजपा के अंदरूनी मामलों में लगातार की जा रही दखलांदाजी पर कड़ा ऐतराज जताया। इस अवसर पर मीडिया प्रमुख अशोक गोयल देवराह एवं पूर्व विधायक अनिल बाजपेयी उपस्थित थे। दिल्ली प्रभारी जाजू ने कहा कि केजरीवाल ने साढ़े चार साल तक दिल्ली के लोगों से जो वादे किये थे उन्हें पूरी करने में फेल हो गये हैं और उनको अपनी राजनीतिक जमीन पूरी तरह से खिसकती नजर आ रही है इसलिये सुर्खियों में बने रहने के लिए भाजपा के अंदरूनी मामले उठा रहे हैं। वहीं, पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल ने कहा कि केजरीवाल उस दिन से बौखला गये हैं जिस दिन से पुराने पानी के बिलों पर लगी पेनाल्टी को सरकार द्वारा वसूले जाने को वापस करने के लिये हस्ताक्षर अभियान चलाया।

### तिवारी ने किया कैट्स कर्मचारियों का समर्थन

**नई दिल्ली।** दिल्ली के कॉन्ट्रैक्चुअल कर्मियों को पक्का करने का वादा देकर दिल्ली में सरकार बनाने के बाद सीएम अरविंद अब उन्हें एक-एक करके निकाल रहे हैं। दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने उक्त बातें सोमवार को दिल्ली कैट्स एंबुलेंस कर्मचारियों के प्रदर्शन स्थल पर जाकर कहीं।

## उद्घाटन...




मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने विधानसभा परिसर में दिल्ली विधानसभा अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष राम निवास गोयल, उप स्पीकर राखी बिड़लान, उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, विधायकों सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने साथियों को लैपटॉप वितरित किए। फोटो : हरिभूमि

### एनडीएमसी ने किया फिट फॉर इंडिया का आयोजन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया अभियान को लेकर नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) ने रविवार शाम नई दिल्ली में कनॉट प्लेस के एम्फीथिएटर सेंट्रल पार्क में योगा फॉर फिट इंडिया कार्यक्रम का आयोजन किया। सांसद आर के सिन्हा ने स्वास्थ्य पर आहार के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा कि योग सहित सही पोषण और उचित व्यायाम फिटनेस और स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र है। वहीं, पूर्व लोकसभा सांसद शरद त्रिपाठी ने फिट इंडिया अभियान के महत्व पर बल देते हुए कहा कि यह पहला ऐसा कार्यक्रम है जो कि स्थानीय नगर निकाय ने आयोजित किया है। उन्होंने एनडीएमसी के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर परिषद की सचिव रश्मि सिंह ने कहा कि एनडीएमसी जनता के बीच इस तरह के आउटरीच कार्यक्रमों के आयोजन के माध्यम से अपने नागरिकों के मानसिक और शारीरिक भलाई को बढ़ावा देने का प्रयास करता है।

### 75 साल के हुए सभी प्रोफेसर को भेजा गया पत्र

# थापर समेत 12 प्रोफेसर एमेरिटस से बायोडाटा देने को कहा गया है: जेएनयू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) प्रशासन ने विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति आशीष दत्ता, जाने-माने वैज्ञानिक आर राजारमन और इतिहासकार रोमिला थापर समेत 12 प्रोफेसर एमेरिटस से काम की समीक्षा करने के लिए उनका बायोडाटा मांगा है। प्रोफेसर एमेरिटस एक मानद पद है जो प्रतिष्ठित संकाय सदस्य को उनकी सेवानिवृत्ति के बाद दिया जाता है। प्रोफेसर एमेरिटस उन विभागों में शैक्षणिक काम करने के लिए स्वतंत्र होते हैं जिससे वे संबंद्ध रहे हैं। साथ में वे नियमित संकाय सदस्यों के साथ एक मूल पर्यवेक्षक के रूप में शोध विद्वानों का पर्यवेक्षण भी कर सकते हैं। प्रोफेसर एमेरिटस के पद पर बने रहने के लिए इतिहासकार थापर का




मूल्यांकन करने के लिए उनका बायोडाटा मांगने के जेएनयू प्रशासन के फैसले की विभिन्न तबकों ने आलोचना की है। बहरहाल, जेएनयू के कुलसचिव (रजिस्टार) ने सोमवार को कहा कि 11 अन्य प्रोफेसर एमेरिटस से भी बायोडाटा देने को कहा गया है।

### ये नाम शामिल

जेएनयू के कुलसचिव प्रमोद कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रोफेसर एचएस गिल, सी के वार्ष्णेय,



संजय गुहा, आशीष दत्ता, राजारमन, रोमिला थापर, योगेंद्र सिंह, डी बनर्जी, टीके ओम्मेन, अमित भादुड़ी और शीला भल्ला को भी पत्र भेजे हैं। ये सभी 31 मार्च 2019 से पहले 75 साल के हो गए हैं। उन्होंने कहा कि थापर समेत कुछ ने अपने जवाब दे दिए हैं और जिन्होंने जवाब नहीं दिए हैं, उन्हें स्मरणपत्र भेजे जाएंगे और जब उनके जवाब मिल जाएंगे तो एक समिति उनके बायोडाटा की समीक्षा करेगी। कुमार ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रोफेसर एमिरेटस का पद स्थायी नहीं होता है। उन्होंने कहा कि प्रोफेसर एमिरेटस का बायोडाटा मांगने का फैसला विश्वविद्यालय की कार्यकारी परिषद का है। गौरतलब है कि जेएनयू के पूर्व कुलपति दत्ता प्रख्यात आणविक जीवविज्ञानी और शिक्षाविद् हैं। उन्हें 1999 में पद्मश्री और 2008 में पद्मभूषण से सम्मानित किया गया था। उन्हें शांति स्वरूप भटनागर पुरस्कार और प्रियदर्शनी अवॉर्ड से भी नवाजा गया है। प्रो राजारमन ने अपनी पीएचडी नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हंस बेथ की देखरेख में की थी। बेथ को 1967 में 'स्टेलर न्यूक्लियोसिंथेसिस' के सिद्धांत पर काम के लिए नोबेल पुरस्कार मिला था। बायोडाटा के लिए पत्र प्राप्त करने वाले 12 में से एक प्रोफेसर ने इसे 'हैरान करने वाला' बताया।

### 'प्रोफेसर एमेरिटस' दर्जे को समाप्त करने की पहल नहीं की गई : एचआरडी मंत्रालय

**नई दिल्ली।** मानव संसाधन विकास (एचआरडी) मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से इतिहासकार रोमिला थापर समेत 'प्रोफेसर एमेरिटस' का दर्जा प्राप्त किसी भी व्यक्ति की सेवा समाप्त करने का कोई प्रयास नहीं किया जा रहा है। मंत्रालय का यह स्पष्टीकरण ऐसे समय सामने आया है जब विश्वविद्यालय के ऐसे पद धारक शिक्षाविदों से बायोडाटा मांगने के फैसले को लेकर विवाद शुरू हो गया। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार ने जुलाई में थापर को पत्र लिखकर बायोडाटा देने को कहा था ताकि वे इस बात का मूल्यांकन कर सकें कि थापर को 'प्रोफेसर एमेरिटस' के तौर पर जारी रखना चाहिए या नहीं। थापर के अलावा वैज्ञानिक आर राजारमण, जेएनयू के पूर्व कुलपति आशीष दत्ता सहित 12 एमेरिटस प्रोफेसरों को ऐसा पत्र प्राप्त हुआ जिन्होंने 75 वर्ष की उम्र पार कर ली। विश्वविद्यालय में अभी ऐसे पदधारक 25 शिक्षाविद हैं।



## खबर संक्षेप



### सोनू की टीम ने जीती कबड्डी प्रतियोगिता

**फरीदाबाद।** गांव अटाली में शहीद संदीप कालीरमन की स्मृति में आयोजित हरियाणा सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब सोनू कुराना टीम ने जीता। फाइनल में कुराना टीम ने रवि दियौरा की टीम को चार अंक से परास्त किया। रवि दियौरा की टीम उपविजेता बनी। प्रतियोगिता में अंकित जौरासी व मोहित नंदगढ़ को संयुक्त रूप से बेस्ट रेडर चुना गया तथा बेस्ट कैचर के रूप में छोटी कुराना को चुना गया। प्रतियोगिता में कुल 38 टीमों ने भाग लिया।

### बाटा चौक मेट्रो स्टेशन बना इंडियन ऑयल बाटा चौक



**फरीदाबाद।** इंडियन ऑयल की जयंती के अवसर पर इंडियन ऑयल आर एंड डीके निदेशक डॉ. एसएसवी रामकुमार सह ब्रांडेड इंडियन ऑयल बाटा चौक मेट्रो स्टेशन का उद्घाटन किया। इंडियन ऑयल को डीएमआरसी द्वारा सह ब्रांड कश्मीरी गेट से डीएमआरसी की वायलेट लाइन में एस्कॉर्ट्स मुजेसर से पहले का मेट्रो स्टेशन जिसे बाटा चौक स्टेशन का नाम दिया गया है। अब इंडियन ऑयल बाटा चौक मेट्रो स्टेशन के नाम से जाना जाएगा।

### इको ग्रीन कर्मचारियों को हटाने पर बिफरे निगम कर्मचारी

**फरीदाबाद।** इको ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा कई वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों की छंटनी के खिलाफ निगम कर्मचारी बिफर गए। उन्होंने निगमायुक्त कार्यालय का घेराव किया। और कहा कि यदि तीन दिन में ईको ग्रीन व सीवर कर्मचारियों को ड्यूटी पर नहीं लिया गया तो निगम कर्मचारी हड़ताल पर चले जाएंगे। इस संबंध में उन्होंने निमायुक्त को ज्ञापन दिया।

### पूरे नौ सौ मीटर एरिया में मिलेंगी सभी सुविधाएं



**गुरुग्राम।** विधायक उमेश अग्रवाल ने कहा कि आयुध डिपो नौ सौ मीटर एरिया में सभी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सबसे पहली प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार बिजली पानी की सुविधाएं तीन सौ मीटर के बाहर के क्षेत्र में उपलब्ध कराई गई हैं वे सभी सुविधाएं तीन सौ मीटर एरिया में भी मुहैया कराई जाएंगी।

### रिश्वत के मामले में सब इंस्पेक्टर को कैद

**गुरुग्राम।** पुलिस सब इंस्पेक्टर द्वारा 50 हजार रुपए की रिश्वत लेने के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अश्विनी कुमार मेहता की अदालत ने दोषी करार दिए गए आरोपी को छह साल की कैद व 30 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुना दी है। जुर्माने का भुगतान न करने पर दोषी को छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।



### युवक की पत्थर से वार कर हत्या

**फरीदाबाद।** शराब पीने के दौरान हुई मामूली कहासुनी होने पर कुछ युवकों ने एक युवक के सिर पर पत्थर से वार कर हत्या कर दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने इस संबंध में हत्या का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

# एक्सप्रेस-वे पर खराब हुआ ट्रक, रूक गई वाहनों की रफ्तार

एजेंसी/हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

साउथ सिटी-एक के सामने एक्सप्रेस-वे पर सोमवार सुबह साढ़े नौ बजे एक ट्रक खराब हो गया। पीक आवर होने की वजह से कुछ ही देर में ट्रैफिक का दबाव बन गया। इस वजह से लगभग 11 बजे तक वाहन झाड़सा चौक से आगे से लेकर सिग्नेचर टावर के नजदीक तक रेंगते रहे। परेशान लोगों की नाराजगी इस बात को लेकर थी कि ट्रक के खराब होते ही जल्द उसे एक्सप्रेस-वे से क्यों नहीं हटाया गया।

दिल्ली-गुरुग्राम एक्सप्रेस-वे पर सुबह साढ़े आठ बजे से 11 बजे तक एवं शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक ट्रैफिक का दबाव काफी अधिक रहता है।

## सुबह साढ़े आठ बजे से 11 बजे व शाम पांच बजे से रात नौ बजे तक रहता है ट्रैफिक दबाव

### वाहन खराब होने पर लग जाता है कई किलोमीटर लंबा जाम

सिरहौल बॉर्डर से लेकर रजोकरी बॉर्डर के नजदीक अक्सर कहीं न कहीं वाहन खराब हो जाता है, जिससे ट्रैफिक दबाव बढ़ जाता है। इसका असर कुछ ही मिनट के भीतर आठ से दस किलोमीटर तक हो जाता है। आसपास के इलाकों में भी ट्रैफिक जाम लग जाता है। क्रेनों की संख्या बढ़ाने के बारे में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निदेशक एके शर्मा का पक्ष जानने के लिए उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो सका।



### ट्राला फंसा, हुई परेशानी

सोमवार दोपहर झाड़सा चौक अंडरपास में एक ट्राले के फंसने से भी आसपास ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित रही। काफी मशक्कत के बाद ट्राले को बाहर निकाला गया। अंडरपास की ऊंचाई से ट्राले की ऊंचाई अधिक थी। चालक ने इसका ध्यान नहीं रखा। जिसकी वजह से परेशानी हुई। हालांकि ट्रैफिक पुलिस की सक्रियता से ट्रैफिक व्यवस्था कुछ ही देर में पटरी पर आ गई थी।

इस दौरान कहीं भी यदि गाड़ी खराब होती है या किसी कारण से बंद होती है तो कुछ ही मिनट में ट्रैफिक का दबाव बढ़ जाता है। इसे लेकर लोगों की लंबे समय से मांग की जा रही है कि जैसे ही कोई वाहन खराब हो जाए उसे एक्सप्रेस-वे से हटा दिया जाए न कि एक्सप्रेस-वे पर ही साइड करके ठीक कराया जाए। यही सोमवार को भी हुआ। यदि ट्रक को 10 से 15 मिनट के भीतर एक्सप्रेस-वे से हटा दिया जाता तो दबाव अधिक नहीं बढ़ता। सेक्टर-15 पार्ट-दो निवासी राजकुमार एवं जय सिंह ने कहा कि ट्रैफिक दबाव को देखते हुए एक्सप्रेस-वे के दोनों तरफ पांच-पांच क्रेन की सुविधा होनी चाहिए। इससे कुछ ही मिनट के भीतर वाहनों को एक्सप्रेस-वे से हटाना संभव होगा।

## रविवार रात गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर बरपा रफ्तार का कहर

# लैंड रोवर ने दो लोगों को कुचला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर देर रात तेज रफ्तार लैंड रोवर ने दो भाइयों को कुचल दिया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के बाद कार चालक फरार हो गया। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है।

गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर वाटिका चौक के सड़क किनारे दो भाई गोलगप्पे का ठेला लगाते थे। जिनकी उम्र करीब 14 से 19 वर्ष के बीच बताई गई है। रविवार की रात करीब दस बजे वे अपने घर के लिए जा रहे थे। इसी दौरान सेक्टर-56 की ओर से तेज रफ्तार से आ रही लैंड रोवर ठेले के साथ दोनों भाइयों को रौंदते हुए निकल गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के दोनों साइड के एयर बैग खुल गए। दोनों भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं हादसे के तुरंत बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही सेक्टर-65 थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कार को कब्जे में लेकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

*तेज रफ्तार लैंड रोवर ने रविवार रात गोल्फ कोर्स एक्सटेंशन रोड पर बिजनेस पार्क के सामने रेहड़ी ले जा रहे दो लोगों को कुचल दिया। दोनों को तत्काल नागरिक अस्पताल में ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।*

### बड़े भाई के सामने ही जीजा-साले की दर्दनाक मौत

#### शरीर के कई हिस्सों में गंभीर चोटें लगी

दोनों को सिर के साथ ही शरीर के कई हिस्से में काफी गंभीर चोट लगी। हादसा मोरध्वज के बड़े भाई देवेंद्र कुमार की आंखों के सामने हुआ। सभी साथ ही रहते थे। रेहड़ी के पीछे-पीछे चल रहे मोरध्वज के बड़े भाई देवेंद्र कुमार ने आसपास से गुजर रहे लोगों से सहायता मांगी। फिर एंबुलेंस से दोनों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उन दोनों को मृत घोषित कर दिया गया। सेक्टर-65 थाना पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

**जांच नए मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक की जाएगी:** डीसीपी ट्रैफिक हिमांशु गर्ग का कहना है कि सड़क हादसे में हुई दो लोगों की मौत मामले की जांच नए मोटर व्हीकल एक्ट के मुताबिक भी की जा रही है। यदि कार के आगे-पीछे नंबर प्लेट नहीं थी, तो इसके लिए एक्ट के तहत चालान होगा। सड़क हादसा लापरवाही से वाहन चलाने का मामला है। इसके लिए जल्द ही आरोपित को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।



गुरुग्राम। घटनास्थल से बरामद हुई कार।

#### हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार

हादसे के बाद चालक कार को मौके पर ही छोड़कर फरार हो गया। मौके पर पहुंची बादशाहपुर थाना पुलिस ने कार को अपने कब्जे में ले लिया है।

#### कार पर नहीं हैं नंबर प्लेट

कार के दोनों तरफ नंबर प्लेट नहीं है। कार नई है। नई कार में भी अस्थायी नंबर होना चाहिए था। यदि आगे-पीछे से नंबर प्लेट नहीं है, इससे ऐसा लगता है जैसे आरोपित नंबर प्लेटों को निकालकर ले गया, ताकि उसकी पहचान जल्द न हो सके।

#### पहचान होते ही कर लेंगे अरेस्ट

सेक्टर-65 थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि आरोपित की पहचान की जा रही है। पहचान होते ही उसे गिरफ्तार किया जाएगा।

#### तीन महीने पहले हुई थी शादी

दोनों की पहचान यूपी के बदायूं जिले के गुरेठा गांव निवासी 19 वर्षीय मोरध्वज एवं गांव हमुपुर निवासी 13 वर्षीय अनिल के रूप में की गई। दोनों जीजा-साले थे। पिछले पांच साल से गांव टीकरी में किराये पर रहकर मोरध्वज गोल गप्पे की रेहड़ी लगाते थे। तीन महीने पहले ही मोरध्वज की शादी हुई थी। अनिल 10 दिन पहले जीजा से मिलने के लिए आया था। वह सातवीं कक्षा में पढ़ता था। दोनों रेहड़ी लेकर बिजनेस पार्क के सामने से रात लगभग साढ़े दस बजे बादशाहपुर की तरफ जा रहे थे। उसी समय तेज रफ्तार लाल रंग की लैंड रोवर ने पीछे से टक्कर मार दी। दोनों कार के साथ-साथ लगभग 400 मीटर आगे तक घिसटते हुए गए।

## विकास चौधरी हत्याकांड मामला...

# गैंगस्टर कौशल को प्रोडक्शन रिमांड पर फरीदाबाद लाई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरीदाबाद



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास चौधरी हत्याकांड मामले में सरगना कुख्यात गैंगस्टर कौशल को गुरुग्राम अदालत से प्रोडक्शन रिमांड पर फरीदाबाद पुलिस सोमवार को अपने साथ ले गई। पिछले सप्ताह आइजीआई एयरपोर्ट से स्पेशल टास्क फोर्स की गुरुग्राम टीम कौशल को गिरफ्तार कर पूछताछ कर रही थी।

रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद उसे सोमवार को अदालत में पेश किया गया। उसी दौरान फरीदाबाद पुलिस ने प्रोडक्शन रिमांड के लिए अर्जी लगा दी। जहां से उसे सेक्टर-30 पुलिस फरीदाबाद ले आई। यहां उसे सेक्टर-12 स्थित अदालत परिसर में पेश किया गया। जहां से उसे छह दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## सेना के चालक व मुंशी के साथ वारदात का खुलासा

### तीन बदमाश गिरफ्तार, माल व कार बरामद

**गाजियाबाद।** सेना का सामान ले जा रहे ट्रक के चालक व मुंशी के साथ रविवार को देर रात हुई मारपीट व लूट की वारदात का खुलासा सोमवार को सिहानी गेट पुलिस ने कर दिया। पुलिस ने वारदात को अंजाम देने वाले तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके कब्जे से लूटे गए 19 हजार रुपए, 315 बोर का एक तमंचा, दो कारतूस, एटीएम कार्ड व वारदात में प्रयुक्त स्विफ्ट कार बरामद कर ली है। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने लूट का खुलासा करने वाली सिहानी गेट पुलिस को दस हजार रुपए ईनाम देने की घोषणा की है। एसएसपी सुधीर कुमार सिंह ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि रविवार शाम दिल्ली कैंट से एक ट्रक सेना का माल लेकर नेपाल के लिए चला था। देर रात नया बस अड्डा मेट्रो के पास एक स्विफ्ट कार ने ट्रक को ओवरटेक करके रोक लिया। बदमाशों ने ड्राइवर अतुल व मुंशी अनिल से नकदी व एटीएम आदि सामान लेकर जब कार्ड का पिन नंबर पूछा तो उन्होंने बताने में आनाकानी की। इस पर बदमाशों ने उन्हें जमकर पीटा और शरीर सिगेरट से जलाया।



# नोएडाः मुठभेड़ के बाद अखलाक हत्याकांड का आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| नोएडा



- चार मामलों में था वांछित
- बाइक, एक तमंचा तथा कारतूस बरामद

ग्रेटर नोएडा में रविवार की रात को एक मुठभेड़ के दौरान 2015 में दादरी में हुई मोहम्मद अखलाक हत्याकांड का एक आरोपी पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि हरिओम (30) नामक यह आरोपी लूटपाट और गाजियाबाद में चुरायी हुई संपत्ति बेईमानी से हासिल करने के कम से कम चार मामलों में वांछित था। उसके पास से बाइक, एक तमंचा तथा कारतूस बरामद हुए हैं। वह अखलाक हत्याकांड मामले में अन्य आरोपियों के साथ जमानत पर था। पुलिस अधीक्षक रणविजय सिंह ने सोमवार को बताया कि रविवार रात पुलिस को समाना नहर के पास एक बदमाश के मौजूद होने की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घेराबंदी की लेकिन लुटेरे ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में हरिओम नामक लुटेरा घायल हो गया।

### मुठभेड़ में दो लुटेरे घायल, गिरफ्तार

**नोएडा।** शहर की पुलिस ने रविवार की रात को मुठभेड़ के बाद दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ में दोनों लुटेरे घायल हो गए और जिला अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने सोमवार को बताया कि गाजियाबाद निवासी ओला कैब चालक इमरान से तीन लुटेरों ने 31 अगस्त की रात मारपीट कर उसकी कैब, पर्स, मोबाइल फोन और नकद राशि लूट ली थी। उन्होंने बताया कि घटना की जांच कर रही थाना फेस-2 दो पुलिस को रविवार रात लुटेरों के एक कंपनी के पास होने की सूचना मिली। पुलिस ने घेराबंदी की तो लुटेरों ने गोलीबारी की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एटा निवासी मनोज और गौतमबुद्ध नगर निवासी जतिन उर्फ बॉबी घायल हो गए।

### इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में आग से लाखों का माल स्वाहा

**फरीदाबाद।** एनआईटी थाना क्षेत्र के एनआईटी-पांच के बाजार स्थित तीन मंजिला वैद इलेक्ट्रॉनिक्स में देर रात अचानक आग लग जाने से आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची करीब सात-आठ गाड़ियों ने दो घंटे के मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। वेद इलेक्ट्रॉनिक्स के मालिक रजत ने बताया कि रात करीब डेढ़ बजे आग लगने से दुकान का सारा सामान जलकर खाक हो गया। दुकान में रखे टीवी, एलईडी, फ्रिज, एसी समेत अन्य सामान जल गया।



# भव्य शोभा यात्रा के साथ गोयल के निवास पर पधारे गजानन

**फरीदाबाद।** प्रदेश के उद्योग मंत्री विपुल गोयल के सेक्टर 17 स्थित निवास पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी धूमधाम से गणपति महोत्सव का मनाया जा रहा है, महोत्सव की शुरुआत सुबह सबसे पहले सेक्टर-16 स्थित लक्ष्मीनारायण मंदिर से विघ्न विनायक गणपति बप्पा की भव्य शोभा यात्रा से हुई, शोभायात्रा में बैण्ड बाजों के साथ अलग-अलग झांकियां निकाली गईं, शोभायात्रा में बैंड-बाजों की धुन के साथ घोड़ी का डांस लोगों के आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा, गणपति बप्पा की शोभायात्रा जिस-जिस रास्ते से निकली उस रास्ते पर भगवान गणेश के दर्शन के लिए श्रद्धालु कतार लगा कर गणपति बप्पा की एक झलक पाने के लिए बेताब नजर आए।

### गुरुग्राम में गूंजे गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोष

**गुरुग्राम।** गणपति बप्पा मोरिया की साइबर सिटी में धूम मचनी शुरु हो गई है। साइबर सिटी के कई क्षेत्रों में गणपति की प्रतिमाओं की स्थापना बड़ी धूमधाम व विधि-विधान से की गई। सेक्टर 27 स्थित सामुदायिक केंद्र में सार्वजनिक गणेशोत्सव समिति के सदस्यों व पदाधिकारियों द्वारा सोमवार को गणपति की प्रतिमा की स्थापना के साथ धार्मिक अनुष्ठान भी दामले गुरु व गणेश मूर्ति की स्थापना आरके राव द्वारा विधिवत रुप से कराई गई। स्थानीय लोगों ने भी धार्मिक कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समारोह स्थल गणपति बप्पा मोरिया के उद्घोषों से गुंजायमान रहा। समिति के अध्यक्ष मनोज खरड़ ने बताया कि यह महोत्सव वर्ष 1893 से बाल गंगाधर तिलक द्वारा शुरु किया गया था, जो महाराष्ट्र में ही नहीं, अपितु देश के सभी प्रदेशों में धूमधाम से मनाया जाता आ रहा है।

**प्रकाशन हेतु**

समन वास्ते करारदाद उमूद तनकीह तलब
आर्डर 5 फायदा 1 व 5
**न्यायालय मोटर एक्सीडेंट क्लेम ट्रिबुनल/अपर जिला जज कक्ष सं. प्रथम चित्रकूट**
एम.ए.सी.नं. 103/70/2017
श्रीमती नथिया आदि **बनाम** मनोज गुप्ता आदि
बनाम- 1. मनोज गुप्ता पुत्र जयचन्द्र गुप्ता निवासी 230/100/87 कृष्णानगर मथुरा जिला मथुरा (वाहन स्वामी) वाहन संख्या यू.पी. 85 ए टी 5023 मैक्सी कैब (ट्रैवलर मिनी बस)
2. कुंवरपाल पुत्र देवीदयाल निवासी आदर्श कालोनी पलवल कैंप पलवल हरियाणा (वाहन चालक) वाहन संख्या यू.पी. 85 ए टी 5023 मैक्सी कैब (ट्रैवलर मिनी बस)
हरगाह वादी ने आपके नाम एक याचिका बाबत दुर्घटना प्रतिकर वाद दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि मारफत वकील के जो दिनांक 07.09.2019 को जवाबदावा हेतु नियत है जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया और जो कुल उमूर अहम मुतालिका का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हर माह वही तारीख जो आपके इजहार के लिए मुकर्रर हो वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे के तजवीज हुये है और आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज की जिनकी आप अपनी जवाबदेही के ताईद व इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें आपको इत्तलाल दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मसमूअ और फैसला होगा।
बसख्त मेरे दस्तख्त और मुहर अदालत के आज दिनांक 08.08.19 को जारी किया गया।
तारीख पेशी 07.09.2019 **हस्ता/-**
आज्ञा से
मुंसरिम

## निराश्रित गौवंश रखरखाव के लिए गाजियाबाद निगम की अनूठी पहल

### निगम कर्मचारियों ने दिया नौ लाख रुपये का अंशदान

# संस्था का गठन, एकत्रित राशि से जुटाएंगे संसाधन

**गाजियाबाद।** निराश्रित गौवंश के भरण पोषण व रखरखाव के लिए गाजियाबाद नगर निगम ने एक अनूठी पहल शुरू की है। इस संबंध में सोसायटी ऑफ पीपल फॉर एनिमल वेलफेयर नाम से एक संस्था गठित की है जो पशु प्रेमियों से सहयोग राशि लेकर संसाधन जुटाएगी। इसकी शुरुआत नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों व ठेकेदारों ने लगभग नौ लाख रुपये की सहयोग राशि इस संस्था को पहले चरण में उपलब्ध कराई है। हिंडन नदी के किनारे नंदी पार्क में निराश्रित गौवंश के लिए एक गौशाला नगर निगम की देखरेख में संचालित है। यहां इस समय करीब 14 गौवंश मौजूद है। काफी समय से इनके रखरखाव और भरण पोषण में आर्थिक दिक्कत आ रही थी। गौवंश के रखरखाव में कोई आर्थिक संकट ना आये इसको ध्यान में रखते हुऐ नगर आयुक्त दिनेश चंद्र ने इस संस्था को गठित करने में अहम भूमिका निभाई। वह इस संस्था के अध्यक्ष भी हैं। निगमायुक्त दिनेश चंद्र ने सोमवार को बताया कि इस संस्था द्वारा एकत्र होने वाली धनराशि से नंदी पार्क में शेडों का निर्माण व चारा काटने की मशीन आदि संसाधन जुटाए जाएंगे।

## चंडीगढ़ में की जाएगी सोशल मीडिया कक्ष की स्थापना

# सोशल मीडिया पर चुनाव आयोग की रहेगी विशेष निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग की सोशल मीडिया पर विशेष निगरानी रहेगी। फेसबुक, ट्विटर, वाट्सअप, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया पर की जाने वाली प्रत्येक पोस्ट को देखा जाएगा। इसके लिए हरियाणा निर्वाचन आयोग द्वारा चंडीगढ़ मुख्यालय पर सोशल मीडिया कक्ष की स्थापना की जाएगी। जिसमें पर्याप्त संख्या में अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्यूटी रहेगी। अग्रवाल गुरुग्राम तथा फरीदाबाद मंडलों में पड़ने वाले छह जिलों के उपायुक्तों तथा चुनाव तहसीलदारों के साथ आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चुनावों में अब सोशल मीडिया का काफी प्रयोग होता है।



जिसको ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया पर डाली जाने वाली प्रत्येक पोस्ट पर नजर रखने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए जल्द ही चंडीगढ़ मुख्यालय पर सोशल मीडिया कक्ष की स्थापना की जाएगी। जिसका इंचार्ज एक वरिष्ठ अधिकारी को बनाया जाएगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी उपायुक्तों से कहा कि वे दिव्यांगजन मतदाताओं के लिए मतदान केंद्रों में सुविधा उपलब्ध करवाएं। अग्रवाल ने युवाओं, विशेषकर 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवक-युवतियों, को मतदाता के रूप में पंजीकृत करने पर जोर दिया और उपायुक्तों से कहा कि वे मतदाता-जनसंख्या अनुपात में सुधार लाएं। अग्रवाल ने कहा कि नामांकन भरने की अंतिम तिथि से सात दिन पहले तक वोट बनवाए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी समय पर वोट बनवाने अथवा हटाने संबंधी आवेदनों का निपटारा करें। सभी जिला निर्वाचन अधिकारी अपने जिला की डिस्ट्रिक इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान तथा बूथलेवल इलेक्शन मैनेजमेंट प्लान तैयार करवाकर उनके पास भिजवाएं। लोकसभा चुनाव में सर्विस वोटर्स की मतगणना में आई कठिनाई को ध्यान में रखते हुए अग्रवाल ने कहा कि इस बार विधानसभा चुनाव में सर्विस वोटर्स की मतगणना का ड्राई रन अर्थात अभ्यास पहले करके देखेंगे। बैठक में गुरूग्राम के जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त अमित खत्री ने बताया कि इस वर्ष 27 अगस्त तक जिला में मतदाताओं की संख्या 1186857 हो गई है। जिनमें 626100 पुरुष तथा 560757 महिला मतदाता शामिल हैं।

### नौ तक नहीं रुकेंगी बल्लभगढ़ स्टेशन पर ट्रेन

**फरीदाबाद।** रेलवे ट्रैक पर इंटरलॉकिग का काम शुरू हो गया है, जिसकी वजह से यहां पर 17 एक्सप्रेस ट्रेन और ईएमयू शटल का ठहराव नौ सितंबर तक के लिए निरस्त कर दिया गया है। इन ट्रेनों को फिलहाल न्यू टाउनशिप स्टेशन पर रोका जा रहा है, जिससे यात्रियों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खास तौर पर ईएमयू ट्रेनों में रोजाना आने.जाने वाले हजारों यात्रियों को परेशानी हो रही है। ईएमयू ट्रेनों में ज्यादातर रोजाना उद्योगों में काम-काज करने वाले मजदूर, दूध लेकर आने वाले दूधिया आते-जाते हैं।

इन लोगों को न्यू टाउनशिप स्टेशन पर उतर कर वापस बल्लभगढ़ जाने के लिए पैदल चल कर राजमार्ग पर आते हैं।

**PUBLIC NOTICE**
**SHRI D.K. ANBHULE, SAHEB**
**M.A.C.P. No. 155/2018**
**BEFORE THE MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL, SOLAPUR, AT : SOLAPUR**
Sou. Ratnabai Suresh rathod & Anr.
.... Applicants
Versus
M/s. HP Cargo Movers Pvt. Ltd.
And Another.
.... Opponents
M/s. H P Cargo Movers Pvt. Ltd. R/o 16/5, Mathura Road, Faridabad-121001, Hariyana.
....Opponent No. 1
Whereas the above named applicant have filed an application against you for grant of compensation on account of accidental death of their son Sohan Rathod in a motor vehicle accident which took place on 22.12.2016.
You are here by warned to appear in this Court in person or by appointing an Advocate duly instructed on 27.09.2019 at 11:00 a.m. to show cause against the application failing wherein the said application will be heard and determined ex-parte.
Also take a notice that in default of your filing an address for service on or before the date mentioned you are liable to have your defense struck off. Given under hand and seal of this court.
This notice dated 23.08.2019
By Order
Sd/- Clerk
Sd/- Superintendent Dist. Court, Solapur

फर्क साफ है क्योंकि नीयत साफ है

मनोहर सरकार
विकास अपार


श्री मनोहर लाल
मुख्यमंत्री, हरियाणा

# मनोहर प्रयासों से कर दिखाया शिक्षा स्तर को आगे बढ़ाया

## शैक्षणिक संस्थान

52 नए राजकीय महाविद्यालय

11 नए विश्वविद्यालय

29 नए राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

131 नए निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान

12 नए राजकीय बहुतकनीकी संस्थान

## महिला शिक्षा

स्नातक स्तर तक छात्राओं की ट्यूशन फीस माफ

30 राजकीय महिला महाविद्यालय स्थापित

विवाहित छात्राओं को 45 दिन का मातृत्व अवकाश

181 महिला बस सेवा

## सुविधाएं

स्कूलों में डैस्क उपलब्ध करवाने की योजना

छात्र व छात्राओं के लिए अलग-अलग शौचालय

दसवीं कक्षा के उत्तीर्ण 500 प्रतिभावान छात्रों को लैपटॉप

राजकीय महाविद्यालयों में निःशुल्क वाई-फाई

स्कूलों में 150 खेल नर्सरियां

## नये कीर्तिमान

कुरुक्षेत्र में उत्तर भारत का पहला राष्ट्रीय डिज़ाइन संस्थान स्थापित

पलवल में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय

हरियाणा कौशल विकास मिशन गठित

उच्चतर शिक्षा परिषद् स्थापित

## चिकित्सा शिक्षा

पं. दीन दयाल उपाध्याय स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, करनाल में स्थापित

हर ज़िले में एक मेडिकल कॉलेज का लक्ष्य

बाढ़सा में राष्ट्रीय कैंसर संस्थान स्थापित

गांव पट्टीकरा (महेन्द्रगढ़) में राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज एवं अस्पताल स्थापित

## कौशल विकास

1144 आयोजित जॉब फेयर/कैम्पस साक्षात्कारों में 1,20,034 युवाओं को नौकरी/शिक्षुता प्रशिक्षण की पेशकश

283 प्रशिक्षण केन्द्रों के माध्यम से 60,115 युवाओं को मुफ्त प्रशिक्षण

प्राथमिक पाठशालाओं में रैमिडियल टीचिंग शुरू

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में 26 नए कोर्स

गीता श्लोक, स्वच्छता अभियान, योगा व सड़क सुरक्षा सम्बंधी विषय स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल

## छात्रवृत्ति


₹51,000 तक की प्रोत्साहन राशि मेधावी छात्रों को

₹50,000 प्रतिवर्ष छात्रवृत्ति राष्ट्रीय मिलिट्री कॉलेज, देहरादून में हरियाणा के छात्रों को

₹12,000 तक वार्षिक छात्रवृत्ति अनुसूचित जाति व पिछड़ा वर्ग के छात्रों को डॉ. अम्बेडकर मेधावी छात्र संशोधित योजना के तहत

अध्यापकों के लिए नई ऑनलाइन स्थानान्तरण नीति जिसका दूसरे राज्य भी कर रहे अनुसरण

अधिक से अधिक युवाओं को अप्रैंटिस कार्यक्रम से जोड़ने के लिए राज्य को 'चैंपियन ऑफ चेंज' सर्वश्रेष्ठ राज्य के अवॉर्ड से नवाज़ा गया







सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in

प्लास्टिक भगाओ पर्यावरण बचाओ

# गोयल का सोनिया को खतः रायबरेली रेल कारखाने पर चिंताएं 'भ्रामक'

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेलमंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि रायबरेली में मॉडर्न कोच फैक्ट्री (एमसीएफ) के निगमीकरण को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी की चिंताएं 'भ्रमित, काल्पनिक आशंकाओं' पर आधारित हैं। गोयल ने गांधी से आग्रह किया कि वह नौकरियां जाने के 'भय के झांसे' में न आयें।

गोयल ने गांधी को लिखे पांच पृष्ठों के पत्र में कांग्रेस नेता पर निशाना साधा व कहा कि वह 'हैरान' हैं कि वह नए 'आधुनिक भारत के मंदिरों' की स्थापना के कदम का विरोध कर रही हैं जिन्हें यह नाम जवाहर लाल नेहरु ने दिया था। गांधी ने इससे पहले दावा किया था कि सरकार चुपके से मॉडर्न कोच फैक्ट्री के 'निजीकरण' का प्रयास कर रही है जो कि उनके संसदीय क्षेत्र रायबरेली में स्थित है। गोयल ने पत्र में कहा कि मैं यह बहुत दुख के साथ कह रहा हूं कि कुछ भ्रमित व काल्पनिक चिंताओं के आधार पर आप एमसीएफ, रायबरेली को विकास और विस्तार के अगले स्तर पर ले जाने की हमारी योजना का विरोध कर रही हैं। निगमीकरण से अधिक निवेश और बेहतर प्रौद्योगिकी का प्रोत्साहन होगा और ऐसा माहौल बनेगा जो संचालन और नवाचार में दक्षता को बढ़ावा देगा। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि आप उत्पादन इकाइयों के श्रमिकों की आजीविका की सुरक्षा को लेकर किसी तरह के भय में नहीं पड़ें, कोई छंटनी नहीं हो रही। इसके बजाय रेलवे भर्ती बढ़ा सकता है क्योंकि एमसीएफ दुनिया का सबसे बड़ा कोच निर्माता बनने की ओर अग्रसर है।

कारखाने की आधारशिला उनके (सोनिया गांधी) द्वारा 2007 में रखी गई थी जबकि निर्माण 2010 में शुरू हुआ। इसमें 1000 कोच बनना निर्धारित था पर यह अपनी पूर्ण क्षमता हासिल करने से 'बहुत दूर' रहा। गोयल ने कहा कि 2011-2014 के दौरान कारखाने ने कपूरथला से लाये गए कुछ कोच पर मामूली काम किया व 375 कोच का नवीनीकरण किया गया जबकि यह ऐसी इकाई होनी चाहिए थी जहां कोच का पूरी तरह से निर्माण होता। भाजपा के 2014 में केंद्र की सत्ता में आने के बाद कारखाने को प्राथमिकता दी गई।

## गांधी नौकरियां जाने के 'भय के झांसे' में न आयेंः रेलमंत्री




### दिया भरोसा

- निगमीकरण से अधिक निवेश, बेहतर प्रौद्योगिकी का प्रोत्साहन होगा
- सोनिया श्रमिकों की आजीविका को लेकर भयभीत ना हो, कोई छंटनी नहीं हो रही, रेलवे भर्ती बढ़ा सकता है
- 2010 में शुरू हुआ कारखाने में 1000 कोच बनना निर्धारित था पर यह पूर्ण क्षमता हासिल करने से 'बहुत दूर' रहा

### 2014 में शुरू हुआ बेहतर कार्य

रेल मंत्री ने कहा कि जुलाई 2014 में एमसीएफ को भारतीय रेलवे की निर्माण इकाई घोषित किया गया व एक महीने में उसने कोच का पूरी तरह से उत्पादन शुरू कर दिया। उसके बाद से उसने लगभग प्रत्येक वर्ष उत्पादन दोगुना किया है। 2014-2015 में 140 कोच का उत्पादन हुआ, 2015-2016 में 285, 2016-2017 में 576, 2017-2018 में 711 व 2018-2019 में 1425 कोच का उत्पादन हुआ। वर्तमान वित्तीय वर्ष के लिए लक्ष्य 2158 कोच का है जो कि मंजूर कोच से दोगुने से अधिक है।

### पीएम मोदी की कार्यशैली को सराहा

गोयल ने लिखा कि वास्तव में यह पीएम नरेंद्र मोदीजी के तहत सरकार के काम करने का शानदार उदाहरण है। कारखाने ने गांधी के संसदीय क्षेत्र की स्थानीय अर्थव्यवस्था को 'प्रोत्साहित' किया जिससे 'लाखों लोगों' को लाभ हुआ। एमसीएफ द्वारा सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यमों से 2018-2019 में 667 करोड़ रुपये का सामान खरीदा गया।

## खबर संक्षेप

### संथाल परगना में विकास कार्यों को देंगे नया आयाम

**गोड्डा।** संथाल परगना की गरीबी, विकास की स्थिति देख मन को पीड़ा होती थी। मैं सोचता था कि अगर मैं सीएम बना तो संथाल परगना को बदलने का पूर्ण प्रयास करूंगा। 2014 में सीएम बनने के बाद से मैं लगातार संथालवासियों के बीच आ रहा हूं। संथाल की गरीबी दूर करना और संथाल में विकास कार्यों को नया आयाम देना मेरी प्राथमिकताओं में है। इसको कुछ हद तक हासिल कर पाया हूं, लेकिन पूर्णता अभी शेष है। यही वजह है आज फिर मैं आपके बीच, आपकी परेशानियों को साझा करने, उसे हर संभव प्रयास से दूर करने आया हूं। ये बातें सीएम रघुवर दास ने गोड्डा के सुंदर पहाड़ी में जन चौपाल के दौरान कही।

### युवाओं के भरोसे सर्वोत्तम बन रहा है यूपीः योगी

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को कहा कि भारत दुनिया का सबसे युवा देश व उत्तर प्रदेश सबसे युवा प्रदेश है। इन युवाओं के बूते हम उत्तर प्रदेश को सर्वोत्तम प्रदेश बना रहे हैं। ऊर्जा और प्रतिभा से भरपूर ये युवा जिंदगी के जिस क्षेत्र में जाए उसमे बुलंदी हासिल करें, इसमें प्रोत्साहन, शिक्षण संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। वह सोमवार को राजधानी के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में एक अखबार द्वारा आयोजित मेधावी छात्र सम्मान में बच्चों, अभिभावकों और शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे।

### पलामू में दो उग्रवादी धरे

**पलामू (झारखंड)।** पलामू जिले के मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के काशीसोत जलाशय के पास से सोमवार को पुलिस ने प्रतिबंधित 'तृतीय प्रस्तुति कमिटि' (टीपीसी) के दो उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। हुसैनाबाद के एसडीपीओ विजय कुमार ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादियों दिलीप चौधरी (25), परवेज अंसारी (28) के पास से एक पिस्तौल, दो मोबाइल फोन व प्रतिबंधित नक्सली साहित्य पर्चे बरामद किए गए हैं।


## चिन्मयानंद मामला: सुप्रीम कोर्ट का यूपी सरकार को निर्देश

# छात्रा के आरोपों की जांच के लिए एसआईटी गठित करे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बीजेपी नेता चिन्मयानंद पर छात्रा के यौन शोषण के आरोप की जांच के लिए सुप्रीम कोर्ट ने एसआईटी के गठन का आदेश दिया है।

इसके साथ ही कोर्ट ने आगे मामले में सुनवाई न करने की भी बात कही है। कोर्ट ने कहा कि हमने आरोप लगाने वाली छात्रा की सुरक्षा के सवाल पर मामले का संज्ञान लिया था। मामले के तथ्यों पर हम कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते। यूपी सरकार आईजी स्तर के अधिकारी के नेतृत्व में विशेष जांच दल बनाए। इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस मामले की निगरानी के लिए विशेष बेंच का गठन करें। एसआईटी उस बेंच को रिपोर्ट करे। कोर्ट को बताया गया कि शाहजहांपुर की इस छात्रा के लापता होने के बाद उसके कॉलेज प्रशासन ने भी मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में फिरौती मांगे जाने की भी शिकायत आई है। इस पर कोर्ट ने कहा कि एसआईटी मामले के हर पहलू को देखे। कॉलेज के लोगों और मामले से जुड़े तमाम लोगों से बात करे। हम किसी भी आरोप या तथ्य पर कोई विचार व्यक्त नहीं कर रहे। शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने मामले में संज्ञान लेते हुए राजस्थान में मिली छात्रा को अपने पास बुलाया था। जजों ने उससे बात की थी व इसके आधार पर उसे दिल्ली के ही महिला हॉस्टल में रखे जाने का आदेश दिया था। साथ ही, उसे माता-पिता से मिलवाने को भी कहा था। सोमवार को कोर्ट ने साफ किया कि उसकी सुनवाई का मकसद सिर्फ छात्रा की सुरक्षा था। उसके सामने यह बात रखी गई थी कि लड़की की सुरक्षा को गंभीर खतरा हो सकता है। अब आगे सुप्रीम कोर्ट के स्तर पर सुनवाई ज़रूरी नहीं है।



- कोर्ट ने कहा कि एसआईटी मामले के हर पहलू को देखे
- सुप्रीम कोर्ट में मामले की सुनवाई सिर्फ छात्रा की सुरक्षा के मकसद की गई थी
- शिक्षा से जुड़े सवाल पर सुनवाई लंबित, बाकी इलाहाबाद हाईकोर्ट देखेगा

### लड़की का अन्य कॉलेज में दाखिला करवाएं

जस्टिस आर भानुमति और ए एस बोपन्ना की बेंच ने कहा कि मुलाकात के दौरान लड़की ने उस कॉलेज में एलएलएम की पढ़ाई आगे जारी न रखने की बात कही है। हम चाहते हैं कि उसे किसी और कॉलेज में दाखिला दिलाया जाए। हम मामले में आगे सुनवाई नहीं करेंगे। सिर्फ लड़की की शिक्षा से जुड़े सवाल पर सुनवाई को लंबित रख रहे हैं। बाकी बातों को इलाहाबाद हाईकोर्ट देखेगा।

## उन्नाव रेप पीड़िता का सड़क दुर्घटना मामले में बयान दर्ज

सीबीआई ने उन्नाव बलात्कार पीड़िता का सड़क दुर्घटना मामले में बयान दर्ज किया है। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हुई उन्नाव बलात्कार पीड़िता को लखनऊ स्थित किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी से विमान के जरिये इलाज के लिए दिल्ली लाकर एम्स में भर्ती कराया गया था। उसकी हालत में सुधार है व उसे वार्ड में ले जाया गया है। हालत में सुधार के बाद सीबीआई ने पीड़िता का बयान दर्ज किया। यह बयान सड़क दुर्घटना मामले में दर्ज किया गया जिसमें उसकी दो रिश्तेदार की मौत हो गई, वह, उसका वकील गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उन्नाव की रहने वाली पीड़िता का आरोप है कि यूपी के विधायक कुलदीप सिंह सेंगर ने 2017 में उसके साथ बलात्कार किया था। तब वह अवयस्क थी। सेंगर भाजपा से पिछले माह निष्कासित किए जा चुके हैं। पीड़िता के चाचा ने सड़क दुर्घटना में सेंगर के करीबियों का हाथ होने का आरोप लगाया है।



- दुर्घटना में पीड़िता के दो रिश्तेदार की हुई थी मौत
- सीबीआई जख्मी वकील के दर्ज नहीं कर पाई है बयान

### वकील की हालत अभी भी गंभीर

अधिकारियों ने बताया कि पीड़िता के वकील की हालत अभी भी गंभीर है, वह आईसीयू में हैं जिसकी वजह से उनका बयान दर्ज नहीं हो सका है। गौरतलब है कि 28 जुलाई को यूपी के रायबरेली में ट्रक ने पीड़िता की कार को टक्कर मार दी थी, जिसमें उसके दो संबंधियों की मौत हो गई थी, उसका वकील घायल हो गया था।

## नमक-रोटी खिलाने की खबर छापने वाले पत्रकार पर केस

**लखनऊ।** यूपी के मिर्जापुर में हाल में प्राथमिक स्कूल में मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को नमक-रोटी खिलाने की खबर छापने वाले पत्रकार, ग्रामप्रधान के प्रतिनिधि समेत कई लोगों पर सरकार की छवि खराब करने के 'कुत्सित प्रयास' के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में आरोपी पत्रकार ने खुद पर लगे आरोपों को गलत बताते हुए कहा है कि खबर में कुछ भी बनावटी नहीं है व उन पर मुकदमा दर्ज किया जाना पत्रकारिता पर हमला है। राज्य के बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने कहा कि सिर्फ कोई भ्रष्टाचार या तथ्य उजागर करने के कारण पत्रकार पर कार्रवाई नहीं होनी चाहिये। अगर ऐसा हुआ होगा तो वह मामले को देखेंगे।



- मामले पर गौर करेंगे बेसिक शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी

## शराब को लेकर संघर्ष में एक की मौत

**अमेठी (उप्र)।** जिले में पीपरपुर इलाके के अमेमाफी गांव में दो गुटों के बीच संघर्ष में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा तीन अन्य घायल हो गए। अमेठी के पुलिस क्षेत्राधिकारी पीयूष कांत राय ने बताया कि कुछ बाहरी मजदूरों ने गांव में शराब की दुकान से शराब ली। बाद में उनका दुकान के कर्मचारी से झगड़ा हो गया। आरोप है कि बाद इन मजदूरों ने कर्मचारी राकेश सिंह को अपने वाहन में जबरन बिठा लिया। कर्मचारी द्वारा आवाज लगाने पर स्थानीय नागरिकों ने वाहन का पीछा किया और उन्होंने उन लोगों की पिटाई कर दी। पिटाई में तीन लोग बुरी तरह से घायल हो गये। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया जिसमें से एक की मौत हो गई। मृतकों में से एक की पहचान सोनभद्र के रहने वाले सियाराम (33) के रूप में हुई। घायलों की हालत चिंताजनक बनी हुई है। अभी उनकी पहचान नहीं हो सकी है।

## राशिफल 03 सितंबर 2019

डॉ. प्रेम कुमार शर्मा



ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार

Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : सेहतमंद रहने के लिए नियमित व्यायाम करें। परिवार का कोई विवाद थोड़े देर के लिए रुक सकता है। किसी दोस्त के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। **शुभ अंकः** 6, **रंग** : क्रीमसन।

**वृषः** कार्यक्षेत्र पर आपके व्यवहार के कारण समस्या हो सकती है। सेहत को लेकर सतर्क रहने की ज़रूरत है। परिवार के बड़ों के प्रति प्यार और केयर दिखाएंगे। **शुभ अंकः** 1, **रंगः** मर्जेंटा।

**मिथुनः** आर्थिक स्थिति मज़बूत होगी। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ खानपान अपनाएं। परिवार के साथ समय बिताकर अच्छा महसूस करेंगे। अच्छी जगह शिफ्ट हो सकते हैं। **शुभ अंक** : 9, **रंगः** क्रीमसन।

**कर्कः** कार्यक्षेत्र पर अच्छा प्रदर्शन रहेगा। प्रोफेशन में कुछ परेशानी हो सकती है। सेहत के लिए दिन अच्छा है। गृहणियां कामों में व्यस्त रह सकती है। पढ़ाई को लेकर दिन अच्छा है। **शुभ अंकः** 3, **रंगः** रोजी ब्राउन।

**सिंहः** कोई रुका हुआ पैसा वापिस मिल सकता है। सेहत को लेकर दिन अच्छा रहेगा। किसी दोस्त के साथ घूमने जा सकते हैं। कहीं छुट्टियों पर जाने का प्लान बना सकते हैं। **शुभ अंकः** 22, **रंगः** टरक्वॉइश।

**कन्याः** सधन संबंधित मामलों के लिए दिन अच्छा है। सेहत के लिए दिन अच्छा रहेगा। परिवार के किसी सदस्य के कारण मूड खराब हो सकता है। खानदानी प्रॉप्रर्टी के अच्छे दाम मिलेंगे। **शुभ अंकः** 4, **रंगः** आसमानी।

**तुलाः** आर्थिक स्थिति मज़बूत होगी। सेहतमंद रहने के लिए व्यायाम ज़रूर करें। परिवार के लोग आपका सपना पूरा करने में सहयोग करेंगे. किसी प्रॉप्रर्टी को बेचने की सोच सकते हैं। **शुभ अंकः** 11, **रंग** : नारंगी।

**वृश्चिकः** किसी समारोह में हिस्सा लेकर अच्छा महसूस करेंगे। सेहत को लेकर जागरुक रहेंगे। परिवार के किसी बड़े सदस्य को आपकी मदद की ज़रुरत है। **शुभ अंकः** 5, **रंग** : पैरेट ग्रीन।

**धनुः** कार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम की तारीफ करेंगे। फिट और ऊर्जावान महसूस करेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन अच्छा है। घर की मरम्मत कराने की सोच सकते हैं। **शुभ अंक** : 2, **रंगः** इंडिगो।

**मकरः** फिजूलखर्च से बचने की आदत डालें। किसी बीमारी में सुधार होगा। परिवार के लोग आपकी उपलब्धि पर गर्व महसूस करेंगे। कहीं छुट्टियों पर जाने का प्लान बना सकते हैं। **शुभ अंक** : 7, **रंगः** क्रीम।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र पर आपकी स्थिति मज़बूत होगी। फिजूलखर्च कम करने की कोशिश करें। सेहतमंद रहने के लिए स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। दोस्तों के साथ घूमने जा सकते हैं। **शुभ अंक** : 8, **रंगः** इलेक्ट्रिक ब्लू।

**मीनः** कोई प्रॉप्टर्टी नाम हो सकती है। सड़क पर यात्रा करते समय सतर्क रहें। परिवार के छोटे सदस्य पर गर्व महसूस करेंगे। व्यवसाय के लिए विदेश जाने का मौका मिल सकता है। **शुभ अंक** : 15, रंग : टरक्वॉइश।

### :टिप्स:

1. घर के केंद्र में धूपबत्ती जलाएं। इस तरह का उपाय फेंगशुई में देवताओं की पूजा करने और स्वास्थ्य की सलामती के लिए किया जाता है।
2. रसोई हवादार बड़ा आकर्षक, खुला दिखना चाहिए। रसोई हमेशा साफ रखें व कभी जरुरत से ज्यादा सामान नहीं भरें। रौशनी भी भरपुर होनी चाहिए।
2. शोर-शराबे के साथ होने वाले जिर्णोद्धार से बचें। घर या ऑफिस को बेहतर बनाने के लिए शोर-शराबे के साथ होने वाले जिर्णोद्धार न करें।



टिप्सः मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड

Contact: +91-11-26449898, 26489899

## लखनऊ में भदोही के एएसआई ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** लखनऊ के जानकीपुरम के सहारा स्टेट में साढ़ू के घर आए भदोही के एएसआई धर्मेन्द्र कुमार (35) ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिवारीजनों का कहना है कि धर्मेन्द्र का ट्रांसफर सीतापुर हो गया था। इससे वह अवसाद में थे। इंस्पेक्टर जानकीपुरम मुहम्मद अशरफ ने बताया कि मूलत गाजीपुर जनपद के गांव सद्दोपुर थाना करीमुद्दीनपुर निवासी धर्मेन्द्र एएसआई (मिनिस्ट्रियल) के पद पर कार्यरत थे। कुछ दिनों पहले उनका ट्रांसफर भदोही से सीतापुर पीएसी में हो गया था। ट्रांसफर होने से वह काफी परेशान थे, रुकवाने के लिए लगातार उच्चाधिकारियों के चक्कर लगा रहे थे। 10 दिन पहले धर्मेन्द्र पत्नी नीतू के साथ सहारा स्टेट की न्यू बहार कॉलोनी निवासी अपने साढ़ू दयाशंकर के घर आये थे। सोमवार सुबह उन्होंने कमरे को अंदर से बंद करके फांसी लगा ली। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ कर उन्हें फंदे से नीचे उतारा। तब तक मौत हो चुकी थी। मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। मृतक का मोबाइल कब्जे में ले लिया गया है। फिलहाल परिवारीजनों ने ट्रांसफर होने के कारण डिप्रेशन की बात कही है। मृतक का भाई राहुल गोरखपुर में सिपाही के पद पर तैनात है। फोन पर बातचीत के बाद उसने लखनऊ पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम कराए जाने का अनुरोध किया। इंस्पेक्टर का कहना है कि यदि परिवारीजन कोई तहरीर देंगे तो कार्रवाई की जाएगी।

- मृतक के भाई ने लखनऊ पहुंचने के बाद ही पोस्टमार्टम कराए जाने का अनुरोध किया

### रविशंकर ने प्रदेश भाजपा विधि प्रकोष्ठ के अभिनंदन समारोह में किया दावा

## 'सुप्रीम कोर्ट में जीतेंगे अयोध्या केस'

एजेंसी ⏭ पटना

केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद ने अयोध्या मामले को लेकर दावा किया, कहा कि अयोध्या मामले को लेकर हमारे पास इतने साक्ष्य हैं कि हम इस केस को जरूर जीतेंगे।

प्रसाद ने कहा कि श्रीराम-जन्मभूमि से जुड़े मामले में बहस के दौरान मेरे अंदर यही भाव था कि आज देश की सनातन परंपरा के प्रतीक कानूनी सिपाही बनने का सौभाग्य मिला है। इलाहाबाद हाईकोर्ट में हम जीते हैं, सुप्रीम कोर्ट में बहस चल रही है। इतनी बड़ी संख्या में साक्ष्य मौजूद हैं कि अच्छी बहस होगी, यह जीतने का विषय बनता है। यह मैं साक्ष्य के आधार पर बोल रहा हूं, बाकी कोर्ट का फैसला होगा वही मान्य होगा। प्रसाद रविवार को प्रदेश भाजपा विधि प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित अपने अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने 1500 केंद्रीय कानूनों को रद्द करने, धारा- 370 पर कार्रवाई, चारा घोटाला व तीन तलाक मामले का जिक्र किया, सरकार की उपलब्धियां बताईं। हम संविधान निर्माताओं के मूल भावना के अनुरूप काम कर रहे हैं। संविधान में पहली तस्वीर भगवान श्रीराम के अयोध्या वापसी की लगी है। यह संविधान निर्माताओं की मूल भावना को व्यक्त करती है। अधिवक्ताओं के बीमा के लिए कमेटी बनी है, रिपोर्ट मिलने पर कार्रवाई होगी। नोटरी पब्लिक के बड़ी रिक्ति आई है, इसके लिए आवेदन करें।



पटना। केंद्रीय कानून और आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने सोमवार को विद्यापति भवन में आर्थिक जनगणना के संबंध में मोबाइल ऐप लॉन्च किया।

- केंद्रीय मंत्री ने अयोध्या मामले में पर्याप्त साक्ष्य होने के दावे किए

## गलत ब्लड चढ़ाने से बीसीए की टॉपर छात्रा की दिल्ली में मौत

**गोपालगंज।** बिहार के गोपालगंज में कुचायकोट थाना क्षेत्र के कैथलिया की रहनेवाली बीसीए की टॉपर छात्रा की मौत दिल्ली के छतरपुर में इलाज के दौरान गलत ब्लड चढ़ाने के कारण मौत हो गई। सोमवार को उसका शव पहुंचते ही मातम पसर गया। दिनकर श्रीवास्तव की पुत्री आंचल श्रीवास्तव ब्लड में इंस्फेक्शन के कारण बीमार थी। इस बीच उसे बेहतर इलाज के लिए दिल्ली के अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि गलत ब्लड चढ़ाने के कारण उसकी स्थिति बिगड़ी, मौत हो गई। सोमवार को चंद्र गोकुल रोड स्थित साइबो कैंपस डॉ. जाकिर हुसैन इंस्टीट्यूट में दिवंगत छात्रा को श्रद्धांजलि दी गई। संस्थान के निदेशक राकेश कुमार दुबे ने बताया कि आंचल की असामयिक मृत्यु संस्थान के लिए काफी दुखद है। वह बीसीए प्रथम वर्ष में संस्थान टॉपर के साथ-साथ विवि के टॉप टेन में जगह बनाने में सफल रही थी।




## पटना में कुएं की सफाई करते वक्त तीन की मौत

एजेंसी ⏭ पटना

दुल्हिन बाजार थाने के सिंघाड़ा गांव में सोमवार की सुबह कुएं की उड़ाही करते समय एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई। मृतकों में चाचा मोहन साव, उसके दो भतीजे शंकर व गजेंन्द्र शामिल हैं। घर के सदस्यों ने आंगन में बने 30 साल पुराने कुएं की सफाई करने की योजना बनाई। इसी के तहत सोमवार की सुबह सबसे पहले सुरेश साव का पुत्र शंकर साव (18) कुएं में उतरा। कुएं में कोई हलचल नहीं देख उसका बड़ा भाई गजेंद्र साव (20) भी छोटे भाई की सहायता के लिए कुएं में उतरा। काफी समय तक कोई हरकत नहीं हुई तो उसकी छोटी बहन रूबी ने भाइयों को आवाज लगानी शुरू की। जब कोई जवाब नहीं मिला तो रूबी ने घर के बाहर दरवाजे पर बैठे चाचा मोहन साव को आवाज लगाई। मोहन दौड़ता हुआ कुएं के पास आया व भतीजों की मदद के लिए कुएं में उतर गया पर वह भी कुएं में ही रह गया। इसके बाद घर में कोहराम मच गया। लोगों के चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पड़ोस के लोग जमा हो गए और घटना की सूचना पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने ग्रामीणों के सहयोग से तीनों को बेहोशी की हालत में कुएं से निकाला। बाद में उन्हें दुल्हिनबाजार पीएचसी ले गए, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज करने के बाद अस्पताल में ऑक्सीजन नहीं होने का हवाला देते हुए तीनों को पीएमसीएच रेफर कर दिया। पीएमसीएच पहुंचने

## उत्तराखंडःमानसून में अबतक 60 मरे

**देहरादून।** उत्तराखंड में इस मानसून सीजन में बादल फटने, भूस्खलन होने तथा बाढ में बहने जैसी घटनाओं में अब तक 60 व्यक्तियों की जान जा चुकी है। भारी बारिश के चलते हुई इन घटनाओं से राज्य के सभी 13 जिले प्रभावित हुए हैं जिनमें उत्तरकाशी जिला आपदा से सबसे ज्यादा ग्रस्त रहा और वहां सर्वाधिक लोगों की जान गई। उत्तरकाशी जिले में आपदा राहत कार्यों में लगे एक निजी हैलीकाप्टर में सवार तीन व्यक्तियों की मृत्यु सहित कुल 20 व्यक्तियों की जान गई।



## उत्तराखंड में चोरी हुआ बच्चा भदोही में मिला

एजेंसी ⏭ भदोही (उप्र)

उत्तराखंड से चोरी हुआ बच्चा पुलिस ने सोमवार को गोपीगंज से बरामद किया। एसपी राम बदन सिंह ने बताया कि हरदोई जिले के राघवपुर के निवासी नीरज कुमार चार अगस्त को परिवार के साथ हरिद्वार में हर की पैड़ी गए थे, जहां से उनके ढ़ाई साल के लड़के राजन को किसी ने गायब कर दिया। कुमार ने रिपोर्ट हरिद्वार में दर्ज कराई थी। इसी बीच बेरासपुर गांव में एक बच्चे के आने की सूचना मिलने पर क्राइम ब्रांच की टीम ने बच्चे को अपने कब्ज़े में लेकर मामले का खुलासा कर दिया। हरिद्वार के कमला दास आश्रम में रहने वाली मंजू निषाद ने उस बच्चे को चोरी करके प्रयागराज स्थित अपने भाई को दिया था, वापस आश्रम लौट गई। बेरासपुर गांव में रितेश कुमार निषाद ने बच्चे के बारे में पुलिस को जानकारी दी, जिस पर भदोही पुलिस ने उत्तराखंड पुलिस को चोरी किये गए बच्चे के यहां होने व मंजू द्वारा गायब किये जाने की जानकारी दी।

- हरदोई पुलिस टीम के साथ आए पिता को सुपुर्द किया गया बच्चा

### हिरासत में ली गई महिला

उत्तराखंड पुलिस ने कमला दास आश्रम से मंजू को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। हरदोई जिले की पुलिस टीम के आने पर बच्चे की मेडिकल जांच के बाद उसे जिला बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया गया, हरदोई जिले की पुलिस टीम के साथ आये बच्चे के पिता को सुपुर्द कर दिया गया। फिलहाल हरदोई पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

### यूपी सरकार का दावाः इस वर्ष 27 अगस्त तक बीमारी ने सिर्फ 34 लोग मारे

# एईएस से होने वाली मौतों में भारी गिरावट दर्ज

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी सरकार ने जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई) और एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम (एईएस) के कारण होने वाली मौतों में भारी गिरावट का दावा किया है।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव देवेश चतुर्वेदी ने सोमवार को बताया कि इस साल 27 अगस्त तक एईएस के कारण 34 लोगों की मौत हुई है जबकि इसके 890 रोगी अस्पतालों में भर्ती किए गए हैं। इस अवधि में जापानी इंसेफेलाइटिस के कारण चार मौतें हुई हैं। वर्ष 2016 में एईएस के 3911 मरीज भर्ती किए गए जिनमें से 641 की मौत हो गई। वहीं 2017 में मरीजों की तादाद 4724 हो गई, जिनमें से 655 की मृत्यु हो गई।

वर्ष 2018 से इन आंकड़ों में गिरावट शुरू हुई। पिछले साल 3077 मरीज भर्ती हुए, मौत का आंकड़ा 248 रहा। वर्ष 2016 में जेई की वजह से 74 लोगों की मौत हुई थी। वर्ष 2017 में मौतों का यही आंकड़ा रहा। वर्ष 2018 में जेई के रोगियों की संख्या व मृतकों की तादाद घटी। पिछले साल जेई की वजह से 30 लोगों की मौत हुई। इस साल 27 अगस्त तक इस बीमारी से 4 लोगों की मृत्यु हुई है।



### दो बच्चों की मौत मामलाः मथुरा के राजकीय शिशु सदन में बाल आयोग को मिलीं खामियां

मथुरा। जिले के राजकीय शिशु सदन में करीब एक दर्जन बच्चों को डायरिया जैसी जानलेवा बीमारी के संक्रमण, दो बच्चों की मौत होने के मामले की जांच करने के लिए आई यूपी बाल अधिकार संरक्षण आयोग की टीम को कई खामियां मिलीं। खामियों पर टीम के सदस्यों ने गहरी चिंता व्यक्त की है। गौरतलब है कि राजकीय शिशु सदन में डायरिया से बृहस्पतिवार को दो बच्चों की मौत हो गई तथा शनिवार को दो और बच्चों की तबियत बिगड़ गई। इनमें से एक बच्चे की उम्र एक साल और दूसरे की चार माह है।

# इस अदालत में अपराध सिद्ध होने पर देवी-देवताओं को मिलती है सजा

*सर्पिलाकार केशकाल घाट की वादियों में सदियों पुरानें भंगाराम माई के दरबार में भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदा को लगती है यह विशेष अदालत, गांव की परेशानी को दूर न कर पाने वाले देवी देवताओं को दोषी माजा जाता है*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोंडागांव

छत्तीसगढ़ के बस्तर अंचल में आदिवासी समुदाय के लोग सदियों से विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा करते आ रहे हैं। यहां देवताओं और इंसान का रिश्ता आस्था व विश्वास पर टिका हुआ है। भक्त अपने देवता की भक्ति में रमा रहता है और उस पर प्रगाढ़ विश्वास रखता है, आस्था और विश्वास में कमी होने की स्थिति में उन्हीं देवी देवताओं को दैवीय न्यायालय की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। एक बेहद अनोखी प्रथा यहां सदियों से चली आ रही है, जिसमें न्याय का दरबार लगता है और देवी-देवताओं को भी सजा मिलती है। जी हां, जिला मुख्यालय कोंडागांव से 60 किलोमीटर की दूर पर सर्पिलाकार केशकाल घाट की वादियों में सदियों पुराना भंगाराम माई का दरबार है। जिसे देवी-देवताओं के न्यायालय के रूप में जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि भंगाराम की मान्यता के बिना क्षेत्र में स्थित नौ परगना में कोई भी देवी-देवता कार्य नहीं कर सकते। वर्ष में एक बार भाद्रपद शुक्ल प्रतिपदा को मेला आयोजित होता है। इस साल भी भंगाराम माई के दरबार में देवी- देवताओं का विशाल मेला आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी तादात में श्रद्धालु अपने देवी-देवताओं के साथ पहुंचे। बता दें कि इस न्यायालय स्थल में महिलाओं का आना वर्जित है।

### अपराधी को दंड और वादी को मिलता है न्याय

आस्था व विश्वास के चलते जिन देवी देवताओं की लोग उपासना करते हैं, अगर वे अपने कर्तव्य का निर्वहन न करें तो उन्हीं देवी-देवताओं को ग्रामीणों की शिकायत के आधार पर भंगाराम के मंदिर में सजा मिलती है। देवी-देवता एक कठघरे में खड़े होते हैं, जहां भंगाराम न्यायाधीश के रूप में विरामान होते हैं। यहां अपराधी को दंड व वादी को न्याय मिलता है।

**खास बातें**

- दोषी देवी देवताओं को गड्ढे में फेंकते हैं
- भंगाराम माई होते हैं न्यायाधीश



### मंदिर प्रांगण में स्थित है कारागार

भंगाराम बाबा के मंदिर परिसर में एक गड्ढा नुमा घाट है। जिसे कारागार कहते है। सजा के तौर पर दोष साबित होने पर देवी-देवताओं के लाट, बैरंग आंगा, डोली आदि को गड्ढे में डाला जाता है।

### न्यायाधीश के रूप में सुनाते हैं फैसला

*गांव में स्थापित देवी-देवताओं द्वारा गांव में होने वाली किसी प्रकार की व्याधि, परेशानी को दूर न कर पाने की स्थिति में देवी-देवताओं को ही दोष माना जाता है। विदाई स्वरूप उक्त देवी-देवताओं के नाम से चिन्हित बकरी मुर्गी सोने चांदी आदि के साथ गांव के देवी देवता लाट, बैरंग, डोली आदि को लेकर ग्रामीण साल में एक बार लगने वाले भंगाराम जातरा में पहुंचते हैं।जहां भंगाराम की उपस्थिति में गांव गांव से आए हुए शैतान देवी देवताओं की एक एक कर शिनाख्त के पश्चात अंगा डोली लाड बैरंग आदि के साथ लाए चूजे, मुर्गी, बकरी, डांग, आदि को खाई घुमा गहरे गड्ढे किनारे फेंका जाता है। जिसे ग्रामीण कारागार कहते है। देवी देवताओं पूजा अर्चना के पश्चात मंदिर प्रांगण में अदालत लगती है। देवी-देवताओं पर लगने वाले आरोपों को गंभीरता से सुनवाई होती है।आरोपी पक्ष की ओर से दलील पेश करने सिरहा, पुजारी, गायता, माझी, पटेल आदि ग्राम प्रमुख उपस्थित होते हैं। जहां दोनों पक्ष की गंभीरता से सुनवाई के पश्चात आरोप सिद्ध होने पर फैसला सुनाया जाता है।*

## खबर संक्षेप

### जुए के अड्डे पर पुलिस की रेड, एक ग्रामीण की मौत



**नरसिंहपुर।** जुए के अड्डे पर रेड के दौरान हुई ग्रामीण की मौत के मामले में उसके परिजनों ने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। दोषी अधिकारी-कर्मचारियों पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। अस्पताल परिसर में नरसिंहपुर विधायक जालम सिंह के साथ ग्रामीण धरने पर बैठ गए। राज्यसभा सांसद कैलाश जोशी भी वहां पहुंच गए थे। कलेक्टर, एसपी, एएसपी भी मौके पर मौजूद हैं। ग्रामीण लगा रहे पुलिस पर मनमानी का आरोप। मामले में न्यायिक जांच के आदेश दिए गए हैं। तीन डॉक्टरों की टीम कर रही शव परीक्षण, एसपी ने मामले में चार कर्मचारियों को निलंबित किया है।

### संपत्ति का हिस्सा बेटी को दिया, बेटे ने मां को पीटा




**भिलाई।** पति की मौत के बाद संपत्ति में दो बेटों के साथ ही बेटी को हिस्सा देने के बाद से परिवार में बिखराव के चलते एक बेटे ने ही अपनी मां की पिटाई कर दी। बहन ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उससे भी मारपीट की। घटना के बाद पीड़ित मां ने बेटे के खिलाफ ही गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत अपराध दर्ज कराया है। पुलिस ने बताया कि सरदार बाड़ी के पास उतई निवासी बेलसिया बाई साहू ने पति की मौत के बाद संपत्ति दो बेटों व एक बेटी में संपत्ति को बराबर में बांट दिया है। उसके दोनों बेटे भी प्रार्थिया के साथ ही अपने पैतृक घर पर रहते हैं। बीते दिन छोटे बेटे इंद्र कुमार साहू ने विवाद कर गाली-गलौज कर मारपीट की। बेटी त्रिवेणी बाई बीच-बचाव के लिए पहुंची तो उससे भी मारपीट किया। इसके बाद यह मामला थाने तक पहुंचा और आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया।

### चेन्नई में हुआ 4 मरीजों के आंख का इलाज, लौटे



**इंदौर।** मोतियाबिंद ऑपरेशन बिगड़ने के बाद चेन्नई भेजे गए चार मरीज रविवार शाम इंदौर लौट आए। अब इन्हें चोइथराम नेत्रालय में ही कुछ दिन रखकर इलाज व देखरेख की जाएगी। इंदौर आई अस्पताल में आंख का ऑपरेशन बिगड़ने के बाद 15 में से पांच मरीजों को चेन्नई के शंकर नेत्रालय भेजा गया था। इनमें से एक मरीज बालमुकुंद की आंख निकालने के बाद उसे पहले ही इंदौर भेज दिया गया था। चार मरीज मोहन देवका, मनोहर हरोड, मिश्रीलाल व हरपाल दास रविवार को इंदौर पहुंचे। हरपाल दास के बेटे नरसिंह लाल ने बताया कि पिता की आंख में आर्टिफिशियल कार्निया लगा दिया गया है। अभी उन्हें दिखाई नहीं दे रहा। अब यहां पर भी जांच की जाएगी।

### मध्यप्रदेश में मंत्री सिंघार के बयान से मचा बवाल

# शिवराज का सवाल- सोनिया बताएं प्रदेश में कौन चला रहा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

एक बार फिर मध्यप्रदेश में कांग्रेस सरकार के भीतर चल रही खींचतान खुलकर सामने आ गई है। दिग्विजय सिंह की मंत्रियों को लिखी चिट्ठी पर वन मंत्री उमंग सिंघार के बयान के बाद विपक्ष ने इस पर मोर्चा खोल दिया है।

सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, ₹इस वक्त मध्य प्रदेश में अभूतपूर्व संवैधानिक संकट पैदा हो गया है। कमलनाथ कैबिनेट के मंत्री कह रहे हैं कि उनकी सरकार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं। उनकी चिठ्ठी मंत्रियों के पास जा रही है। वो मंत्रियों से काम का हिसाब मांग रहे हैं, सवाल पूछ रहे हैं कि कौन से काम हुए और कौन से नहीं ? क्या वो जिस काम के बारे में पूछ रहे हैं वो जनता से जुड़े हैं।

**खास बातें**

- दिग्विजय सिंह ने मंत्रियों को लिखी थी चिट्ठी
- भाजपा ने प्रदेश में संवैधानिक संकट बताया
- परदे के पीछे से नियंत्रण का है आरोप



### पूर्व मुख्यंत्री शिवराज ने यह किया ट्वीट

मध्यप्रदेश में अभूतपूर्व संवैधानिक संकट पैदा हो गया है, मुख्यमंत्री कमलनाथ हैं, लेकिन सरकार दिग्विजय सिंह चला रहे हैं। उनकी चिठ्ठी जा रही है, कौन-कौन से काम हुए, बताओ। क्या मंत्री को धमकाने का अधिकार उनको है? इसलिए कांग्रेस को स्थिति स्पष्ट कर इस संकट को समाप्त करना चाहिए। शिवराज सिंह यहीं नहीं रुके उन्होंने मौजूदा राजनीतिक हालात पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि, दिग्विजय सिंह संवैधानिक पद पर न होते हुए भी हिसाब मांग रहे हैं, मंत्रियों से सवाल-जवाब कर रहे हैं। ऐसे में मैं कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी से अपील करता हूं कि वो हस्तक्षेप करें और ये साफ करें कि असली सीएम कौन ? हम तो पहले भी कहते रहे हैं कि ढाई सीएम की सरकार है।

### सिंघार ने कहा था दिग्विजय चला रहे सरकार

शिवराज बोले अब तो कांग्रेस सरकार के मंत्री ही ऐसी बात कह रहे हैं, इसलिए हाईकमान को ये तय करना चाहिए कि सरकार कौन चलाए ? और कोई सरकार चलाए और मुख्यमंत्री पद की शपथ कोई और ले। पर्दे के पीछे से सरकार नहीं चलनी चाहिए। अफसर भी असमंजस में है कि किसकी सुनें, किसी मानें। वन मंत्री उमंग सिंघार ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के पत्र पर रविवार को कटाक्ष किया था कि, दिग्विजय सिंह पर्दे के पीछे से खुद सरकार चला रहे हैं। उन्हें मंत्रियों को पत्र लिखने की क्या जरूरत है। सूत्र बताते हैं कि सिंघार ने सोनिया गांधी को भी पत्र लिखकर दिग्विजय की शिकायत की है।

### इंश्योरेंस कंपनी के दफ्तर में एक लाख रुपए की चोरी



**जबलपुर।** अशोका होटल मार्ग पर राइट स्थित यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कंपनी के कार्यालय का ताला तोड़कर चोरों ने कुछ दस्तावेज सहित करीब 1 लाख रुपए नकद पार कर दिया। घटना का पता रविवार सुबह करीब 8 बजे चला जब भवन की दूसरी मंजिल पर संचालित कोचिंग इंस्टीट्यूट के संचालक वहां पहुंचे। वे पहली मंजिल पर पहुंचे थे तभी उनकी नजर इंश्योरेंस कंपनी के दफ्तर पर पड़ी।ताला टूटने की सूचना उन्होंने भवन मालिक को दी। जिसके बाद कंपनी के एमडी समेत तमाम अधिकारी पहुंचे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश त्रिपाठी ने घटनास्थल का जायजा लिया। प्रकरण दर्ज कर पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है। भारत सरकार के अधीनस्थ इंश्योरेंस कंपनी का कार्यालय शनिवार व रविवार को बंद रहता है। कर्मचारी शुक्रवार की शाम कैश जमा करने के बाद कार्यालय बंद कर घर चले गए थे। पहली मंजिल पर कंपनी का कार्यालय, भूतल व प्रथम तल पर कोचिंग संस्थान संचालित हैं।

**कांग्रेस नेता की करतूत**

# युवती के घर में घुसकर पिता-भाई को गोली मारने की दी धमकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

आपराधिक प्रवृति का कांग्रेस नेता छात्रसंघ संगठन से जुड़े साथी के साथ एक युवती के घर में घुस गया और जमकर उत्पात मचाया। घर में पिस्टल लहराई और गालीगलौज करते हुए युवती के पिता की कनपटी पर अड़ा दी। गोली मारने की धमकी देकर भाई व पिता के सामने ही युवती से अश्लील हरकत करता रहा। उसके साथ मारपीट की और अगवा करने का प्रयास भी किया।फिर धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने दोनों आरोपितों के विरुद्ध कई धाराओं में केस दर्ज किया है।

### मुझसे फोन पर बात कर वरना गोली मार दूंगा

शाम को आरोपी अनमोल सोंटा युवती के घर पहुंच गया और पिस्टल निकालकर सामने रख दी। उसने कहा मेरा फोन क्यों नहीं उठाया। मेरी बात नहीं मानी तो तेरे पिता व भाई को गोली मार दूंगा। युवती के पिता ने सोंटा की पत्नी सिमरन को कॉल किया और पूरी घटना बताई। इस पर वह गुस्से में रात करीब 9 बजे साथी अनमोल के साथ आया और जबरन घर में घुस गया। अनमोल ने युवती के पिता की गर्दन दबा ली। कनपटी पर पिस्टल अड़ाई और कहा बात मान ले, वरना तेरे पिता को ढेर कर दूंगा। तेरे भाई को भी गोली मार देता हूं।


## दक्षिणी दिल्ली नगर निगम

कार्यालय कार्यपालक अभियंता (ईएण्डएम)–II

लोधी रोड ऑटो वर्कशॉप, सेवा नगर फ्लाईओवर के नीचे, नई दिल्ली–110003

ई–मेलः ee-enm2-sdmcmcd.gov.in, टेलीफोन नम्बर 011–24620140

निविदा आमंत्रण सूचना (एनआईटी नं. 8)

सं. ईई(ईएण्डएम)–II/एसडीएमसी/2019–20/डी–358 दिनांकः 28.08.2019

आयुक्त, एसडीएमसी की ओर से कार्यपालक अभियंता (ईएंडएम)–II, दक्षिणी दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) द्वारा डिपार्टमेंटल टाटा 407 सीएनजी बीएस–4 चेसिस (37 नग) पर लोड बॉडी के फैब्रिकेशन कार्य के लिए दो निविदा प्रणाली में वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER पर ऑनलाइन मद दर निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। अनुमानित लागतः रु. 1,22,24,800/–, धरोहर राशिः रु. 2,45,000/–.

निविदा दस्तावेज वेबसाइट https://www.tenderwizard.com/SOUTHDMCETENDER से डाउनलोड किये जा सकते हैं। यद्यपि, निविदा कीमत (रु. 1500/–) एवं ईएमडी के ड्राफ्ट कार्यालय एसई(ईएण्डएम), दूसरा तल, डॉ. एसपीएम सिविक सेंटर, नई दिल्ली–110002 में रखे निविदा बॉक्स में 16.09.2019 को 14:30 बजे तक जमा करने हैं। निविदा–पूर्व बैठक 06.09.2019 को अप. 2.30 बजे एसई(ईएंडएम) के कार्यालय में आयोजित की जाएगी।

परिशिष्ट/शुद्धिपत्र आदि (यदि कोई होगा) तो उसे केवल उपरोक्त वर्णित वेबसाइट पर प्रकाशित किया जाएगा और इसे निविदा दस्तावेज का भाग माना जाएगा। इस संबंध में कोई प्रेस अधिसूचना जारी नहीं की जाएगी। सभी भावी निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वे इस निविदा के संबंध में नवीनतम जानकारी के लिए कथित वेबसाइट नियमित रूप से देखते रहें।

Ro No. 51/DP/South/2019-20

ईई(ईएंडएम)– II, एसडीएमसी


**नगर निगम के तोड़फोड़ का असर**

# इंदौर के बाजारों को 50 करोड़ का नुकसान, बिगड़ा त्योहारी सीजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट ने शहर के प्रमुख बाजार का त्योहारी सीजन बिगाड़ दिया है। मंदी के दौर में बिक्री के खास समय पर की गई तोड़फोड़ का असर दूर तक पड़ता नजर आ रहा है। सांठा बाजार, सीतलामाता बाजार और कपड़ा बाजार में कम से कम 50 करोड़ का कारोबार प्रभावित होने की आशंका है। व्यापारियों के मुताबिक कहने को बिक्री का एक सीजन बिगड़ रहा है, लेकिन कम से कम सालभर तक कारोबार बाजार प्रभावित होगा।

### खुद को दिवालिया घोषित कर सकते हैं व्यापारी

व्यापारियों के मुताबिक तोड़फोड़ से कारोबारियों का भुगतान भी रुकने लगा है। ऐसे व्यापारी जिनकी पूरी दुकान टूट रही है या ज्यादा हिस्सा टूट रहा है, उन्होंने दूसरे व्यापारियों का भुगतान रोक दिया है। उन्होंने साफ कर दिया है कि धंधा ही नहीं बच रहा तो वे पैसे कहां से दें। मंद होते व्यापार को देख रिटेल वाले थोक माल वालों का भुगतान रोक रहे हैं और थोक वाले यहां से देश की अन्य मंडियों का भुगतान रोक रहे हैं। कई व्यापारी खुद को दिवालिया घोषित कर लेनदेन से हाथ खड़े कर सकते हैं।

# पुनिया को अब मिल सकता है झारखंड कांग्रेस का प्रभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

- पुनिया के पास दोनों राज्यों का प्रभार हो सकता है या फिर छत्तीसगढ़ को नया प्रभारी भी मिल सकता है
- पार्टी हाई कमान झारखंड में कांग्रेस को मजबूत करना चाहती है
- छग में बूथ स्तर तक पार्टी को मजबूत किया



कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया को झारखंड का प्रदेश प्रभारी बनाया जा सकता है। ऐसा पार्टी के भीतर चर्चा चल रही है। इसका कारण यह है कि छत्तीसगढ़ में पुनिया के प्रदेश प्रभारी रहते हुए कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में बम्पर जीत मिली थी। जिस तरह से पुनिया ने छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को संगठनात्मक रूप से मजबूत किया था, पार्टी हाईकमान चाहती है कि उसी तरह से झारखंड में कांग्रेस को मजबूत किया जाए, ताकि वहां वर्ष के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सफलता मिल सके। उत्तरप्रदेश के राज्यसभा सदस्य पुनिया को कांग्रेस ने 12 जुलाई 2017 को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया था। लगभग सवा साल बाद छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव हुआ, जिसमें कांग्रेस को 90 में से 68 सीटों पर जीत मिली। कांग्रेस की इस जीत के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष रहे टीएस सिंहदेव को जितना श्रेय दिया जाता है, उतना ही श्रेय पुनिया को भी जाता है। उन्होंने प्रदेश प्रभारी होने के नाते छत्तीसगढ़ में कांग्रेस को बूथ स्तर से मजबूत करने का काम किया। गुटों में बंटी कांग्रेस को एक मंच पर लाया।


## WOODSVILLA LIMITED

(CIN: L55101DL1994PLC030472)

Regd. Office: E-4 2ND FLOORDEFENCE COLONY NEW DELHI 110024

Tel: 011 41552060, E-mail:woodsvillaresort@gmail.com, Web-site: www.woodsvilla.in

**NOTICE OF THE 31st ANNUAL GENERAL MEETNG, BOOK CLOSURE AND E-VOTING INFORMATION**

Notice is hereby given that the 31st Annual General meeting (the 31st AGM) of the members of the Company will be held on Friday, 27th September. 2019 at 10:00 am at 23, Radhe Mohan Drive, Fatehpur Beri, Mehrauli, New Delhi - 110074 to transact the business as set out in the notice of the 31st AGM.

Notice of the 31st AGM together with the statement required to be annexed there to pursuant to the section 102 of the Companies Act, 2013 and Annual Report for the Financial Year 2018-19 along with attendance slip have been dispatched to all the members in physical mode at their registered address available with the RTA of the Company through the permitted mode. The Company has competed the dispatch of the notice of the 31st AGM and Annual report for the Financial Year 2018-19 to Members on 02nd September, 2019. The Documents pertaining to the items of business to be transacted in the 31st AGM are open for inspection at the registered office of the company during business hours on any working day to the date of 31st AGM.

Pursuant to the provision of Section 91 of the Companies Act, 2013 read with rules made there under and Regulation 42 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 the Register of Members and Share Transfer Books of the Company shall remain close from Thursday 19th September, 2019 to Friday 27th September 2019 (both days inclusive) for the purpose of 31st Annual General Meeting of the Company.

Further pursuant to the provision Section 108 of the Companies Act, 2013 read with the Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 and Regulation 44 of the SEBI( Listing Obligation and Disclosure Requirement), Regulations, 2015 as amended from time to time, the Company is pleased to provide its shareholder the facility to cast their votes on all the resolutions set forth in the 31st Annual General Meeting notice through electronic voting system (remote E-Voting) of National Securities Depository Limited (NSDL).

Pursuant to Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, the Company further informed to all members that:

a) all the business set out in the notice may be transacted by electronic voting.

b) the date of completion of dispatch of AGM Notice is 2nd September 2019.

c) the voting right of the members shall be in proportion to equity share held by them in the paid up equity share capital of the company as on Thursday, 19th September 2019 (cut off date). Any person who acquire the share of the Company and became a member of the Company after the dispatch of the notice of the 31st AGM and holding shares as on cut off date, may cast his/her vote through remote e-voting by obtaining the login-ID and password by sending a request at gmail.com or by letter to the company for exercising his/her vote electronically.

d) the facility for voting through poll paper shall be made available only to those members who are present at the 31st AGM but have not cast their votes by remote e-voting.

e) the cut-off date for determining the eligibity to vote by remote e-voting at the 31st AGM is Thursday, 19th September 2019 any person whose name is recorded in the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting or voting at the 31st AGM through poll paper.

f) A member may participate in the 31st AGM even after exercising his right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again at the 31st AGM.

g) The remote e-voting period will commence on Tuesday, 24th September, 2019 (9:00 AM) and will end on Thursday, 26th September, 2019(5:00 PM). The e-voting module shall be disabled by NDSL for voting thereafter and members will not be allowed to vote electronically beyond the said date and time. Once the voting on a resolution(s) is cast by the member, the member cannot modify its subsequently.

h) Annual Report of the Company for the Financial Year 2018-19 along with the notice of 31st AGM is also available on the Company's website www.woodsvill.com and on www.evotingindia.com

A member can opt for only one mode of voting i.e. remote e-voting or ballot Form. If a member casts vote by both the modes the votes cast through e-voting shall prevail and ballot form shall be treated as invalid. The results on resolutions shall be declared not later than 48 hours form the conclusion of the 31st AGM. The result declared along with the scrutinizer's report will be available on the Company's website and communicated to the BSE Limited.

For Woodsvilla limited
Sd/-
Akansha Rawat
Company Secretary & Compliance Officer
Membership no 55367

Date:3rd September 2019
Place:New Delhi



## पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड

PEARL

PET POLYETHYLENE TEREPHTHALATE JARS BOTTLES

CIN No. L25209DL1971PLC005535

पंजी. कार्यालय : ए–97/2, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज–II, नई दिल्ली–110020, भारत

Tel.No: +91-11-47385300, Fax : +91-11-47480746,

Email: pearl@pearlpet.net, Website: www.pearlpet.net

**48वीं वार्षिक सामान्य बैठक, दूरस्थ ई–वोटिंग और बुक क्लोजर की सूचना**

**ए ) वार्षिक सामान्य बैठक**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि 48वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस का सम्पादन करने के लिये पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड ("दि कम्पनी") के सदस्यों की 48वीं वार्षिक सामान्य बैठक ("एजीएम") शुक्रवार, 27 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 11.00 बजे कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में ए–97/2, ओखला इंडस्ट्रीयल एरिया, फेज–II, नई दिल्ली–110020 में आयोजित की जाएगी।

कम्पनी ने वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु एजीएम की सूचना और वार्षिक रिपोर्ट (दूरस्थ ई–वोटिंग के ढंग और प्रक्रिया, उसमें निहित प्रोक्सी फार्म और उपस्थिति पर्ची निहित) के प्रेषण का कार्य पूरा कर लिया है। कम्पनी ने जिनके ई–मेल पते या तो कम्पनी/रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट अथवा सम्बद्ध डिपॉजिटरी (ज) के पास पंजीकृत हैं, सदस्यों को ई–मेल द्वारा उपरोक्त दस्तावेज भेज दिये हैं।

**बी ) ई–वोटिंग**

कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 108, कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2015 द्वारा प्रतिस्थापित अनुसार कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 20 तथा सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन और डिस्क्लोजर अपेक्षाएं) नियमनों 2015 के नियमन 44 के प्रावधानों के तहत कम्पनी एजीएम (दूरस्थ ई–वोटिंग) के स्थल के अतिरिक्त किसी अन्य स्थान से इलैक्ट्रोनिक रूप से अपना मत देने के लिये सदस्यों को दूरस्थ ई–वोटिंग सुविधा उपलब्ध करवा रही है, जिसके लिये कम्पनी ने नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएं ली हैं। कम्पनी के सभी सदस्यों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि :–

1. इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा वोटिंग के माध्यम से सम्पादित किये जाने वाले एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सभी बिजनेस ;
2. दूरस्थ ई–वोटिंग मंगलवार, 24 सितम्बर 2019 को (पूर्वा. 9.00 बजे) (आईएसटी) प्रारम्भ होगी और बृहस्पतिवार, 26 सितम्बर 2019 को (अप. 5.00 बजे) (आईएसटी) समाप्त होगी।
3. इलैक्ट्रोनिक साधनों द्वारा अथवा एजीएम में मत देने के लिये पात्रता सुनिश्चित करने हेतु कटऑफ तिथि शुक्रवार, 20 सितम्बर 2019 है।
4. कोई व्यक्ति जो कम्पनी के शेयर अर्जन करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है और कटऑफ तिथि अर्थात् 20 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारण करता है, evoting@nsdl.co.in अथवा info@masserv.com पर कम्पनी के रजिस्ट्रार – मास सर्विसेज लिमिटेड को आग्रह भेजकर लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यदि कोई सदस्य एनएसडीएल के पास पहले से ही पंजीकृत है, तो दूरस्थ ई–वोटिंग के माध्यम से मत देने के लिये मौजूदा यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता/सकती है।
5. सदस्य ध्यान दें कि :–

ए) दूरस्थ ई–वोटिंग मॉड्यूल दूरस्थ ई–वोटिंग अवधि अर्थात् बृहस्पतिवार 26 सितम्बर 2019 अप. 5.00 बजे (आईएसटी) की समाप्ति के पश्चात् एनएसडीएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा। उपरोक्त तिथि व समय के पश्चात् दूरस्थ ई–वोटिंग हेतु सुविधा की अनुमति नहीं होगी।

बी) कोई व्यक्ति जिसका नाम कटऑफ तिथि के अनुसार सदस्यों के रजिस्टर में अथवा डिपॉजिटरीज/आरटीए द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिक के रजिस्टर में दर्ज है, को ही केवल दूरस्थ ई–वोटिंग अथवा मतपत्र के माध्यम से एजीएम के स्थल पर मत देने, जैसा भी मामला हो, की सुविधा का लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा। सदस्य जो एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई–वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, भी एजीएम में उपस्थित रह सकते हैं परन्तु दोबारा अपना मत देने के हकदार नहीं होंगे। यद्यपि मतपत्र द्वारा वोटिंग की सुविधा उन सदस्यों को उपलब्ध करवाई जाएगी जो पूर्व में अपना मत नहीं दे चुके हैं।

सी) प्रस्ताव पर सदस्यों द्वारा एक बार मत दे दिया जाता है तो उन्हें तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

डी) एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.pearlpet.net पर और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है। शेयरधारक, जो वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां प्राप्त करना चाहते हैं, pearlsecretarial@pearlpet.net पर कम्पनी को अथवा रजिस्ट्रार एवं ट्रांसफर एजेंट यथा info@masserv.com पर मास सर्विसेज लिमिटेड को अपना आग्रह ई–मेल कर सकते हैं।

ई) कम्पनी ने निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से मतदान प्रक्रिया की संवीक्षा के लिये संवीक्षाकर्ता के रूप में सुश्री रश्मि साहनी, प्रैक्टिसिंग कम्पनी सचिव (सर्टिफिकेट प्रैक्टिस नं. 10493) को नियुक्त किया है।

एफ) दूरस्थ ई–वोटिंग से सम्बन्धित किसी पूछताछ/शिकायत के मामले में, सदस्य सुश्री पल्लवी म्हात्रे, एनएसडीएल के सहायक प्रबंधक, ट्रेड वर्ल्ड ('ए') विंग, चतुर्थ तल, कमाला मिल्स कम्पाउंड, सेनापति बापत मार्ग, लोअर पैरेल, मुम्बई–400013 से evoting@nsdl.co.in पर नामित ई–मेल पर अथवा सम्पर्क नं. +91 22 24994545 पर सम्पर्क कर सकते हैं अथवा बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यूज") और www.evoting.nsdl.com पर एनएसडीएल के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध दूरस्थ ई–वोटिंग मैनुअल देखें अथवा टोल फ्री नं. 1800–222–990 पर कॉल करें।

**सी ) बुक क्लोजर**

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशन और डिस्क्लोजर अपेक्षाएं) नियमनों 2015 के प्रावधानों के तहत, वित्तीय वर्ष 2018–19 हेतु एजीएम के प्रयोजन हेतु कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स शनिवार 21 सितम्बर 2019 से शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 (दोनों दिन मिलाकर) तक बंद रहेंगे।

कृते पर्ल पोलिमर्स लिमिटेड
हस्ता/–
विनीत गुप्ता
कम्पनी सचिव
एम.नं. : 47642

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 02 सितम्बर, 2019


# कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए दान कर दी जमीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलासपुर

छत्तीसगढ़ के सुदूर वनांचल में रहने वाली आदिवासी महिला शिवकुमारी ने कुपोषित बच्चों की देखभाल के लिए अपनी जमीन दान कर दी है। यह जमीन अब कुपोषण के शिकार आदिवासी बच्चों के लिए आश्रय स्थल बन गई है। बच्चों को यहां रखकर पौष्टिक आहार दिया जा रहा है। आदिवासी परिवार सुबह अपने छोटे बच्चों को घर पर छोड़कर रोजी रोटी की तलाश में निकल जाते हैं। बच्चों की सुरक्षा को लेकर उनके मन में चिंता बनी रहती है। इसके अलावा समय पर भोजन न मिलने से बच्चे कुपोषण के शिकार भी हो रहे हैं।

**खास बातें**

- आदिवासी परिवारों के काम पर जाने के बाद बच्चों की देखभाल की थी परेशानी
- बच्चों में बढ़ते कुपोषण से थीं व्यथित

### फुलवारी केंद्र बनाने की शर्त पर दी जमीन



बिलासपुर स्थित ग्राम करही कछार निवासी शिव कुमारी से यह सब देखा नहीं गया। उन्होंने बच्चों की खातिर सरपंच से अपनी 20 डिसमिल जमीन देने की बात कही। जमीन दान करने के लिए उन्होंने शर्त रखी कि इस पर बच्चों के लिए फुलवारी केंद्र बनाया जाए और कुपोषित बच्चों को रखकर देखभाल की जाए। सरपंच ने यह बात अफसरों को बताई।

### सुनकर कलेक्टर भी अचरज में पड़ गए


अफसरों ने बिलासपुर जिले के तत्कालीन कलेक्टर पी. दयानंद तक यह बात पहुंचाई। यह सुनकर कलेक्टर भी अचरज में पड़ गए। कलेक्टर ने उनके प्रस्ताव पर हामी भर दी। बस फिर क्या था, शिव कुमारी ने अपनी जमीन दान में दे दी। इस जमीन पर कलेक्टर के निर्देश पर फुलवारी केंद्र बनकर तैयार हो गया।केंद्र में वनवासी बच्चों को रखा जा रहा है।

## चिंतन

# हरकतों से बाज नहीं आ रहा बिगड़ैल पाक

हिन्दी की एक बहुत पुरानी कहावत, चोर चोरी से जाए हेराफेरी से न जाए, यह पड़ोसी पाकिस्तान पर सौ फीसदी फिट बैठती है। अंतरराष्ट्रीय अदालत के आदेश पर पाक ने पिछले तीन सालों से जेल में बंद भारतीय नागरिक कुलभूषण जाधव की मुलाकात भारतीय राजनयिकों से तो करवाई, लेकिन उससे पहले खूब नौटंकी भी की। यहां तक कि अंतिम समय तक भारतीय राजनयिक को मुलाकात के स्थान के बारे में ही नहीं बताया गया। जिसके चलते मुलाकात दो घंटे देरी से हो पाई। पहले भारतीय राजनयिक गौरव अहलुवालिया की मुलाकात पाक विदेश मंत्रालय के मुख्य ऑफिस में तय की गई थी, लेकिन अंतिम समय पाक ने शरारत करते हुए किसी अज्ञात स्थान पर मीटिंग की बात कह दी। इससे पहले पाकिस्तान मुलाकात के नाम पर कुलभूषण जाधव के परिवार के साथ भी बदसलूकी कर चुका है। पाकिस्तान ने 29 मार्च 2016 को भारतीय नागरिक कुलभूषण को ईरान से गिरफ्तार किया गया था। पाक उस पर जासूसी का आरोप लगाता रहा है। वहां की सैन्य अदालत ने अप्रैल 2017 में जासूसी और आतंकवाद के आरोप में उसे मौत की सजा सुना दी। जब मई 2017 में भारत ने जाधव के खिलाफ पाकिस्तानी सेना के ट्रायल को भी चुनौती दी तो आईसीजे ने 18 मई 2017 को जाधव के केस में किसी तरह की कार्रवाई नहीं करने के निर्देश दिए। आईसीजे ने इसी साल 21 जुलाई को भारत के पक्ष में फैसला सुनाते हुए कुलभूषण की फांसी पर रोक लगा दी थी। आईसीजे के 16 जजों ने 15-1 के बहुमत से कुलभूषण की फांसी की सजा निलंबित करते हुए पाक को उन्हें तुरंत काउंसलर एक्सेस देने का निर्देश दिया। अब पाकिस्तान ने मजबूरी के चलते जाधव से भारतीय राजनयिक गौरव अहलुवालिया की मीटिंग तो करवाई, लेकिन अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। अब पाक अधिकारी कह रहे हैं कि सुरक्षा कारणों के चलते उन्होंने ऐसा किया। ऐसी ही बातें उन्होंने जाधव के परिवार से बदसलूकी करने के बाद कही थीं। पाकिस्तान ने 25 दिसंबर 2017 को कुलभूषण जाधव की मां और पत्नी को उनसे मिलने की इजाजत दी थी। जब वे मिलने पहुंची तो भारतीय अधिकारियों को मुलाकात की इजाजत नहीं गई। इतना ही नहीं मुलाकात से पहले जाधव की पत्नी और मां के कपड़े बदलवा दिए गए। पत्नी को मंगलसूत्र उतारने को कहा गया। पाक ने शक जताया कि कपड़ों और मंगलसूत्र में कैमरा या चिप लगी हो सकती है। पाकिस्तान केवल यहीं तक नहीं थमा। मां-बेटे की मुलाकात के बीच शीशे की दीवार खड़ी कर दी गई। यह हरकत तो इंसानियत को शर्मसार करने वाली थी। बरसों बाद मां अपने बेटे से तो मिली, लेकिन उसके सिर पर हाथ नहीं रख पाई। मुलाकात के दौरान मां और पत्नी की आंखों में आंसूओं का सैलाब उमड़ता रहा, लेकिन पाक अधिकारियों का दिल नहीं पिघला। जाधव अपनी मां और पत्नी के समक्ष तोते की तरह वही रटता रहा, जो उसे पाक अधिकारियों ने कहा था। अब राजनयिक से मुलाकात के दौरान भी उसने वही बदमाशी की। पहले ही दुनिया की निगाहों से गिर चुके पाकिस्तान के शासक ऐसी करतूतों से खुद को हास्यास्पद बना रहे हैं। कंगाल पाक दिवालिया होने के कगार पर खड़ा है। कोई देश उसे कर्ज देने को तैयार नहीं। यहां तक कि उसका दोस्त चीन भी नहीं। जनता महंगाई से त्राही-त्राही कर रही है, लेकिन शासक बेहुदगी से बाज नहीं आ रहे। अब इस पर क्या कहा जाए? सिर्फ यही दुआ की जा सकती है कि बिगड़ैल पड़ोसी पाकिस्तान को अच्छी बुद्धि आए।

## सारा संसार



गौरी मंदिर सिंध प्रांत के थारपारकर जिले में है। पाकिस्तान के इस जिले में हिंदुओं की संख्या ज्यादा है और इनमें अधिकतर आदिवासी हैं। पाकिस्तान में इन्हें थारी हिंदु कहा जाता है। गौरी मंदिर सिंध प्रांत के थारपारकर जिले में है। पाकिस्तान के इस जिले में हिंदुओं की संख्या ज्यादा है और इनमें अधिकतर आदिवासी हैं। पाकिस्तान में इन्हें थारी हिंदु कहा जाता है।

## व्यंग्य

अशोक गौतम

# विपक्षी बयान

अबके ज्यों उन्हें ज्यों ही पता चला कि सखियां सड़कों पर खुशी से लड्डू बांट रही हैं तो उनके अंदर का विपक्षी खून खौल उठा। अपने भीतर के विपक्षी खून को खौलते देख उन्होंने तत्काल अपने पीए को बुलाकर उससे पूछा तो पीए ने बताया, सर! वे मीन हलाक से आजादी की मुक्ति की खुशी में जश्न मना रही हैं। लड्डू बांट ज्यादा रही हैं, कम खा रही हैं। मतलब? मतलब सर ये कि आप दसवीं में भले ही आज तक पास न हो पाए हों, पर मीन हलाक के विरुद्ध कानून बोर्ड से पास हो कर बाहर आ गया है। ये सखियां इसी खुशी में, हमारे फेल होते हुए कोई पास नहीं हो सकता। पर सर वह तो हो गया! सुन वे सावन में पतझड़ाए। हम उसके पेपर दूसरी बार चेक करवाएंगे। हम पेपर चेक करने वाले को कोर्ट में चुनौती देंगे कि उसने मीन हलाक के पेपर सही ढंग से चेक नहीं किए और आंखें मूंद कर नंबर दे पास कर दिया। चलो, फौरन तैयारी करो। हमारी विरोध व्यक्त करने वाली टोपी, सदरी कहां है? जल्दी लाओ, कहते उन्होंने जल्दबाजी में उल्टी सदरी पहन डाली। टोपी भी सिर पर उल्टी ही लगा डाली और जल्दी-जल्दी दौड़ने लगे। जाना कहां है सर?' विरोध करने। उनको समझाने की मीन हलाक बिल पास होने से तुम्हारी अस्मिता खतरे में पड़ने वाली है। आओ और हमारे साथ मिलकर इसका विरोध करो। हम मिलकर इस बिल को नकल करवा पास करवाने वाली सरकार पर जमकर हमला करेंगे। पर सरकार उससे हासिल क्या होगा? यार! पहले भी हासिल क्या हुआ है? पर अपनी नाक के लिए यह सब तो करना ही होगा न! कितने साल हो गए तुम्हें मेरे साथ रहते पर। मतलब सर? इससे पहले की दूसरे विपक्षी इस पास हुए बिल के विरोध में उतर जाएं , हमें जल्दी करनी होगी। हम इस सही, सॉरी, पास जनविरोधी बिल के विरोध का सारा श्रेय लेना चाहते हैं बस! तो सर? तो क्या? चलो प्रेस वालों को बुलवाओ! हम उन्हें सबसे पहले बताएंगे कि यह बिल जिनके हितों की रक्षा के लिए पास किया गया है असल में यह उनके खिलाफ है। उनके खिलाफ इस बिल का पास होना एक गहरी साजिश है। इसके परिणाम बहुत घातक होंगे, इसलिए सबको इस बिल के बारे में बताया जाना बहुत जरूरी हो गया है। पर सर? थोड़ा इसे स्टडी तो कर लेते! ब्लडी, स्टडी कुछ नहीं। हमने आज तक जो भी कहा है बिन स्टडी किए ही कहा है। पर सर? हमें अब खुलकर कहने दो! हमें अब सदरी के बटन खोलकर कहने दो। हमें कहने से आज कोई पीए नहीं रोक सकता। हमें हलाक देने से कोई नहीं रोक सकता। अपनी बीवियों को हलाक देना हमारा हक है। हमसे हमारी बीवियों का हलाक लेना उनका हक है। हम दोनों के हकों के बीच कोई तीसरे आए, हमें यह कतई मंजूर नहीं। हमें अपने हलाक के बीच किसी तीसरे की मध्यस्थता ट्रंप की तरह हरगिज स्वीकार नहीं। पर सर! जरा रुको तो सही! अब हम रुक नहीं सकते। हम इस बिल के विरोध में बिन सोचे समझे सोए सोए भी, रोए रोए भी पूरी हिम्मत से आवाज उठाएंगे। पर सर! सुनो तो सही। अब तुम्हारी तो क्या मैं किसी की भी नहीं सुनुंगा। मेरा गला बकते बकते सूख रहा है। जाओ, कहीं से एक गिलास पानी तो लाओ ताकि मैं अवाम को प्रभावी ढंग से संबोधित कर सकूं। हां तो! हमें इसका विरोध करने से कोई नहीं रोक सकता।

# बेहतर काम करेंगे बड़े बैंक



विलय

सतीश सिंह

परिचालन एवं दूसरे खर्चों में कटौती को सुनिश्चित करने से बड़े बैंकों की लाभप्रदता में इजाफा होगा। पूंजी की उपलब्धता रहने से वे सस्ती दर पर ग्राहकों को कर्ज देंगे। एनपीए के मोर्चे पर बेहतर काम कर सकेंगे। मौजूदा समय में छोटे बैंक पूंजी की कमी के कारण अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग मानकों को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। जोखिम प्रबंधन में भी वे फिसड्डी साबित हो रहे हैं। ऐसे में एकीकरण के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हर मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन करेंगे, ऐसी उम्मीद की जा सकती है।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर एक कदम आगे बढ़ते हुए 30 अगस्त को मोदी सरकार ने 10 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के विलय की घोषणा कर दी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार अगले पांच सालों में पांच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए देश में बड़े बैंकों का होना जरूरी है।

घोषणा के अनुसार पंजाब नेशनल बैंक के साथ ओरियंटल बैंक ऑफ कॉमर्स और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया का विलय होना प्रस्तावित है। विलय के बाद इनका कारोबार 17.94 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और यह देश का दूसरा सबसे बड़ा बैंक होगा। केनरा बैंक के साथ सिंडीकेट बैंक का विलय होना है। इनका कारोबार 15.20 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और यह देश का चौथा सबसे बड़ा बैंक होगा। यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के साथ आंध्रा बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक का विलय होगा। इनका कारोबार 14.59 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और यह देश का पांचवां बड़ा बैंक होगा। इंडियन बैंक के साथ इलाहाबाद बैंक का विलय होना है। इनका कारोबार 8.08 लाख करोड़ रुपये का हो जाएगा और यह देश का सातवां बड़ा बैंक होगा। इस विलय के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की संख्या 27 से कम होकर 12 रह जाएगी।

गौरतलब है कि एकीकरण के बाद स्टेट बैंक का कारोबार 52.05 लाख करोड़ रुपये का हो गया है और यह आज देश का सबसे बड़ा बैंक है और वैश्विक स्तर पर यह 50 बड़े बैंकों की श्रेणी में आ गया है। वहीं, एकीकरण के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा का कारोबार 16.13 लाख करोड़ रुपये का हो गया है।

प्रस्तावित विलय के तत्काल बाद ग्राहकों को चेकबुक बदलना पड़ेगा। हालांकि मौजूदा चेकबुक कुछ समय के लिए मान्य रहेंगे। ग्राहकों को एक नया खाता संख्या और ग्राहक पहचान नंबर दिया जा सकता है, इसके लिए ग्राहकों को मोबाइल नंबर और ईमेल एड्रेस को अद्यतन रखना होगा, ग्राहकों को नए इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सर्विस निर्देश देने होंगे, ऑटो डेबिट या सिस्टेमेटिक इनवेस्टमेंट प्लान के लिए एसआईपी पंजीकरण आवेदन भरना पड़ सकता है, ईएमआई के लिए नया चेकबुक देना होगा आदि। शाखाओं और कार्यालयों के बेहतर समायोजन के लिए कुछ शाखाओं को बंद या दूसरे शाखा के साथ विलय किया जा सकता है, जिसके कारण आईएफएससी और एमआईसीआर कोड में बदलाव करना होगा। हालांकि सावधि जमा या कर्ज ब्याज दरों में मियाद पूरी होने तक किसी तरह के बदलाव की कोई जरूरत नहीं होगी।

गौरतलब है कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एकीकरण पर वर्ष 2003 के बाद कई बार विचार किया गया, लेकिन कोई ठोस रणनीति नहीं बनाई जा सकी। मानव संसाधन, सूचना एवं प्रौद्योगिकी, वेतन व भत्ते, प्रणाली आदि में एकरूपता का नहीं होना इसका एक बहुत बड़ा कारण था। एकीकरण के संबंध में आरएस गुजराल की अध्यक्षता में बनी समिति ने सरकार को



अपनी रिपोर्ट जनवरी 2012 में दी थी, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को आपस में मिलाकर सात बड़े बैंक बनाने का सुझाव दिया गया था। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के एकीकरण का रोडमैप बैंक बोर्ड ब्यूरो ने तैयार किया था और इसके लिए सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को छह समूहों में बांटा गया था। बैंकों के समूहों का निर्णय मानव संसाधन, ई-गवर्नेंस, आंतरिक लेखा-परीक्षा, धोखाधड़ी, सीबीएस एवं वसूली को आधार बनाकर लिया गया था। हालांकि, सरकारी बैंकों के एकीकरण की दिशा में तेजी मोदी सरकार के आने के बाद आई। मौजूदा परिप्रेक्ष्य में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का एकीकरण ही एकमात्र विकल्प है, क्योंकि बढ़ते एनपीए, बासेल तृतीय के विविध मानकों को पूरा करने का दबाव, बैंकों की आधारभूत संरचना को मजबूत करने आदि के लिए बैंकों को भारी-भरकम पूंजी की जरूरत है। साथ ही, ग्राहकों को बेहतर सेवा और सुरक्षित बैंकिंग सुविधाएं मुहैया कराना भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के लिये एक बड़ी चुनौती है। बैंकों की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने में न तो बैंक समर्थ हैं और न ही सरकार। जिस तरह से एनपीए और धोखाधड़ी का ग्राफ बढ़ रहा है, छोटे बैंकों के लिये अपने अस्तित्व को बचाने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है।

सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पंजाब नेशनल बैंक को 16000 करोड़ रुपये, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया को 11700 करोड़ रुपये, बैंक ऑफ बड़ोदा को 7000 करोड़, केनरा बैंक को 6500 करोड़, इंडियन बैंक को 2500 करोड़, इंडियन ओवरसीज बैंक को 3800 करोड़, सेंट्रल बैंक 3300 करोड़, यूको बैंक को 2100 करोड़, यूनाइटेड बैंक को 1600 करोड़ और पंजाब एंड सिंध बैंक को 750 करोड़ उनके पुनर्पूंजीकरण के लिये देने का फैसला किया है.

इसमें दो राय नहीं है कि बैंकों के एकीकरण के बाद परिचालन लागत व दूसरे खर्चों में कमी, लाभ में बढ़ोतरी, जोखिम प्रबंधन में आसानी, प्रदर्शन में बेहतरी, पूंजी निर्माण में तेजी आदि संभव हो सकेंगे। इससे प्रशिक्षित मानव संसाधन में बढ़ोतरी, प्रशिक्षण के खर्च में कमी, पूंजी व संसाधनों की उपलब्धता में वृद्धि, धोखाधड़ी के मामलों में कमी आदि आने की संभावना हैं। भारत जैसे बड़े एवं विविधितापूर्ण देश में बैंकिंग की सुविधा गली-मोहल्लों तक पहुंचाने के लिए ग्रामीण क्षेत्र से मुंह नहीं मोड़ा जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराना सरकार के लिए आज भी एक बड़ी चुनौती है। एकीकरण के बाद ग्रामीण क्षेत्र में इनकी उपस्थिति में और भी इजाफा होगा। भारत के सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक स्वरूप का ताना-बाना बड़े बैंक के अनुकूल है, क्योंकि बड़े बैंक ही इतने बड़े देश में समान रूप से बेहतर ग्राहक सुविधायें मुहैया करा सकते हैं। वैश्विक उपिस्थिति होने से बैंकों के ग्राहकों को देश व विदेश में सेवा मिल सकेगी।

परिचालन एवं दूसरे खर्चों में कटौती को सुनिश्चित करने से बड़े बैंकों की लाभप्रदता में इजाफा होगा। पूंजी की उपलब्धता रहने से वे सस्ती दर पर ग्राहकों को कर्ज भी दे सकेंगे। एनपीए और जोखिम प्रबंधन के मोर्चे पर बेहतर काम कर सकेंगे, जिससे उनकी साख में इजाफा होगा। मौजूदा समय में छोटे बैंक पूंजी की कमी के कारण न तो अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग मानकों को पूरा कर पा रहे हैं और न ही सस्ती दर पर ग्राहकों को कर्ज उपलब्ध करा पा रहे हैं। एनपीए और जोखिम प्रबंधन में भी वे फिसड्डी साबित हो रहे हैं। बेहतर तकनीक के अभाव में उनकी ग्राहक सेवा अच्छी नहीं है। ऐसे में एकीकरण के बाद सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक हर मोर्चे पर बेहतर प्रदर्शन करेंगे, ऐसी उम्मीद की जा सकती है।

## भोग विलास में सुख की कल्पना व्यर्थ



संकलित

दर्शन

भोग विलास दुख के कारक हैं उनमें सुख की कल्पना ही व्यर्थ है। ऐसा नहीं है कि हमारी संस्कृति भौतिकता एवं भोग के विरुद्ध हो पर इसके साथ धर्म अवश्य जुडा है। धर्म ही हमें स्वेछाचारी बनने और अनैतिक कर्मों में लिप्त होने से रोकता है और सुख शांति की राह दिखाता है। यदि हम सनातन धर्म की तरफ निगाह डालें तो पाएंगे कि अहिंसा, जीवों पर दया, क्षमा, करुणा, दया, पवित्रता, ब्रह्मचर्य, निर्लोभता, परोपकार, त्याग आदि सभी सनातन धर्म के मूल है। भोग विलास से क्षणिक तुष्टि तो हो सकती है परन्तु संतुष्टि कभी नहीं मिल सकती भोग या काम वासना को जितना भोगने की कोशिश की जाय उतना ही वह ठीक उसी प्रकार बढ़ती जाएगी जैसे हवन में घी डालने से आग बढ़ती जाती है। लोभ, क्रोध, अहंकार, घृणा, तृष्णा, वैमनस्य को पाल कर सुख शांति की उम्मीद करना ब्यर्थ है। मन में संतोष हो, ईश्वर में विश्वास हो और बल तथा पुरषार्थ परहित में लगा रहे हैं तो प्रसन्नता और सुख शांति हमेशा दासी बनी रहेगी। पैसे से यदि सुख खरीदा जा सकता तो तमाम धन कुबेर चैन की बांसुरी बजाते मिलते पर वास्तविकता ठीक इसके विपरीत ही नजर आएगी। त्याग और परहित से बढ़कर सुख का कोई साधन है ही नहीं।

## संगत से गुण उपजे, संगत से गुण जाए




संकलित

प्रेरणा

एक भंवरे की दोस्ती गोबर के कीड़े से थी। एक दिन कीड़े ने भंवरे को दावत पर आमंत्रित किया। भंवरा जब कीड़े के यहां भोजन खाने पहुंचा तो लेकिन गोबर की बदबू और गंदगी से उसका हाल बुरा हो गया। हालांकि मित्र के प्रेम के आगे वह कुछ बोल न सका लेकिन भंवरा सोच में पड़ गया। उसने बुरे का संग किया, इसलिए उसे गोबर खाना पड़ गया। कुछ दिन बाद उसने भी कीड़े को अपने यहां दावत पर आमंत्रित किया। कीड़ा भंवरे के यहां दावत पर पहुंचा। भंवरे ने कीड़े को उठाकर गुलाब के फूल में बैठा दिया, कीड़े ने स्वादिष्ट पराग रस पिया ही था कि पास के मंदिर का पुजारी उसी गुलाव के फूल को तोड़कर ले गया और बिहारी जी के चरणों में चढ़ा दिया। कीड़े को ठाकुर जी के दर्शन हुए और भगवान के चरणों में बैठने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। शाम को पुजारी ने सारे फूल इकट्ठा किए और गंगा जी में छोड़ दिए। कीड़ा अपने भाग्य पर हैरान था, इतने में भंवरा उड़ता हुआ कीड़े के पास आया, मित्र का हाल पूछा? कीड़े ने बहुत खुश होते हुए कहा कहा-भाई, तुम जैसे अच्छे जीव से दोस्ती करके मुझे जन्म-जन्म के पापों से मुक्ति मिल गई।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### खेलकूद हमारे जीवन के लिए बेहद जरूरी

राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रधानमंत्री ने फिटनेस संदेश दिया कि शारीरिक श्रम, परिश्रम, व्यायाम, योग और खेलकूद के बिना हम फिट नहीं रह सकते। ये सभी हमारे लिए बहुत जरूरी हैं। अंग्रेजी में भी कहावत है कि 'ए हेल्दी माइंड डवलप्स इन ए हेल्दी बॉडी', अर्थात एक स्वस्थ शरीर में ही अच्छा मस्तिष्क होता है, जो ताजगी, ताकत और बड़ी प्रफुल्लता देता है। हमें सदा नया, अच्छा और बड़ा कार्य करने का अवसर देता है। साथ ही विशेष ऊर्जा के साथ कुछ अच्छा और ऐतिहासिक करने कराने के लिए प्रेरित करता है। इसलिए अफिट स्वास्थ्य से बढ़ कर कुछ भी तो नहीं है। यह कभी धन, दौलत और सोने-चांदी के टुकड़ों से नहीं खरीदा जा सकता, मगर अच्छे स्वास्थ्य के लिए शुद्ध हवा, पानी, अन्न, सब्जी और फल आदि भी बहुत जरूरी है।

*-रविंद्र जोशी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# हत्या के आरोपी भारतीय का होगा ब्रिटेन प्रत्यर्पण

ब्रिटेन के दस साल पुराने बलात्कार और हत्या मामले में आरोपी एक भारतीय को भारत से प्रत्यर्पित किया जाएगा। 'संडे मिरर' की खबर के अनुसार माना जाता है कि अमन व्यास (34) भारत में हिरासत में है। उसके खिलाफ 2009 में पूर्वी लंदन के वॉल्थेमस्टोव में बच्चों के क्रीड़ास्थल में मृत पाई गईं मिशेल समरवीरा की हत्या को लेकर लंदन में मुकदमा चलाया जाएगा। ऐसा माना जाता है कि मिशेल का यौन उत्पीड़न भी हुआ था। बड़े भारतीय कारोबारी का बेटा अमन घटना के समय छात्र वीजा पर ब्रिटेन में रह रहा था और वह मिशेल की हत्या से पहले पूर्वी लंदन में हुए तीन अन्य कथित यौन हमलों में पूछताछ के लिए भी वांछित है।



स्कॉटलैंड यार्ड ने अमन के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। 2011 में थाईलैंड जाते समय उसे दिल्ली हवाई अड्डे पर गिरफ्तार कर लिया गया था और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। वह तब से ही ब्रिटेन प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ लड़ रहा है और भारत में कई बार अदालत में पेश हो चुका है। पिछले साल लेबर पार्टी की वॉल्थेमस्टोव से सांसद स्टेला क्रिसी ने पीड़िता के परिवार के कहने पर तत्कालीन प्रधानमंत्री टेरेसा मे से अनुरोध किया था कि जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अप्रैल 2018 में ब्रिटेन यात्रा पर आएं तो वह उनके सामने इस मुद्दे को उठाएं ताकि प्रत्यर्पण की कोशिशों को गति मिल सके।

## ऑफ बीट

# खाने के लिए भिड़े पांच शेर, निकल भागा भैंसा

ट्विटर पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसको देखकर आप सबक सीख सकते हैं। भारतीय वन सेवा के अधिकारी प्रवीण कासवान ने वीडियो शेयर किया है। जो साउथ अफ्रीका के क्रूगर नेशनल पार्क का है। जिसमें देखा जा सकता है कि 5 शेरों ने भैंस को शिकार बनाया है। आपको लग रहा होगा कि 5 शेरों ने मिलकर भैंस को खा लिया होगा। लेकिन ऐसा बिलकुल नहीं हुआ। भैंस को शिकार बनाने के बाद एक शेर खाने के लिए टूट पड़ा, लेकिन एक शेर गुस्सा गया और खा रहे शेर पर हमला कर दिया। जिसके बाद सभी शेरों के बीच झगड़ा शुरू हो गया। भैंसा धीरे से उठा और अपने झुंड की तरफ चला गया। प्रवीण कासवान ने वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा- 'इस शेरों को सबक मिल गया होगा। ये भोजन कर रहे थे। लेकिन सबसे पहले झगड़ा करना सही समझा और खाना भाग निकला।' इस वीडियो को अब तक 2 हजार से ज्यादा लाइक्स, 600 से ज्यादा रि-ट्वीट्स और 17 हजार व्यूज हो चुके हैं। एक यूजर ने लिखा- 'इन शेरों को अच्छा सबक मिला। इस वीडियो को देखने के बाद मुझे भी सबक मिल गया। खाना बहुत जरूरी है। बाद में बाकी काम।' वहीं एक यूजर ने लिखा- 'भैंस को जीने के लिए एक और दिन मिल गया।'



## ट्रेंड

### पवार, राहुल बताएं



शरद पवार और राहुल गांधी, दोनों जनता को स्पष्ट करें कि वे धारा 370 और 35ए के हटने के समर्थन में हैं या नहीं? जनता इसका स्पष्टीकरण चाहती है। क्या कांग्रेस और एनसीपी चाहती है कि भारत में पाकिस्तानी आतंकियों का तांडव जारी रहे?

-अमित शाह

### गणेश पर्व मनाएं



इस दिन गणेशा को नया मुख मिला और सुपर शानदार बना। वह विघ्नेश्वरा, अजेय बन गया। हमारे दिमाग को फ्री काम करने दें और उसे आजाद छोड़ दें। हमारी बुद्धिमत्ता को हमारी भलाई के लिए काम करने दें। आइए हम मनाएं गणेश पर्व।

-सदगुरु

### सनी की मासूमियत



बचपन के एक दिन मैं मेरे सबसे मासूम बेटे सनी की नहाने के दौरान बिना तौलिए के तस्वीर लेना चाहता था। बेचारे सनी ने कहा, नहीं, पापा नहीं। उसकी मासूमियत मेरे दिल को छू गई। आज भी वो वैसी मासूमियत दिखाता है। खुश रहो।

-धर्मेन्द्र

### खूबसूरत है छिछोरे



कल रात को छिछोरे देखने का मौका मिला। एक खूबसूरत संदेश के साथ एक अद्भुत फिल्म है। मजा आ गया। यू पूरे ग्रुप और परिवार के साथ देखने वाली फिल्म। सिनेमा में फिल्म से जुड़े तीन लोग भी मेरे साथ थे। जिन्होंने बेहतरीन काम किया है।

-वरुण धवन

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

# सहेली







**शिक्षक दिवस**

**5 सितंबर- विशेष**

हर किसी के जीवन को संवारने में, उसे खूबसूरत दिशा देने में उसके शिक्षक की बड़ी भूमिका होती है। व्यावसायिक जीवन में सफल होने के लिए औपचारिक शिक्षा देने के साथ ही वे हमें व्यावहारिक ज्ञान और स्नेह की ऐसी मंजूषा सौंप देते हैं, जो जीवनपर्यंत हमारा मार्ग प्रशस्त करती रहती है।

## हमारे शिक्षक

# जिनसे मिलता है ज्ञान-स्नेह का संबल

आवरण कथा

मिशा शर्मा



भारतवर्ष में गुरु-शिष्य परंपरा का स्वर्णिम इतिहास रहा है, फिर चाहे वो श्रीकृष्ण और गुरु संदीपनि हों, चंद्रगुप्त और आचार्य चाणक्य हों, कबीर और गुरु रामानंद हों, मीरा और उनके गुरु रैदास हों, या विवेकानंद और उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस हों। ये सभी ऐसी विभूतियां हुई हैं, जिन्होंने इस देश-समाज को न केवल एक नई दिशा दी, साथ ही गुरु-शिष्य परंपरा का आदर्श स्थापित किया।

### मां-पिता जैसी है भूमिका

जब एक शिक्षक के तौर पर बात देश के भविष्य को संभालने और संवारने की आती है तो उनकी भूमिका भी कम महत्वपूर्ण नहीं होती है। न केवल वे अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को पूरी गंभीरता से निभाते हैं बल्कि अपने हर छात्र-छात्रा से अपनेपन से जुड़कर उसे ज्ञान और जीवन के पाठ सिखाते हैं। किसी मां के समान ही एक शिक्षिका भी अपने विद्यार्थियों से स्नेह रखती है, उनकी भावनाओं को, उनके कोमल मन को समझती है, जरूरत पड़ने पर कठोर भी बनती है। चालीस से पचास बच्चों की कक्षा में हर चेहरे के भाव, खुशी, मायूसी, उत्साह, परेशानी समझने का गुण एक शिक्षिका में ठीक उसी प्रकार होता है, जैसे एक मां अपने हर बच्चे के मन में उठ रहे उद्वेग को भांप लेती है। अपने पेशे को परिवार बना लेती है, उसका अपने विद्यार्थियों से स्नेह और चिंता शैक्षिक प्रांगण में ही नहीं छूट जाता बल्कि यह स्नेह और चिंता एक शिक्षक के जीवन का अभिन्न अंग है। सच तो यह है कि मां-पिता के बाद हमारे शिक्षक ही होते हैं, जो हमारी उन्नति और तरक्की पर मात्र प्रसन्न ही नहीं बल्कि गौरवान्वित भी होते हैं। उसी तरह पुरुष शिक्षक पिता की ही भांति स्वयं से ज्यादा अपने विद्यार्थियों को आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं, उन्नति के शिखर को छूते हुए देखना चाहते हैं।

### शिक्षक कौन है

शिक्षक मात्र वे ही नहीं होते हैं, जिन्होंने विद्यालय या महाविद्यालय की सीमा के भीतर हमें ज्ञान दिया। अपितु हर वो व्यक्ति, जिसने हमें जीवन के किसी भी क्षेत्र में कुछ ना कुछ सिखाया है, जिसने हमें जीवन में आगे बढ़ने में, कठिन परिस्थितियों का सामना करने में, उलझनों के भंवर से निकलने में हमारा मार्गदर्शन किया है, बार-बार असफल होने पर भी दोबारा खड़े होकर फिर से प्रयत्न करने का हौसला दिया, जिसने हमें समय की कीमत समझाई, वो प्रत्येक व्यक्ति हमारा शिक्षक ही है। शिक्षक शब्द में ही संपूर्णता का आभास होता है 'शि' अर्थात जो शिखर तक पहुंचाए। 'क्ष' अर्थात जो क्षमा का भाव रखता हो और 'क' अर्थात जो हमें हमारी कमजोरियों से मुक्ति दिलाए। जो हमारे अंदर सीखने की इच्छाशक्ति को जागृत करता है, वो शिक्षक है। इन मानकों पर देखें तो हमारी पहली गुरु या कहें शिक्षिका हमारी मां होती है। वही तो हैं, जिन्होंने हमें सही-गलत की पहचान करना सिखाया, बड़ों का आदर करना सिखाया, सच बोलने की शिक्षा दी, जिनसे हमने निश्छल प्रेम सीखा, पारिवारिक मूल्य सीखे।

### ये भी हैं शिक्षक

मां ही नहीं, जीवन में जिस किसी ने भी हमारे टूटे और बिखरे रिश्तों को संभाला है, हमारे व्यावसायिक जीवन में जिसने हमारे डगमगाते कदमों को मजबूती दी है, जिसने हमें स्वस्थ जीवनशैली की ओर अग्रसर किया है, जिसने हमको हमारी गलतियां बारीकी से समझाई हैं, जिसके प्रभाव से हमारे व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन आया है, वो हर व्यक्ति हमारे शिक्षक की तरह ही है। शिक्षक दिवस, जीवन में मौजूद ऐसे हर इंसान का आभार प्रकट करने का दिन है।

### सर्वोत्तम उपहार

शिक्षक दिवस पर देश भर के विद्यालय प्रांगणों में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। शिक्षकों को तोहफे दिए जाते हैं, उनके प्रति आदर प्रकट किया जाता है। लेकिन एक शिक्षक की नजर में आदर्श शिक्षक दिवस के क्या मायने हैं, वो क्या तोहफा है, जो शिक्षक अपने विद्यार्थियों से चाहते हैं, किस बात से एक शिक्षक को प्रसन्नता मिलती है? सच तो यह है कि गुरु दक्षिणा के रूप में प्रत्येक शिक्षक मात्र एक ही भाव की चाह रखता है और वो है सम्मान। आप कहीं भी हों, किसी भी बड़े से बड़े पद पर आसीन हों, जब कभी भी आप अपने गुरु से मिलें तो यह कभी ना भूलें कि आप जहां भी हैं, उसमें उनका योगदान कितना महत्वपूर्ण है। ऐसे में आपकी आंखों से झलकता सम्मान ही आपके शिक्षक के जीवन की बहुमूल्य पूंजी है, जिसे पाकर उन्हें असीम संतोष मिलता है। आपके द्वारा दिया गया आदर-भाव ही उनके लिए सबसे बड़ा उपहार है। ●

### शिक्षक होने के मायने

**अगर आप** स्वयं शिक्षक बनना चाहती हैं तो आपको स्वयं से यह सवाल पहले पूछना चाहिए कि शिक्षक होने का क्या अर्थ है? आप शिक्षक क्यों बनना चाहती हैं? मात्र आप इसलिए तो इस पेशे को नहीं अपनाना चाहतीं क्योंकि इसमें अधिक छुट्टियां और कार्यावधि कम है? अगर ऐसी सोच आपकी है तो यह पेशा आपके लिए नहीं है, क्योंकि इस सोच को लेकर आप एक शिक्षक के कर्त्तव्यों के साथ न्याय नहीं कर पाएंगी। शिक्षक होना मात्र किताबों में लिखे ज्ञान को विद्यार्थी तक पहुंचाना नहीं है, बल्कि उससे कहीं गुना ज्यादा बहुआयामी है, एक शिक्षक अपने अस्तित्व को भुलाकर अपने शिक्षार्थियों के भविष्य को संवारता है। गुरु रूपी दीपक स्वयं जलकर समाज को रोशनी देता है और यही रोशनी भावी पीढ़ी के मन और मस्तिष्क से विकारों को दूर कर संस्कारों का संचार करती है। अगर आपके भीतर अपने शैक्षणिक पेशे को लेकर यह गंभीर भाव हैं तो आप एक आदर्श शिक्षक बन सकती हैं। ●

## ब्यूटी क्वेस्ट



भारती तनेजा

ब्यूटी एक्सपर्ट

# ड्राय स्किन पर कैसे करें स्क्रब

**मेरी उम्र 25 साल है। मेरी स्किन ड्राय है। स्किन के लिए कौन-सा स्क्रब अच्छा रहेगा?**

**- अर्पणा, कोरबा**

रूखी त्वचा को स्क्रब करने पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है। आप इस त्वचा के लिए ओटमील का यूज कर सकती हैं। ओटमील में अगर थोड़ा-सा दूध मिला लिया जाए तो स्क्रब करने के बाद आपकी त्वचा छिलेगी नहीं और मुलायम भी हो जाएगी।

**स्कैल्प मसाज के लिए कौन-से ऑयल सही होते हैं और मसाज का कैसा तरीका होना चाहिए?**

**- दीपा, रायपुर**

स्कैल्प की अच्छी सेहत के लिए जोजोबा ऑयल, रोजमैरी ऑयल, ऑलिव ऑयल, नारियल, सरसों या बादाम के तेल की मसाज करें। रूखे बालों में हफ्ते में 2 बार और सामान्य बालों में हफ्ते में एक बार मसाज करें। स्कैल्प को पोषण देने के लिए मसाज का तरीका भी खास होना चाहिए। दोनों हाथों के अंगूठों को गर्दन के पिछले भाग के गड्ढे में टिकाएं, अंगुलियों को माथे पर सामने फैला कर रखें। फिर अंगुलियों को अपने माथे पर टिकाते हुए अंगूठे को गोलाकार रूप में घुमाते हुए कान के पास तक लाएं, अंगुलियों को सिर के बीच वाले भाग में सीधा खिसकाते हुए कान के पास तक ले जाएं। इस तरह नीचे गर्दन से लेकर ऊपर सिर तक दबाव देते हुए मसाज करें।

**मेरे चेहरे पर मस्सा हो गया है, जो दिखने में अच्छा नहीं लगता। इसे हटाने का कोई होममेड तरीका बताएं?**

**- गरिमा, रोहतक**

केले के छिलके में मस्से को सुखाने की क्षमता होती है। इसके लिए रात को मस्से वाली जगह पर केले के छिलके को रखकर उस पर कपड़ा बांध लें। ऐसा तब तक करें जब तक मस्सा साफ न हो जाए। मस्सा हटाने के लिए एक चम्मच बेकिंग सोडा में कुछ बूंद कैस्टर ऑयल डालकर इस पेस्ट को मस्से पर लगाकर हल्के हाथों से मसाज करें। चेहरे को एक घंटे बाद धो लें। एक महीने में आपको मस्सों की परेशानी से निजात मिल जाएगी। मस्से हटाने के लिए किए गए इन उपायों को करते समय अगर आपको किसी तरह की कोई जलन या परेशानी महसूस हो तो तुरंत उस जगह को साफ कर लें या फिर अपने डॉक्टर से सलाह लें।

**पसीने की वजह से मेरा मेकअप बिगड़ जाता है। मुझे ऐसे मेकअप के बारे में बताएं, जो लॉन्ग लास्टिंग हो?**

**- शैली, बिलासपुर**


आपको वाटरप्रूफ मेकअप ही करना चाहिए। इससे मेकअप फैलता नहीं है और लंबे समय तक टिका रहता है। आप मेकअप करने से पहले टोनर और बर्फ का इस्तेमाल जरूर करें। आंखों और आईब्रो को स्मज फ्री रखने के लिए हमेशा जैल या पावडर प्रोडक्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। आईब्रोज को शेप देने के लिए जैलबेस प्रोडक्ट का इस्तेमाल करें। अगर जैलबेस प्रोडक्ट नहीं है तो आप वाटरप्रूफ मस्कारा से भी आईब्रो को डिफाइन कर सकती हैं। आईलैशेज पर वाटरप्रूफ मस्कारा लगाएं। अगर आप आईशैडो का इस्तेमाल करना चाहती हैं तो हल्के या न्यूड शेड ही चुनें। इससे अगर वो स्मज भी होगा तो पता नहीं चलेगा। काजल कितने भी अच्छे ब्रैंड का क्यों न हो, थोड़े समय के बाद फैलने लगता है, जिससे आंखों के आस-पास कालापन आ जाता है और आपका पूरा लुक बिगड़ सकता है। इसलिए काजल न लगाएं। पसीने से ग्लॉसी लिपस्टिक या लिप ग्लॉस जल्दी लिप्स से हट जाते हैं, इसलिए लिप्स पर हमेशा मैट लिपस्टिक का ही इस्तेमाल करें। ●

यदि आपकी सौंदर्य से जुड़ी कोई समस्या हो तो तुरंत हमें लिख भेजिए। हमारा पता है-संपादक-सहेली, ब्यूटी क्वेस्ट हरिभूमि, सी-101, 102 न्यू मुल्तान नगर, दिल्ली-56 या ई-मेल करें- saheli@haribhoomi.com

# क्या आपको भी है समझौता करने की आदत

काम की बात

मीरा अमल टैगोर



किसी शख्स की अपनी निजी पहचान उसकी सोच से ही होती है। हमारी अपनी सोच और उस सोच पर अडिग रहने की हमारी दृढ़ता ही हमें दूसरों से अलग बनाती है। लेकिन अधिकतर महिलाएं अपनी तमाम दृढ़ मान्यताओं को कई बार सिर्फ इसलिए छोड़ देती हैं कि ऐसा करके वे अपने परिवार वालों या करीबियों को खुश कर देंगी। लेकिन संबंध विशेषज्ञ लेखिका एरिका जोंग लिखती हैं, 'आप दुनिया में किसी को भी गारंटी के साथ खुश नहीं कर सकते, सिवाय खुद के। इसलिए दूसरों को नहीं अपने आपको खुश करें और खुद की खुशी इसी बात पर होती है कि हम जो सोचें, वही कहें और सार्वजनिक रूप से वही करें।' यहां यह समझना भी जरूरी है कि आप खुश तब रहेंगी, जब बात-बात पर समझौता करने की आदत से दूर रहेंगी। लेकिन इसके लिए आपको पहले जानना होगा कि समझौता करने की आदत किस तरह आपको नुकसान पहुंचाती है।

### करियर का नुकसान

अगर आपने किसी भी किस्म के तात्कालिक या दूरगामी स्थितियों को ध्यान में रखकर अपने करियर के साथ कंप्रोमाइज किया है तो यह कड़वा सच आपको स्वीकारना होगा कि न तो आपको कभी ढंग की सफलता मिलेगी और न ही सुकून। वास्तव में करियर हमारे आने वाले कल को तय करता है। इसलिए करियर चुनते वक्त किसी और की नहीं सिर्फ अपने मन की आवाज और अपनी क्षमताओं को महत्व दें। घर वालों, दोस्तों या शुभचिंतकों के दबाव में कोई समझौता न करें। केवल पैरेंट्स की इच्छा रखने के लिए उनके बताए सब्जेक्ट न पढ़ें। अगर आप साइंस को एंज्वॉय नहीं करते तो वे सब्जेक्ट पढ़ें, जिन्हें एंज्वॉय करते हों। अगर आपको टीचिंग पसंद है तो सिर्फ इसलिए आईएएस बनने की दौड़ में न शामिल हों।

### स्वास्थ्य पर दुष्प्रभाव

अपने स्वास्थ्य से कभी भी समझौता न करें। अगर हम अपने स्वास्थ्य से समझौता करते हैं तो यह न सिर्फ अपने साथ अन्याय होगा, साथ ही यह खुद लिया गया जोखिम होगा। अपने स्वास्थ्य के लिए संजीदा होना ही चाहिए। हमारा स्वास्थ्य सिर्फ हमारा नहीं होता बल्कि हमारे स्वास्थ्य के साथ हमारे परिवार का भी स्वास्थ्य जुड़ा होता है। इसलिए स्वास्थ्य के साथ मनमानी न करें। स्वास्थ्य के साथ किया गया यह समझौता किसी भी समय अपनी कीमत वसूल सकता है। वही खाएं जो आपके स्वास्थ्य के लिए बेहतर हो। उतना ही खाएं जितनी आपके शरीर की जरूरत हों। किसी की मनुहार या दबाव में कुछ भी न खाएं। भले आपको लगे कि ऐसा करने से आपको घमंडी समझा जाएगा लेकिन अगर अपने स्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए घमंडी होने की तोहमत झेलनी पड़े तो कोई बात नहीं। कहने का सार यही है कि समझौता करके अधूरे मन से किया गया कोई काम आपको कभी मन की खुशी नहीं देगा। इसलिए जहां तक संभव हो वहीं काम करें, जिसमें आपको मन की खुशी मिले। ●





# जब एक पार्टनर हो दूसरे से ज्यादा खूबसूरत

दांपत्य

नम्रता नदीम



हर किसी की ख्वाहिश होती है कि उसका पार्टनर स्मार्ट, ब्यूटीफुल हो। लेकिन कुछ मामलों में यह भी देखा जाता है कि एक पार्टनर का कम और दूसरे का ज्यादा खूबसूरत होना रिश्तों में दरार की एक बड़ी वजह बन जाता है। वह यह बात भी भूल जाते हैं कि शादी जैसे पवित्र बंधन में एक-दूसरे का स्वभाव और व्यवहार ज्यादा अहम होता है, न कि बाहरी सुंदरता। इस बात से रिश्ते में तरह-तरह की समस्याएं सामने आने लगती हैं। लेकिन इन समस्याओं को जान-समझकर दोनों पार्टनर मिलकर सुलझा सकते हैं और अपने रिश्ते को खुशहाल बना सकते हैं।

### हीनभावना बनती है वजह

ज्यादा खूबसूरत पार्टनर होने की वजह से कम खूबसूरत पार्टनर के मन में हीनभावना पैदा हो जाती है। दरअसल, सुंदर इंसान के प्रति सभी आकर्षित होते हैं और उसे ध्यान से देखते हैं। ऐसे में दूसरे साथी के अंदर की हीनभावना उसके मन में असुरक्षा को जन्म देती है, जिससे धीरे-धीरे वह ज्यादा पजेसिव होता जाता है। यह पजेसिवनेस जब ज्यादा बढ़ जाती है तो दांपत्य जीवन में दरार पड़ने लगती हैं, पति-पत्नी में दूरियां आने लगती हैं। कुछ दंपतियों में हीनभावना और असुरक्षा इस कदर बढ़ जाती है कि कम खूबसूरत पार्टनर अपने साथी का ध्यान आकर्षित करने के लिए असामान्य व्यवहार करने लगता है। इसके अलावा कम खूबसूरत पार्टनर बेवजह अपने पार्टनर पर हमेशा नजर रखने लगता है, जिससे दांपत्य जीवन में कलह होने लगती है। ●





# कमाई के मामले में प्रभाष का दबदबा

**मुंबई।** दक्षिण भारत की फिल्मों ने विश्व स्तर पर कमाई के मामले में बड़ा इतिहास रचा है। पहले नंबर पर प्रभास की ही फिल्म बाहुबली 2 है। इसने 1740 करोड रुपए का व्यापार विश्व स्तर पर किया था। वहीं दूसरे नंबर पर रजनीकांत और अक्षय कुमार की फिल्म 2.0 है। इस फिल्म ने 620 करोड़ का व्यापार किया था। तीसरे नंबर पर बाहुबली है। इस फिल्म ने 570 करोड़ रुपए की कमाई की थी। एंदिरन चौथे नंबर पर है। इसकी कमाई 285 करोड़ थी। वहीं पांचवें नंबर पर रजनीकांत की फिल्म कबाली थी। जिसने 282 करोड का व्यापार किया था और छठे नंबर पर अब फिल्म अभिनेता प्रभास की फिल्म साहो आ गई है।



लाइफ Style

# श्रद्धा
## आज भी कॉलेज छोड़ने का अफसोस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बोस्टन यूनिवर्सिटी से पढ़ीं श्रद्धा कपूर ने यहां अपनी कॉलेज लाइफ के बारे में बहुत कुछ बताया। श्रद्धा ने बताया, पहले प्लान था कि एजुकेशन और कॉलेज खत्म करूंगी, फिर एक्टिंग में आऊंगी। लेकिन बहुत अधीर हो गई मैं।

बॉलीवुड एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर जल्द ही फिल्म छिछोरे में सुशांत सिंह राजपूत के साथ नजर आएंगी। श्रद्धा कपूर रविवार को द कपिल शर्मा शो के एपिसोड में फिल्म का प्रमोशन करती नजर आईं। बोस्टन यूनिवर्सिटी से पढ़ीं श्रद्धा कपूर ने यहां अपनी कॉलेज लाइफ के बारे में बहुत कुछ बताया। श्रद्धा ने बताया, पहले प्लान था कि एजुकेशन और कॉलेज खत्म करूंगी, फिर एक्टिंग में आऊंगी। लेकिन बहुत अधीर हो गई मैं।

श्रद्धा ने कहा कि जब वह वापस भारत आ गईं तो उन्हें ऑफर मिलने लगे। ऑडिशंस के ऑफर, फिल्म के ऑफर नहीं। तो मुझे लगा कि चलो ड्रॉपआउट करती हूं। श्रद्धा ने अपने फैन्स को सलाह दी कि उनके नक्शेकदम पर नहीं चलें और ग्लैमर के लिए पढ़ाई कभी नहीं छोड़ें। कम ही लोग ये बात जानते हैं कि श्रद्धा की ही तरह सुशांत सिंह राजपूत भी एक कॉलेज ड्रॉपआउट हैं। उन्होंने भी अपनी इंजीनियरिंग की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी थी। बात करें अपकमिंग फिल्म छिछोरे की तो ये 6 सितंबर को रिलीज होने जा रही है। फिल्म का निर्देशन नीतेश तिवारी ने किया है। फिल्म कुछ हद तक राजकुमार हिरानी की 3 इडियट्स वाली फीलिंग देती है, लेकिन बावजूद इसके फिल्म के ट्रेलर को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है।

## हॉलीवुड मसाला



# केविन की कार दुर्घटनाग्रस्त

**वाशिंगटन।** कॉमेडियन एवं अभिनेता केविन हार्ट की कार के एक खाई में गिरने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी पीठ में गंभीर चोट आई है। 'कैलिफॉर्निया हाइवे पट्रोल' के अधिकारियों के अनुसार, हार्ट '1970 प्लायमाउथ बाराकुडा' (विंटेज कार) में अन्य दो लोगों के साथ रविवार को तड़के लॉस एंजिलिस काउंटी में मुल्होलैंड राजमार्ग पर से गुजर रहे थे। चालक जैरेड ब्लैक ने कार पर से नियंत्रण खो दिया, जिससे वह खाई में जा गिरी।



# सिंगर ऐली ने रचाई ब्वॉयफ्रेंड संग शादी

**लॉस एंजिलिस।** 'लव मी लाइक यू डू' से फेमस हुई सिंगर ऐली गोल्डिंग ने अपने लांग लाइट ब्वॉयफ्रेंड आर्ट डीलर कैस्पर जोपलिंग संग शादी कर ली है। शादी की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं जिसमें गोल्डिंग बेहद खूबसूरत लग रही हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो गोल्डिंग ने जोपलिंग से शनिवार को इंग्लैंड के यॉर्क मिन्स्टर कैथ्रेडल में शादी की। ऐली गोल्डिंग ने अपनी शादी के मौके पर एक बेहद खास गाउन पहना था। बताया जा रहा है कि इस गाउन को बनाने में डिजाइनरों को 640 घंटे से अधिक समय लगा था। क्लोई लेबल वाले उनके सफेद वेडिंग गाउन को नताचा रैमसे-लेवी ने डिजाइन किया था। गोल्डिंग इससे पहले संगीतकार डगी पॉएंटर के साथ रिलेशनशिप में थीं। इतना ही नहीं गोल्डिंग ने एक बार ये भी कहा था कि वह वन डायरेक्शन के स्टार नियाल होरान के साथ भी रिलेशनशिप में रह चुकी हैं।



# मुश्किल काम सीख रही हैं : सुष्मिता

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सुष्मिता सेन बीते लंबे समय से कभी अपनी रिलेशनशिप तो कभी अपनी फिटनेस को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन अब उन्होंने कुछ ऐसा काम किया है जिसे देखकर आपकी आंखें फटी की फटी रह जाएंगीं। जी हां! अब हमारी सुष्मिता जलपरी बन चुकी हैं। वह 43 साल की उम्र में स्कूबा डाइविंग के गुर सीख रही हैं। उनके ये स्कूबा डाइविंग वाले वीडियो अब सोशल मीडिया पर धमाल मचा रहे हैं। यह स्कूबा डाइविंग वाला एडवेंचर करने वाला वीडियो किसी और ने नहीं बल्कि खुद सुष्मिता सेन ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम एकाउंट से पोस्ट किया है। इस वीडियो में पूर्व मिस यूनिवर्स समुद्र की गहराई में गोता लगाती दिख रही हैं। इस वीडियो के साथ सुष्मिता ने काफी पॉजिटिव कैप्शन भी शेयर किया है।



# ऋतिक-वाणी दिखाएंगे डांस फीवर...

**मुंबई।** बॉलीवुड के एक्शन लवर्स के साथ ऋतिक रोशन और टाइगर श्रॉफ दोनों के फैंस को इन दिनों बस एक ही फिल्म का इंतजार है, उस फिल्म का नाम है 'वॉर'। इस धमाकेदार एक्शन फिल्म के टीजर हों या ट्रेलर सभी ने दर्शकों का जमकर प्यार पाया है। लेकिन अब फिल्म का पहला गाना रिलीज होने वाला है। फिल्म निर्माताओं की माने तो यह पहला गाना एक ऐसा जबरदस्त डांस नंबर है जिसे सुनकर आप खुद को थिरकने से रोक नहीं पाएंगे। 'वॉर' के निर्माता जल्द ही फिल्म का पहला गाना लॉन्च करेंगे, हमारी सहयोगी वेबसाइट डीएनए की खबर के अनुसार यह एक पार्टी ट्रैक होगा। 'घुंघरू' शीर्षक वाले इस ट्रैक में डांसिंग सेंसेशन ऋतिक रोशन और वाणी कपूर अपनी डांस कैमिस्ट्री का जलवा बिखेरने वाले हैं।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

बंगाल का जादू करेगा चमत्कार
हमसे पहले काम करने वाले को मुँह मांगा ईनाम
2 घंटे में समाधान
गोल्ड मेडलिस्ट
बाबा खान बँगाली
9872207873
कारोबार, गृहक्लेश जादू टोना वशीकरण करवाओ/तुड़वाओ खोया प्यार पाओ, दुश्मन सौतन तड़पाओ, मुठकरनी
आपका प्यार टूटने नहीं दूंगा My Promise
सभी जटिल समस्याओं का समाधान गारन्टी स्टाम्प लिखित
मिले : जी.टी. रोड, पुल के नीचे (समालखा, पानीपत)

अद्भुत चमत्कार
वर्ल्ड फेमस
3 घण्टो में
घर बैठे तुरन्त समाधान पायें (गारन्टीड) जादू-टोना, स्पेशलिस्ट वशीकरण, मनचाहा प्यार सौतन/दुश्मन से छुटकारा किया कराया कारोबारी रुकावट, मूठकरनी, प्यार में धोखा खाये प्रेमी-प्रेमिका इधर उधर ना भटके काम होगा इधर
रूहानी एवं काले इल्म के माहिर
सूफी हसन जी
9917255848

17 सालो से एक स्थान पर
मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में निश्चित समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतन व दुश्मन छुटकारा
9997322441
www.gurupashaji.com Fees ₹ 200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरुओं के महागुरु
गुरु अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालों से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रूठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹ 200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

ज्योतिष तांत्रिक काला इल्म
GOLD MEDALIST
गुरु राज भारती
11 घण्टो में तुरन्त समाधान (वर्ल्ड फैमस)
9697730004
कारोबार, गृह क्लेश, वशीकरण, करवाओ तुड़वाओ, दुश्मन सौतन तड़पाओ जैसी जटिल समस्या का समाधान लिखकर लो प्यार में धोखा खाए प्रेमी-प्रेमिका सम्पर्क करें
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरणी, खोया प्यार
मन में सच्ची श्रद्धा लेकर ही फोन करें।
संजय चौक, चांदनी बाग, पानीपत

### टावर

☞ गैलक्सी टॉवर कम्पनी सभी कम्पनियों के 3G, 4G, टॉवर लगवायें। आईडिया, एयरटेल, वोडाफोन, JIO टॉवर लगवायें अपनी खाली पड़ी छत, खेत, मकान, प्लाट पर। 70 लाख एडवांस 50 हजार किराया प्रतिमाह 20 साल कोर्ट एग्रीमेंट 2 लोगों को नौकरी। सम्पर्क करें। 76689-16707

### आवश्यकता

☞ एयरपोर्ट भर्ती तुरंत इंटरव्यू (8वीं-ग्रेजुएट) लड़के-लड़कियां (25,500 - 74500) सुपरवाईजर, कम्प्यूटर ऑपरेटर, एयरहोस्टेज, क्लर्क, ड्राइवर, हेल्पर, लोडर, चेकर, स्टोरकीपर, रहना + खाना + फण्ड + बीमा + लैपटॉप फ्री सम्पर्क करें 96397-45866, 79004-63349

☞ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353

### ज्योतिष

☞ LOVE MATTER स्पेशलिस्ट ज्योतिष, खोया प्यार, वापस पाएं, शादी करवाना, सौतन, तलाक, दुश्मनी में बदला, घरवालों की दिक्कत, वशीकरण तंत्रमंत्र के सम्राट काली विद्यायाओं के माहिर 100% गारंटी बाबाजी 70285-57299

### टॉवर

☞ Hi-Tech टावर (Regd) कम्पनी द्वारा अपनी खाली जमीन, प्लॉट, छत, खेत पर सभी कम्पनी के 4G/5G डिजिटल टावर लगवायें एडवांस 60 लाख, किराया 40000/- + 2 नौकरी सैलरी 20,000/- # 081006-18456, 088149-98118

☞ AMERICAN TOWER GOVT.REG.COMPANY DUARA APNI KHALI , JAMEEN, KHET PAR 4G DIZITAL TOWER LAGVAYE, 50 LAKH ADVANCE, 40000 KIRAYA+1 NOKRI. 20 YR COURT AGREEMENT. EJENT AMANTRIT. MOB 8887219311

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान। सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

खुला चैलेंज
गुरु विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324


*बॉलीवुड में कोरियोग्राफर रेमो डिसूजा का नाम काफी फेमस है। रेमो डांस की दुनिया में नाम कमाने के बाद अब फिल्ममेकिंग की फील्ड में भी हाथ आजमा रहे हैं। रेमो की कठिन मेहनत और लेडी लक ने उनके जीवन की दिशा को मोड़ दिया।*

# वायरल हुईं रेमो डिसूजा की वाइफ की फोटो



**मुंबई।** रेमो की पत्नी लिजेल उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं और दोनों का प्यार अकसर रेमो के डांस पर दिखाई दे जाता है। लिजेल इन दिनों लगातार घरों में छाई हुई हैं। लिजेल का फिट लुक और वेट लॉस जर्नी वायरल हो रही है। लिजेल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अपनी कई फोटोज शेयर की हैं जिसमें वो काफी स्लिम ट्रीम नजर आ रही हैं। लिजेल की फैट टू फिट जर्नी फोटोज देखकर फैंस हैरान हैं।

## रणबीर के साथ कैटरीना की फोटो वायरल



**मुंबई।** सोशल मीडिया पर वायरल हो रही एक तस्वीर तो इसी बात की तरफ इशारा कर रही है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है जिसमें कैटरीना और रणबूर कपूर नजर रहे हैं। ये फोटो रात के वक्त की है इसलिए बहुत ज्यादा क्लीयर नहीं है। फोटो में दोनों काफी मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर में एक और खास बात है और वो ये कि दोनों के अलावा इस फोटो में रैपर बादशाह भी हैं। बादशाह ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर ये फोटो शेयर की थी जिसके बाद ये वायरल हो गई।


### सूचना


सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## शिखा की कुली नंबर 1 में हुई एंट्री



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर वरुण धवन इन दिनों कुली नंबर 1 की शूटिंग में व्यस्त हैं। वे फिल्म में सारा अली खान के साथ काम करते नजर आएंगे। फिल्म की कास्ट में एक नए कलाकार की एंट्री हुई है। वीरे दी वेडिंग में काम कर चुकीं एक्ट्रेस शिखा तलसानिया भी कुली नंबर 1 का हिस्सा बन गई हैं। शिखा ने खुद ये जानकारी सोशल मीडिया पर साझा की है। एक्टर वरुण धवन ने शिखा का खास अंदाज में स्वागत किया है। शिखा ने इंस्टाग्राम पर एक क्लिप शेयर करते हुए इस बात की जानकारी साझा की कि वे कुली नंबर 1 परिवार का हिस्सा बन गई हैं।


## टीवी मसाला



# मधुरिमा व विशाल के बीच दिखी तीखी नोक-झोंक

**मुंबई।** टेलीविजन सेलेब डांस रियलिटी शो 'नच बलिए 9' अपने दर्शकों के लिए लगातार कुछ ना कुछ नया लाने की कोशिश में लगा हुआ है, ऐसे में त्यौहार के इस दौर में जोड़ियों से कई चटपटे सवाल पूछे गए जहां फिर एक बार विवादित जोड़ी विशाल और एक्स मधुरिमा के बीच तीखी नोंक झोंक देखने को मिल रही है। स्टार प्लस से आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से हाल ही में एक वीडियो शेयर की गई है जिसके साथ लिखा है 'त्यौहार शुरु होने वाले हैं ऐसे में हमने सोचा कि जोड़ियों के साथ कुछ मस्ती करते हैं, मधुरिमा या जलेबी, शांतनु या सेवाइंयां... कन्फ्यूज़'।

## 'बिदाई' फेम एक्टर ने ठुकराया बिग बॉस-13 का ऑफर



**मुंबई।** पॉपुलर शो बिदाई में लीड रोल में दिखे एक्टर अंगद हसीजा ने खुलासा किया कि उन्हें बिग बॉस 13 के लिए अप्रोच किया गया था। लेकिन एक्टर ने सलमान खान का शो करने का ऑफर ठुकरा दिया है। एक इंटरव्यू में अंगद ने देश के सबसे बड़े रियलिटी शो का ऑफर ठुकराने की वजह का भी खुलासा किया है। बातचीत में अंगद ने कहा- "इस साल मुझे बिग बॉस का ऑफर मिला, लेकिन मैंने शो करने से मना कर दिया है। क्योंकि मुझे लगता है कि बिग बॉस मेरे लिए नहीं है। कभी-कभी आपको लगता है कि ये खास चीज आपके लिए नहीं है। मुझे लगता है मैं बिग बॉस हाउस में सर्वाइव नहीं कर पाऊंगा। 'इसकी वजह मेरा नेचर है। मुझे इससे पहले भी बिग बॉस का ऑफर मिला है। लेकिन मैं इसे नहीं कर रहा हूं, क्योंकि मैं इसे करने जैसा फील नहीं करता हूं। इस बात को लेकर काफी ज्यादा चर्चा है। लोग मुझसे पूछ रहे हैं कि क्यों मैं बिग बॉस हाउस जा रहा हूं। मैं ये साफ करना चाहता हूं कि मैं घर के अंदर नहीं जा रहा हूं।' अंगद हसीजा के वर्कफ्रंट की बात करें तो स्टार प्लस के शो बिदाई ने उन्हें घर-घर में पॉपुलैरिटी दिलाई।

## विदेश मंत्री एस जयशंकर की दो टूक

# आतंकवाद का खुलेआम इस्तेमाल कर रहा पाक, बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं

एजेंसी ▶▶ लंदन

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा है कि पाकिस्तान आतंकवाद का खुलेआम इस्तेमाल कर रहा है और जब तक वह इसकी वित्तीय मदद तथा आतंकी समूहों की भर्ती पर रोक नहीं लगाता तब तक उसके साथ बातचीत की कोई गुंजाइश नहीं है। जयशंकर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान द्वारा हाल में कश्मीर मुद्दे पर न्यूयॉर्क टाइम्स में लिखे गए एक लेख का जवाब दे रहे थे। लेख में खान ने लिखा है कि बातचीत तत्काल किए जाने की आवश्यकता है क्योंकि दक्षिण एशिया पर परमाणु हमले का खतरा मंडरा रहा है। ब्रसेल्स में 'पॉलिटिको' को दिए एक साक्षात्कार में जयशंकर ने कहा कि पाकिस्तान जब 'खुलेआम आतंकवाद का इस्तेमाल कर रहा है' तो बातचीत का विचार बेकार है। जयशंकर ने कहा कि उन्हें खान द्वारा शुक्रवार को लिखा गया लेख पढ़ने का समय नहीं मिल पाया है। उन्होंने कहा कि जब तक पाकिस्तान आतंकवाद की वित्तीय मदद और आतंकी समूहों की भर्ती पर रोक नहीं लगाता तब तक बातचीत की कोई उम्मीद नहीं है। जयशंकर पिछले सप्ताह ब्रसेल्स में थे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद कोई ऐसी चीज नहीं है जो पाकिस्तान में अंधेरे कोनों में की जा रही हो। यह दिनदहाड़े किया जाता है। पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा जनवरी 2016 में पठानकोट वायुसेना स्टेशन पर हमला किए जाने के बाद से पाकिस्तान से भारत बात नहीं कर रहा है। भारत का कहना है कि बातचीत और आतंकवाद साथ-साथ नहीं चल सकते।

नयी दिल्ली द्वारा अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान खत्म किए जाने के बाद कश्मीर में स्थिति के बारे में विदेश मंत्री ने कहा कि समूची घाटी में 'आगामी दिनों' में सुरक्षा प्रतिबंधों में ढील दी जाएगी। उन्होंने कहा कि टेलीफोन और इंटरनेट प्रतिबंध आतंकी तंत्र की सक्रियता को रोकने और हिंसा फैलाने वालों को एक-दूसरे के संपर्क में आने से रोकने के लिए आवश्यक थे। जयशंकर ने कहा कि मैं यह कैसे कर सकता हूं कि एक तरफ आतंकवादियों और उनके आकाओं के लिए संचार को काटे रखूं, तथा दूसरी तरफ अन्य लोगों के लिए इंटरनेट खुला रखूं? मुझे जानकर खुशी होगी। उन्होंने कहा कि मैं आपसे कहूंगा कि आगामी दिनों में ढील आप उत्तरोत्तर देखेंगे।




### यूरोपीय संसद के अध्यक्ष डेविड ससोली से की मुलाकात

ब्रसेल्स की यात्रा के दौरान जयशंकर ने यूरोपीय संसद के अध्यक्ष डेविड ससोली और यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख फेडेरिका मोगेरिनी से मुलाकात की जिन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच वार्ता का आग्रह किया। मोगेरिनी के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख ने कश्मीर में लोगों के अधिकार और स्वतंत्रता बहाल करने के कदमों के महत्व पर जोर दिया।

# संघ करेगा मोदी सरकार के 100 दिन के काम-काज पर मंथन!

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



मोदी सरकार के 100 दिन के कामकाज को लेकर संघ भाजपा के साथ मिलकर मंथन करेगा। इसके लिए राजस्थान के पुष्कर में 7 सितम्बर से 9 सितम्बर तक संघ और भाजपा की समन्वय समिति एक साथ बैठेगी। इसमें समीक्षा होगी कि सरकार संघ के एजेंडे को लागू करने में किस हद तक कामयाब रही है।

भाजपा के सत्ता में आने के बाद पहली बार हो रही इस समन्वय समिति की बैठक में प्रधानमंत्री हिस्सा लेंगे अथवा नहीं यह तो तय नहीं हैं,लेकिन माना जा रहा है कि पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा,संगठन महासचिव बीएल संतोष सहित भाजपा के कई नेता व कुछ केंद्रीय मंत्री हिस्सा ले सकते हैं। जबकि संघ की ओर से सर संघचालक मोहन भागवत,सर कार्यवाह भैय्या जी जोशी समेत संघ व सरकार के बीच समन्वय का काम देखने वाले कृष्ण गोपाल जी, दत्तात्रेय होसबोले सहित कई बड़े नेताओं का शामिल होना तय है। वैसे संघ व सरकार के बीच प्रायः 6 महीने में एक समन्वय बैठक होती रहती है। लेकिन भाजपा सरकार द्वारा जम्मू-कश्मीर से धारा-370 खत्म कर देने बाद यह पहली बैठक है,इसलिए इसे बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। संघ इस बैठक में एक ओर मोदी सरकार के 100 दिन के कामकाज में उसके तय एजेंडे को कितना लागू किया गया,इसकी समीक्षा करेगा। तो वहीं उसकी कोशिश होगी कि जब लोकसभा में पार्टी के पास प्रचंड बहुमत है और राज्यसभा में भी स्थितियां पूरी तरह अनुकूल हैं तो उसके ऐजेंडे को पूरी तरह कैसे लागू किया जाय। उल्लेखनीय है कि संघ के ऐजेंडे में तीन प्रमुख विषय थे,जिनमें पहला जम्मू-कश्मीर से धारा-370 खत्म करना,दूसरा समान नागरिक संहिता और तीसरा राममंदिर का निर्माण करना। इसमें धारा-370 खत्म हो चुकी है,जबकि समान नागरिक संहिता को लागू करने का सरकार आश्वासन दे चुकी है और राममंदिर के बारे में भी इसी साल सर्वोच्च न्यायालय से फैसले की उम्मीद की जा रही है। इसके अलावा जनसंख्या नियंत्रण पर भी चर्चा हो सकती है। बतादें कि 2014 में मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही सरकार और संघ के बीच लगातार समन्वय समिति की बैठक होती आ रही है,जिसमें संघ द्वारा सरकार के काम-काज की समीक्षा होती है।

### महाराष्ट्रः अजित पवार को सुप्रीम कोर्ट से झटका, जांच रोकने की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्य के पूर्व डिप्टी सीएम अजित पवार को सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को बड़ा झटका लगा। कोर्ट ने को-ऑपरेटिव बैंक घोटाले में जांच रोकने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। अदालत ने महाराष्ट्र पुलिस से इस मामले में निष्पक्ष जांच के लिए कहा है। यह घोटाला करीब 5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का है। जस्टिस अरुण मिश्रा और जस्टिस एमआर शाह की बेंच ने जांच में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। बेच ने कहा कि इस परिस्थिति में जांच को नहीं रोका जा सकता।



## खबर संक्षेप

### एनसीईआरटी राष्ट्र की नींव को मजबूत करने में अहम भूमिका निभाते हैं: निशंक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने सोमवार को कहा कि एनसीईआरटी और उसकी घटक इकाइयां पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के जरिये राष्ट्र की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने यह टिप्पणी यहां राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के 59वें स्थापना दिवस समारोह में यह टिप्पणी की। निशंक ने कहा कि एनसीईआरटी और उसकी घटक इकाइयां अपने पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों के जरिये राष्ट्र की नींव को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। एनसीईआरटी द्वारा विकसित पाठ्यक्रम न सिर्फ विशिष्ट होता है, बल्कि दुनियाभर में इसके पाठ्यक्रम और पाठ्यपुस्तकों की मान्यता है और उन्हें सराहा जाता है।

### नागपुर में संपत्ति विवाद को लेकर पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

नागपुर। महाराष्ट्र के नागपुर जिले में संपत्ति विवाद को लेकर एक वरिष्ठ नागरिक और उसके 35 वर्षीय पुत्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। परसियोनी पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि बंदू मेश्राम (65) और उनके पुत्र सूरज के शव रविवार शाम करीब पांच बजे गुंदरीपंडे गांव में उनके खेत से मिले। उनकी गर्दन के पीछे गोली के घाव हैं। उन्होंने कहा कि देसी कट्टे से गोलियां मारी गईं। हमने अपराध के लिये अविनाश सनगोड़े (30) को गिरफ्तार किया है। उसने पीड़ितों को अपनी जमीन बेची थी जिसके लेनदेन को लेकर विवाद था। इसके अलावा उनकी जमीन से लगे सरकारी भूखंड पर भी विवाद चल रहा था।

### सीपीडब्ल्यूडी ने पानी की बर्बादी रोकने के लिए समिति बनाई

**नई दिल्ली।** पानी बचाने और बर्बादी रोकने के लिए केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) ने वरिष्ठ अधिकारियों की कोर समिति बनाई है जिसे 20 सितंबर तक अपनी रिपोर्ट देने को कहा गया है। सीपीडब्ल्यूडी के मुताबिक, कोर समिति जल प्रबंधन के अन्य पहलुओं पर भी विचार कर सुझाव देगी जैसे भूमिगत जल का कृत्रिम तरीके से वर्षा के पानी से पुनर्भरण और नई तकनीक की मदद से पानी का दोबारा इस्तेमाल आदि। अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार का तकनीकी सलाहकार होने के नाते सीपीडब्ल्यूडी को पानी बचाने के उपाय करने, बर्बादी रोकने और जन जगारूकता पैदा करने की जरूरत है। उन्होंने बताया कि कोर समिति का नेतृत्व अतिरिक्त महानिदेशक जे. एस. शर्मा करेंगे।

# भारत में पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा आर्थिक विकासः बिरला

हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत में आर्थिक विकास पर्यावरण संरक्षण के साथ घनिष्ठता के साथ जुड़ा हुआ है और इसके लिए भारत का लक्ष्य हरित विकास करने पर केंद्रित है। वहीं जलवायु परिवर्तन के खतरों से दक्षिण एशियाई देशों ने आपस में मिलकर लड़ने पर सहमति जताई है। लोकसभा सचिवालय ने यह जानकारी देते हुए बताया कि मालदीव के माले शहर में सतत विकास लक्ष्यों को प्राप्त करने संबंधी दक्षिण एशियाई देशों की संसदों के अध्यक्षों के सोमवार को चौथे शिखर सम्मेलन संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में भारतीय दल का नेतृत्व करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भारत में संसद सरकार द्वारा नीतियों के कार्यान्वयन की निगरानी करने के साथ-साथ सतत विकास लक्ष्यों से उत्पन्न होने वाले मुद्दों पर सहमति बनाने तथा नीति निर्माण की प्रक्रिया में मार्गदर्शन करने में मुख्य भूमिका निभा रही है।



### सुषमा व जेटली को किया याद

माले में दक्षिण एशियाई संसदों के अध्यक्षों के इस शिखर सम्मेलन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भूटान असेंबली के अध्यक्ष महामहिम वांगचुक नामग्याल और उनके शिष्टमंडल के सदस्य के साथ द्विपक्षीय मुद्दों पर वार्ता की। चर्चा से पहले भारत और भूटान के शिष्टमंडल के सदस्यों ने खड़े होकर स्व. अरुण जेटली और श्रीमती सुषमा स्वराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### मनरेगा के मजदूरों को सरकार देगी खास प्रशिक्षण

हरिभूमि ब्यूरो,नई दिल्ली

मोदी सरकार मनरेगा के मजदूरों को प्रशिक्षित करने के लिए अब इसका दायरा बढ़ाने की तैयारी कर रही है। सरकार मनरेगा के तहत काम कर रहे मजदूरों को बेहतर रोजगार के मौके उपलब्ध कराने के लिए उन्हें विशेष कौशल विकास प्रशिक्षण दिलाएगी। यही नहीं प्रशिक्षण के दौरान भी उन्हें रोजाना 250 रुपए का भत्ता दिया जाएगा।

भारत सरकार का ग्रामीण विकास मंत्रालय अक्टूबर माह से मनरेगा में शामिल मजदूरों को बेहतर रोजगार के अवसर मुहैया कराने के लिए उन्हें प्रशिक्षित कर उनका कौशल विकास करेगा। मनरेगा के मजदूरों के इस प्रशिक्षण के दौरान उनके परिवार की आजीविका चलाने के लिए रोजाना 200 से 250 रुपए बतौर भत्ता भी दिया जाएगा।

# पूर्व पीएम मनमोहन को मिली 'जेड प्लस' सुरक्षा

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को सीआरपीएफ का 'जेड प्लस' वीआईपी सुरक्षा कवर दिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सरकार ने हाल में सिंह को दी जा रही विशेष सुरक्षा समूह (एसपीजी) की सुरक्षा वापस ले ले थी। अधिकारियों ने बताया कि सिंह और उनकी पत्नी की सुरक्षा में लगभग 45 सशस्त्र कमांडो तैनात रहेंगे जो यहां 3, मोतीलाल नेहरू रोड पर स्थित उनके आवास और देशभर में उनकी यात्रा के दौरान 24 घंटे निगरानी रखेंगे। पूर्व प्रधानमंत्री को अग्रिम सुरक्षा संपर्क (एएसएल) प्रोटोकॉल भी मिलेगा जिसमें सुरक्षाकर्मी उस स्थल का पहले ही मुआयना करने पहुंच जायेंगे जहां की ये दोनों वीवीआईपी यात्रा करेंगे। उन्होंने बताया कि केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ), एसपीजी, दिल्ली पुलिस और केन्द्रीय खुफिया एजेंसियों से विचार-विमर्श करने के बाद जल्द ही कार्यभार संभालेगी।



वर्ष 2004 से 2014 तक देश के प्रधानमंत्री रहे सिंह से एसपीजी सुरक्षा वापस लेने का फैसला विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों द्वारा समीक्षा किए जाने के बाद लिया गया था। अधिकारियों ने बताया कि एसपीजी द्वारा प्रदान की गई सुरक्षा वापस लेने का निर्णय कैबिनेट सचिवालय और गृह मंत्रालय की विभिन्न खुफिया एजेंसियों से मिली सूचनाओं के आधार सहित तीन महीने तक समीक्षा किए जाने के बाद लिया गया।

### महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार शिवसेना में शामिल

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री अब्दुल सत्तार सोमवार को शिवसेना में शामिल हो गए। औरंगाबाद जिले की सिलोद विधानसभा सीट का प्रतिनिधित्व कर चुके सत्तार यहां शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे के आवास पर उनकी मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। उन्होंने इसी साल हुए आम चुनाव से पहले कांग्रेस विधायक के रुप में विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था और भाजपा की राज्य इकाई के प्रमुख रावसाहेब दानवे की मदद की थी, जो जालना लोकसभा सीट से चुनाव जीते थे। सिलोद विधानसभा क्षेत्र जालना संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत आता है। सत्तार पिछली कांग्रेस-राकांपा गठबंधन सरकार में पशुपालन मंत्री थे। सत्तार को शिवसेना में शामिल करने के बाद ठाकरे ने संकेत दिया कि उन्हें आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का टिकट दिया जा सकता है। उद्धव ने यहां पत्रकारों से कहा कि मैं शिवसेना को सिलोद विधानसभा क्षेत्र से जीतते देखना चाहूंगा।

# महिला पुलिस के पहले बैच को प्रशिक्षण देने के लिए सेना तैयार

हरिभूमि ब्यूरो.नई दिल्ली

सेना ने महिला पुलिस के पहले बैच को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया की शुरुआत कर दी है। इसमें 1700 महिला जवानों का एक कॉडर बनाया गया है, जिन्हें 100-100 के बैच में अलग-अलग ट्रेनिंग दी जाएगी। सेना के सूत्रों ने सोमवार को बताया कि महिलाओं को बतौर जवान प्रशिक्षण देने के लिए अब सेना तैयार है। जिसमें मिलिट्री पुलिस के कर्नल कमांडेंट व एडजुटेंट जनरल लेफ्टिनेंट जनरल अश्विनी कुमार ने श्रीनगर में ले. कर्नल नंदनी का साक्षात्कार लिया है। इसके बाद उन्होंने कहा कि यह पहला बैच हमारे लिए बेहद महत्वपूर्ण है। क्योंकि इसी से आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रशिक्षण की एक आधारशिला पड़ेगी। महिला जवानों को प्रशिक्षण देने वाली दूसरी अधिकारी मेजर जूली होंगी। यह असम राइफल्स में महिला कांस्टेबलों को इंस्ट्रक्टर के तौर पर ट्रेनिंग दे चुकी हैं।



### दिसंबर से शुरु होगी ट्रेनिंग

इस बैच में कुल 1700 महिलाओं को शामिल किया जाएगा। इनकी ट्रेनिंग इस साल के अंत में दिसंबर से शुरु हो सकती है। इसमें उन्हें भी पुरुष जवानों की तरह ही 61 हफ्तों में प्रशिक्षित किया जाएगा। शुरुआत में 100 महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके बाद 1700 की सीमा तक पहुंचने से पहले हर साल 100 महिला जवानों को ट्रेनिंग देने का निर्णय लिया गया है।

# 33 सदस्यों की कमेटी आज तय करेगी भूपेन्द्र हुड्डा का राजनीतिक भविष्य!

**नई दिल्ली।** हरियाणा के पूर्व सीएम भूपेन्द्र हुड्डा ने मंगलवार को 33 सदस्यों वाली कमेटी की बैठक दिल्ली में बुलाई है। इससे पहले 18 अगस्त को भूपेन्द्र हुड्डा ने रोहतक में परिवर्तन रैली की थी जिसमें एक कमेटी की घोषणा की थी जो कि भूपेन्द्र हुड्डा की भविष्य की राजनीति तय करेगी। भूपेन्द्र हुड्डा ने रैली में एलान किया था कि ये कमेटी एक सप्ताह के अंदर अपनी रिपोर्ट देगी कि भूपेन्द्र हुड्डा की भविष्य की राजनीति किस दिशा मे जाएगी। दरअसल भूपेन्द्र हुड्डा लम्बे समय से प्रदेश अध्यक्ष अशोक तंवर को हटाने की मांग कर रहे है लेकिन रोहतक रैली और हुड्डा खेमे के दिल्ली के नेताओं के दबाव के बावजूद कांग्रेस आलाकमान ने हरियाणा पर अभी कोई फ़ैसला नही लिया है। कांग्रेस के सूत्रों के मुताबिक़ भूपेन्द्र हुड्डा ने रैली में जिस भाषा का प्रयोग कांग्रेस पार्टी को लेकर किया था उससे आलाकमान नाराज़ है। रैली में हुड्डा ने कहा था, कांग्रेस पार्टी पहले जैसी नही रही, कांग्रेस अपने रास्ते से भटक गयी है और धारा 370 पर हुड्डा परिवार ने सरकार के फ़ैसले का स्वागत किया था। जिसके कारण अब हुड्डा परिवार को लेकर आलाकमान ने अभी तक कोई फ़ैसला नही किया है। दरअसल भूपेन्द्र हुड्डा विधानसभा चुनाव मे टिकट बंटवारे का हिस्सा बनना चाहते हैं ऐसे में उन्हें प्रदेश अध्यक्ष, सीएलपी नेता या फिर सेन्ट्रल इलेक्शन कमेटी का हिस्सा होना ज़रूरी है लेकिन अभी तक किसी भी प्रस्ताव पर सहमति नही बन पाई है।



## देशभर में हुई धूमधाम से गणेश उत्सव की शुरुआत

# घर-घर में हुआ गणपति जी का स्वागत

**नई दिल्ली।** पारम्परिक पूजा-अर्चना, 'गणपति बप्पा मोरिया' के नारों और लड्डू एवं मोदक के वितरण के साथ ही सोमवार को देशभर के कई हिस्सों में गणेश उत्सव की शुरुआत हुई। आर्थिक मंदी के काले बादलों और राज्य के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के बाद बाढ़ से मची तबाही के बीच इस साल यह 10 दिवसीय त्योहार मनाया जा रहा है। सोमवार सुबह उत्सव की शुरुआत के साथ कई मंडलों में छोटी-बड़ी विभिन्न आकार और अलग-अलग रंग-रूप की गणेश की मूर्तियां रखीं गई और कई श्रद्धालु बप्पा को अपने घर भी लेकर आए।



### राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने दी देशवासियों को बधाई

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद, उप-राष्ट्रपति वेंकैया नायडू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत कई बड़े नेताओं ने इस पर्व को लेकर देशवासियों को बधाई दी है। अपने बधाई संदेश में राष्ट्रपति ने कामना की है कि सभी लोगों को सुख, शांति और समृद्धि प्राप्त हो। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि सभी देशवासियों को पावन पर्व गणेश चतुर्थी की ढेर सारी शुभकामनाएं।

### शाह ने किया सिद्धिविनायक मंदिर में गणपति का दर्शन

गणेश चतुर्थी पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मुंबई के प्रसिद्ध सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणपति के दर्शन किए तो वहीं केंद्रीय सड़क मंत्री नितिन गडकरी ने नागपुर स्थित अपने आवास पर परिजनों के साथ गणपति बप्पा की पूजा की। राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी अपने आवास पर पूजा-अर्चना की।



## एयर चीफ धनोआ ने अभिनंदन के साथ उड़ाया मिग-21

# 'मैंने अभिनंदन के पिता के साथ भी भरी थी उड़ान'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के एफ-16 लड़ाकू विमान को मार गिराने के 6 महीने के बाद विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान ने सोमवार को मिग-21 विमान में उड़ान भरी। इसमें वायुसेनाप्रमुख एयरचीफ मार्शल बी. एस. धनोआ विमान को उड़ा रहे थे। वायुसेना प्रवक्ता ग्रुप कैप्टन अनुपम बैनर्जी ने बताया कि करीब आधे धंटे में पूरी हुई इस उड़ान की शुरुआत पठानकोट एयरबेस से सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर हुई। जिसमें दोनों ने मिग-21 के ट्रेनर वर्जन टाइप-69 में उड़ान भरी। बतौर वायुसेनाप्रमुख संभवतः यह एयरचीफ मार्शल धनोआ की आखिरी उड़ान थी। जिसमें वह खुद मिग-21 उड़ा रहे थे और उनके पीछे की सीट पर विंग कमांडर अभिनंदन वर्थमान बैठे हुए थे। पहले यह कार्यक्रम 3 सितंबर को पठानकोट में 8 अपाचे हेलिकॉप्टरों को वायुसेना में शामिल किए जाने के कार्यक्रम के साथ किया जाना था। लेकिन अंतिम वक्त में हुई तब्दीली की वजह से इसे 2 सितंबर को करने का फैसला लिया गया।

गौरतलब है कि वायुसेनाप्रमुख आगामी 30 सितंबर को सेवानिवृत हो रहे हैं। अपने तीन दशक से अधिक के कैरियर में भी उन्होंने वायुसेना के कई लड़ाकू विमानों में उड़ान भरी है। इसमें वर्ष 1999 में करगिल युद्ध के दौरान मिग-21 में उड़ान भरी थी। उस वक्त वह वायुसेना के लड़ाकू विमानों की 17वीं स्क्वॉड्रन के कमांडिंग ऑफिसर थे।



### पाक को सिखाया सबक

इस उड़ान के बाद वायुसेनाप्रमुख ने कहा कि मिग-21 की आखिरी स्क्वॉड्रन और अभिनंदन के साथ उड़ान भरना एक बेहद खुशनुमा पल है। हम दोनों में एक समानता है कि हम पाकिस्तान के खिलाफ लड़ते हुए ही विमान से कूदे और उसके कुछ महीनों के बाद फिर से फ्लाइंग में वापस लौटे। मैं वर्ष 1988 में विमान से कूदने के 9 महीने बाद उड़ान पर लौटा था। जबकि अभिनंदन 6 महीने बाद लौटा है। मैंने पाक के खिलाफ करगिल की लड़ाई लड़ी थी और अभिनंदन ने बालाकोट एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तानी विमानों को खदेड़ा। इतना ही नहीं मैंने अभिनंदन के पिता के साथ भी लड़ाकू विमान में उड़ान भरी है। तब हम मिग-21 की स्क्वॉड्रन में थे। यहां बता दें कि अभिनंदन को स्वतंत्रता दिवस पर युद्धकाल में अदम्य साहस और वीरता का प्रदर्शन करने के लिए देश के तीसरे सबसे बड़े सैन्य सम्मान वीर चक्र से सम्मानित किया गया है।

# पश्चिम बंगालः टीएमसी कार्यकर्ताओं से झड़प में बीजेपी के 25 कार्यकर्ता घायल

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के बैरकपुर में भारतीय जनता पार्टी और सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच सोमवार को हुए संघर्ष में भगवा पार्टी के 25 कार्यकर्ता घायल हो गए हैं। घायल बीजेपी कार्यकर्ताओं को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। बीजेपी ने नॉर्थ 24 परगना जिले में अपने सांसद अर्जुन सिंह पर रविवार को हुए हमले के विरोध में आज 12 घंटे का बंद बुलाया है। इसी दौरान दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच संघर्ष हो गया। बता दें कि नॉर्थ 24 परगना जिले में रविवार को लोगों के समूह से सड़क की नाकेबंदी हटाने के लिए पुलिस के कथित लाठीचार्ज में बीजेपी सांसद अर्जुन सिंह के सिर में चोट लग गई। सिंह ने दावा किया कि बैरकपुर पुलिस आयुक्त मनोज वर्मा ने उन पर वार किया, जिससे उनके सिर पर चोट लगी। खून से सनी कमीज पहने और सिर पर पट्टी बांधे हुए सांसद ने कहा कि वर्मा एक पुलिस टुकड़ी का नेतृत्व कर रहे थे।



### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सड़क, रेल यातायात बाधित किया

भाजपा के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को उत्तर 24 परगना जिले के कई स्थानों पर 12 घंटे के बंद के दौरान सड़क और रेल यातायात को बाधित कर दिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पार्टी ने अपने नेताओं पर कथित हमलों के विरोध में पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में बंद का आह्वान किया था।

## खबर संक्षेप

### सुजुकी बाइक की बिक्री अगस्त में दो प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की कुल बिक्री अगस्त महीने में 2.2 प्रतिशत बढ़कर 71,631 वाहन रही। पिछले साल इसी माह में कंपनी ने 70,067 वाहन बेचे थे। कंपनी ने एक बयान में बताया कि इस दौरान उसकी घरेलू बिक्री 62,752 वाहन रही जो अगस्त 2018 में 62,446 वाहन थी। कंपनी के उपाध्यक्ष देवाशीष हांडा ने कहा, 'वाहन क्षेत्र में कमजोर ग्राहकी रूझान देखा जा रहा है। इतने चुनौतीपूर्ण समय में भी कंपनी ने अपना लोहा मनवाया है।'

### एसपीएमएल इंफ्रा को 177 करोड़ रु. के ठेके

**नई दिल्ली।** एसपीएमएल इंफ्रा को झारखंड ऊर्जा संचरण निगम से 177.4 करोड़ रुपए की परियोजनाओं के ठेके मिले हैं। एसपीएमएल इंफ्रा ने यह जानकारी दी। एसपीएमएल इंफ्रा ने शेयर बाजार को बताया, उसे 132/33 किलोवाट सबस्टेशन परियोजनाओं के लिए ठेके मिले हैं। यह काम 24 महीनों में पूरा होना है। विश्वबैंक झारखंड बिजली प्रणाली सुधार परियोजना के तहत इन परियोजनाओं का वित्तपोषण कर रहा हैं। कंपनी ने कहा कि हम झारखंड के निर्धारित क्षेत्रों में बिजली वितरण में सुधार के लिए नए बिजली सबस्टेशन परियोजनाओं पर काम करेंगे।

### ग्लास के आयात पर डंपिंग जांच शुरू

**नई दिल्ली।** सरकार ने मलेशिया से 'क्लियर फ्लोट ग्लास' के आयात में कथित डंपिंग की जांच शुरू की है। इस शीशे का इस्तेमाल वाहन और रेफ्रिजरेशन उद्योग में होता है। घरेलू कंपनियों की शिकायत के बाद सरकार ने यह कदम उठाया है।



वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने वाला व्यापार उपचार महानिदेशालय (डीजीटीआर) यह जांच कर रहा है। डीजीटीआर की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि मलेशिया से इस उत्पाद की डंपिंग के पर्याप्त प्रमाण मिले हैं, जिसका घरेलू उद्योग पर असर पड़ रहा है।

### ओयो ने डैनेमिका का किया अधिग्रहण

**नई दिल्ली।** आतिथ्य क्षेत्र की दिग्गज कंपनी ओयो ने कहा कि उसने कोपेनहेगन की डेटा साइंस कंपनी डैनेमिका का अधिग्रहण किया। कंपनी ने अपनी मूल्य निर्धारण क्षमता को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया है। हालांकि, कंपनी ने सौदे के मूल्य के बारे में नहीं बताया है। ओयो ने बयान में कहा कि यह अधिग्रहण प्रौद्योगिकी उत्पादों और प्रक्रियाओं में रणनीतिक विनिवेश के जरिए वैश्विक अवकाशकालीन किराया कारोबार के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

# सरकार बेच रही सस्ते में सोना, 9 से शुरू हो रहा खरीदने का आखिरी मौका

एजेंसी : नई दिल्ली

चालू वित्त वर्ष में सोने में निवेश की सरकारी योजना सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के चौथे और आखिरी चरण में निवेश अगले हफ्ते से सोमवार 9 सितंबर से शुरू होगा। सोवरेन गोल्ड बॉन्ड में चौथे चरण में निवेश करने की अवधि 9 से 13 सितंबर है।

सरकार की इस सोवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम में निवेश करने के लिए निवेशकों के पास पांच दिन का समय है। बाजार में बीते हफ्ते 10 ग्राम सोने का भाव 40,000 रुपए को भी पार कर गया। ऐसे में सरकार सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के जरिए आपको बाजार भाव से कम दाम में सस्ते में सोना खरीदने का मौका दे रही है।

## एक व्यक्ति एक वित्तीय वर्ष में 500 ग्राम सोना खरीद सकता है

### ये है नियम

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम के निवेश करने वाला व्यक्ति एक वित्तीय वर्ष में अधिकतम 500 ग्राम सोने के बॉन्ड खरीद सकता है। वहीं न्यूनतम निवेश एक ग्राम का होना जरूरी है। इस स्कीम में निवेश करने पर आप टैक्स बचा सकते हैं।

### बॉन्ड लाने के पीछे कारण

सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड स्कीम का मकसद सोने की फिजिकल डिमांड को कम करना है। इसके तहत सोना खरीदकर घर में नहीं रखा जाता है बल्कि बॉन्ड में निवेश के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है।



### खरीद सकते हैं सस्ते में सोना

5 जुलाई को आम बजट पेश करते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोना पर आयात शुल्क 10 फीसदी से बढ़ाकर 12.5 फीसदी करने का ऐलान किया जिसके बाद सोने के दाम में लगातार बढ़ोतरी हुई है। बीते हफ्ते सोने के दाम 40,000 रुपए के भाव को भी पार कर गए। हालांकि, सरकार आपको सस्ते में सोना खरीदने का मौका दे रही है।

### यहां से खरीद सकते हैं

ये बॉन्ड बैंकों, डाकघरों, एनएसई और बीएसई के अलावा स्टॉक होल्डिंग कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के जरिए खरीद सकते हैं। ये बॉन्ड बैंकों से ऑनलाइन भी खरीदे जा सकते हैं। इसके बाद बॉन्ड खरीदने का अगला यानी तीसरा चरण 5 अगस्त से 9 अगस्त तक खुला रहा, चौथा चरण 9 सितंबर को खुलेगा।

### सोना इतना पड़ेगा सस्ता

बीते हफ्ते शुक्रवार को सोने का भाव 2 अगस्त के हिसाब से सोने की बाजार कीमत 3,966 रुपए प्रति ग्राम रहा। वहीं इस स्कीम के तहत आप 3,499 रुपए प्रतिग्राम पर सोना खरीद सकते हैं। इसके अलावा डिजिटल मोड से पेमेंट करने पर 50 रुपए प्रति ग्राम की छूट मिलेगी। यानी सॉवरेन गोल्ड बॉन्ड में ऑनलाइन निवेश करने वाले ग्राहकों के लिए एक ग्राम सोने की कीमत 3,449 रुपए पड़ेगी। यानी आप सोने में बाजार मूल्य से प्रति ग्राम 467 रुपए कम कीमत पर गोल्ड में निवेश करेंगे।

बैंकिंग : वित्त मंत्रालय ने हाल ही में पूंजी डालने के बाद जताई उम्मीद

# नई पूंजी डालने से चार सरकारी बैंक आ जाएंगे जल्द पीसीए दायरे से बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वित्त मंत्रालय को उम्मीद है कि हाल में की गई घोषणा के अनुरूप बैंकों में नई पूंजी डालने के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की त्वरित सुधारात्मक कार्रवाई (पीसीए) व्यवस्था में रह गये चार बैंक भी इसके दायरे से बाहर निकल आएंगे।

- वर्तमान में सिर्फ चार बैंक इस दायरे में

वर्तमान में सिर्फ चार बैंक - इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी), सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया - पीसीए के दायरे में हैं। इस कार्रवाई के तहत आने वाले बैंकों पर कई तरह के प्रतिबंध लागू हो जाते हैं।

### पूंजी सीमा को पूरा करना आवश्यक

सरकार की ओर से पूंजी समर्थन मिलने के बाद इन बैंकों को आवश्यक पूंजी सीमा को पूरा करने और शुद्ध एनपीए को घटाकर 6 प्रतिशत से नीच रखने में मदद की थी। रिजर्व बैंक ने पिछले साल 11 सार्वजनिक बैंकों को तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के दायर में ला दिया था। जिसके बाद इन बैंकों पर कामकाज संबंधी कई तरह के प्रतिबंध लग गए थे।

### खास बातें

- पीसीए के तहत कई तरह के प्रतिबंध लागू हो जाते हैं
- सरकार ने इन चार बैंकों में 10,800 करोड़ रु. डालने की घोषणा की
- चार बैंक है, आईओबी, सीबीआई, यूको बैंक और यूनाईटेड बैंक आफ इंडिया

### विलय के बाद दूसरा सबसे बड़ा बैंक बनेगा

*इस विलय के बाद भारतीय स्टेट बैंक के बाद पीएनबी सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा सबसे बड़ा बैंक बन जाएगा। इस साल की शुरुआत में रिजर्व बैंक ने सरकार की ओर से पूंजी समर्थन देने के बाद पांच बैंकों - बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, ओरिएंटल बैंक कॉमर्स, इलाहाबाद बैंक और कॉर्पोरेशन बैंक - को दो चरणों में तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई के दायरे से बाहर कर दिया था।*




### आईओबी को मिली अधिक राशि

इंडियन ओवरसीज बैंक को सबसे ज्यादा 3,800 करोड़ रुपए की पूंजी मिली है। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया को 3,300 करोड़ रुपए, यूको बैंक को 2,100 करोड़ और यूनाइटेड बैंक ऑफ इंडिया को 1,600 करोड़ रुपए की नई पूंजी दी जाएगी।

### कर्ज और फीस देने में आती है समस्या

प्रतिबंध के तहत उन्हें नया कर्ज देने, प्रबंधन के पारितोषिक और निदेशकों की फीस जैसे मामलों में कई तरह के प्रतिबंधों का सामना करना होता है। सरकार ने शुक्रवार को इन चार बैंकों में 10,800 करोड़ रुपए की पूंजी डालने की घोषणा की है ।

### इन बैंकों की नियामकीय पूंजी अधिक

वित्त सचिव राजीव कुमार ने बताया ,'यह नियामकीय पूंजी इतनी ज्यादा है कि इससे चारों बैंक इस साल ही पीसीए व्यवस्था से बाहर निकलने में सक्षम हो जाएंगे।' उन्होंने कहा , यूनाइटेड बैंक विलय के चलते बाहर आ जाएगा जबकि सरकार ने इंडियन ओवरसीज बैंक , सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया और यूको बैंक को पर्याप्त पूंजी दी है।

### पूंजी इन बैंकों को पीसीए दायरे से बाहर निकालेगी

यह पूंजी इन बैंकों को पीसीए के दायरे से बाहर निकलने में मदद करेगी। पिछले हफ्ते सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के 10 बैंकों को मिलाकर चार बड़े सरकारी बैंक बनाने की घोषणा की थी। इसमें यूनाइटेड बैंक आफ इंडिया और ओरिएंटल बैंक आफ कामर्स का पंजाब नेशनल बैंक के साथ विलय शामिल है।

# बुनियादी उद्योगों की वृद्धि जुलाई में पड़ी सुस्त, 2.1 % रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादन घटने से आठ बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर जुलाई में गिर कर 2.1 प्रतिशत पर आ गई है। जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। जुलाई, 2018 में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत रही थी।



- जुलाई 2018 में यह आंकड़ा 7 .3 फीसदी पर था

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार मुख्य रूप से कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों का उत्पादन घटने से बुनियादी उद्योगों की वृद्धि की रफ्तार सुस्त पड़ी है। इस दौरान इस्पात, सीमेंट और बिजली के उत्पादन में वृद्धि भी धीमी रही। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) में आठ बुनियादी उद्योगों का भारांश 40.27 प्रतिशत है।

आठ बुनियादी उद्योगों में कोयला, कच्चा तेल, प्राकृतिक गैस, रिफाइनरी उत्पाद, उर्वरक, इस्पात, सीमेंट और बिजली आते हैं। आंकड़ों के अनुसार समीक्षाधीन महीने में कोयला, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और रिफाइनरी उत्पादों के उत्पादन में इससे पिछले साल के समान महीने की तुलना में गिरावट आई। इसी तरह इस्पात, सीमेंट और बिजली क्षेत्र की वृद्धि दर में भी गिरावट आई। इस्पात क्षेत्र की वृद्धि दर घटकर 6.6 प्रतिशत रह गई, जो जुलाई, 2018 में 6.9 प्रतिशत थी। इसी तरह सीमेंट क्षेत्र की वृद्धि दर 11.2 प्रतिशत से घटकर 7.9 प्रतिशत रह गई।

**बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर नीचे आ रही :** इससे पिछले वित्त वर्ष के पहले चार महीनों में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 5.9 प्रतिशत रही थी। इस साल अप्रैल से लगातार बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर नीचे आ रही है। अप्रैल में बुनियादी उद्योगों की वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत रही थी, जो अप्रैल, 2018 में 5.8 प्रतिशत थी। मई में यह घटकर 4.3 प्रतिशत और जून में 0.7 प्रतिशत पर आ गई।

# भारत की जीडीपी वृद्धि दर धीरे-धीरे सुधरेगी : फिच

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश की आर्थिक वृद्धि दर जून तिमाही में छह साल के निचले स्तर पर जाने के बाद अब आने वाली तिमाहियों में धीरे-धीरे सुधरेगी। हालांकि यह पहले ही अपेक्षा कमजोर रह सकती है।

फिच सॉल्यूशंस ने अपनी एक रपट में चालू वित्त वर्ष के लिए देश की आर्थिक वृद्धि दर का अनुमान घटा दिया है। पहले यह 6.8 प्रतिशत थी जिसे अब 6.4 प्रतिशत कर दिया गया है। देश की वास्तविक आर्थिक वृद्धि दर 2019-20 की पहली तिमाही में पांच प्रतिशत रही है। वित्त वर्ष 2018-19 की चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च) में यह आंकड़ा 5.8 प्रतिशत था। इस तेज गिरावट की बड़ी वजह निजी उपभोग की वृद्धि दर गिरना है। रेटिंग एजेंसी फिच सॉल्युशंस ने देश की आर्थिक वृद्धि पर अपने बयान में कहा, फिच सॉल्युशंस में हमारा विश्वास है कि आर्थिक वृद्धि लगभग अपने निचले स्तर को छू चुकी है और आने वाली तिमाहियों में यह सुधरना शुरू होगी। हालांकि बाहरी क्षेत्र और निजी उपभोग पर जारी दबाव बना रह सकता है। अब हमें उम्मीद है कि यह सुधरकर पहले से कमजोर रह सकती है। इसमें कहा गया है कि राजकोषीय और मौद्रिक प्रोत्साहन, सुधारों के जारी रहने और अर्थव्यवस्था का बुनियादी ढांचा मजबूत होने से अर्थव्यवस्था में बढ़त को गति मिलेगी।

### वृद्धि दर का अनुमान किया संशोधित

फिच सॉल्युशंस ने कहा कि वह भारत की आर्थिक वृद्धि दर को लेकर अपने अनुमान को संशोधित कर रही है। वित्त वर्ष 2019-20 में यह 6.4 प्रतिशत रहने का अनुमान है जो पहले 6.8 प्रतिशत था।



### केनरा बैंक ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** केनरा बैंक अंचल कार्यालय ने राष्ट्रीय स्तरीय प्रश्नोत्तरी केनरा नॉलेज चैंप 2019 का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता के माध्यम से भारतीय मेधावी युवाओं को जागृत करना और उनको नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए समर्थ बनाना प्रयोजन रहा। कार्यक्रम डोगरा हॉल इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी हौज खास में आयोजित किया गया। दिल्ली और उसके आस-पास के 400 स्कूलों के 1540 विद्यार्थियों ने इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लिया।

# पीएमआई 15 माह के निम्न स्त पर

एजेंसी : नई दिल्ली।

बिक्री , उत्पादन और रोजगार में धीमी वृद्धि से देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधियां अगस्त महीने में गिरकर 15 महीने के निम्नतम स्तर पर आ गई हैं।

एक मासिक सर्वेक्षण में यह जानकारी दी गई है। आईएचएस मार्किट का इंडिया मैन्यूफैक्चरिंग पर्चेजिंग मैनेजर्स सूचकांक (पीएमआई) जुलाई में 52.5 से गिरकर अगस्त में 51.4 पर आ गया। यह मई 2018 के बाद का सबसे निचला स्तर है। यह लगातार 25वां महीना है जब विनिर्माण का पीएमआई 50 से अधिक रहा है। सूचकांक का 50 से अधिक रहना विस्तार दर्शाता है जबकि 50 से नीचे का सूचकांक संकुचन का संकेत देता है। आईएचएस मार्किट की प्रधान अर्थशास्त्री पॉलिएना डी लीमा ने कहा, अगस्त महीने में भारतीय विनिर्माण उद्योग में सुस्त आर्थिक वृद्धि और अधिक लागत मुद्रास्फीति का दबाव देखा गया।




काम के नए ऑर्डरों, उत्पादन और रोजगार को मापने वाले सूचकांकों समेत अधिकांश पीएमआई सूचकांकों में कमजोरी का रुख रहा।

# मारुति ने लगातार सातवें महीने उत्पादन घटाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन बाजार में मंदी के चलते मारूति सुजुकी इंडिया ने अगस्त में अपने उत्पादन में 33.99 प्रतिशत की कटौती की है। इस प्रकार यह लगातार सातवां महीना है जब देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी ने अपना उत्पादन घटाया है।

मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि कंपनी ने अगस्त महीने में 1,11,370 वाहन उत्पादित किए। जबकि पिछले साल की समान अवधि में कंपनी का उत्पादन 1,68,725 वाहन था। अगस्त में यात्री वाहनों का उत्पादन 1,10,214 वाहन रहा जो अगस्त 2018 में 1,66,161 वाहन था। इस प्रकार इसमें 33.67 प्रतिशत की गिरावट आई है।

- कंपनी ने अगस्त में उत्पादक 34 फीसदी घटाया

ऑल्टो, न्यू वैगनआर, सेलेरियो, इग्निस, स्विफ्ट, बलेनो और डिजायर सहित मिनी और कॉम्पैक्ट सेगमेंट की कारों का उत्पादन पिछले साल अगस्त में 1,22,824 वाहन था जिसके मुकाबले इनका उत्पादन इस साल अगस्त में 80,909 वाहन रही रहा।

यह 34.1 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। यूटिलिटी वाहन जैसे विटारा ब्रेजा, अर्टिगा और एस-क्रॉस का उत्पादन एक वर्ष पहले के 23,176 वाहनों के मुकाबले इस बार अगस्त में 34.85 प्रतिशत घटकर 15,099 वाहन रह गई।

### वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी का उत्पादन घटा

सूचना के मुताबिक हल्के वाणिज्यिक वाहन सुपर कैरी का उत्पादन भी पिछले महीने घटकर 1,156 वाहन रह गया जो अगस्त 2018 में 2,564 वाहन था। जुलाई में इस वाहन निर्माता कंपनी ने अपने उत्पादन में 25.15 प्रतिशत की कटौती करते हुए 1,33,625 वाहनों का उत्पादन किया था।

## सरकार उद्योग को रफ्तार देने तत्काल कदम उठाए

# वाहन बिक्री में गिरावट जारी, सियाम ने मांगी मदद

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वाहन बाजार में सुस्ती का सिलसिला जारी है। अगस्त में वाहनों की बिक्री में 30 प्रतिशत की जोरदार गिरावट रही। वाहन विनिर्माताओं के संगठन सियाम ने कहा कि सरकार को वाहन उद्योग को रफ्तार देने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए।

- अगस्त में 30 फीसदी की जोरदार गिरावट रही

सियाम ने सरकार से वाहनों पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती और पुराने वाहनों के लिए कबाड़ नीति लाने की मांग की है। सियाम ने कहा कि वाणिज्यिक और दोपहिया वाहनों में भी गिरावट जारी है। इससे पता चलता है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिन उपायों की घोषणा की है बाजार ने अभी उन पर प्रतिक्रिया नहीं दी है।

### जल्द कबाड़ नीति लाने की जरूरत

वढेरा ने कहा कि वाहन उद्योग के सभी खंडों के लिए प्रोत्साहन आधारित कबाड़ नीति भी लाने की जरूरत है। वित्त मंत्री ने इसका वादा भी किया है। वढेरा ने कहा कि त्योहारी सीजन नजदीक है। ऐसे में यह जरूरी हो जाता है कि इस पर फैसला तत्काल लिया जाए और इनकी घोषणा बिना विलंब के की जाए।

**घोषणाओं का एनबीएफसी तक फैलाव नहीं हो पाया :** इससे उद्योग के लिए त्योहारी सीजन बेहतर रहेगा। वढेरा ने कहा कि ऋण की उपलब्धता और इसकी लागत में कटौती के बारे में कई घोषणाएं की गई हैं लेकिन गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) तक इनका फैलाव नहीं हो पाया है, जबकि यही क्षेत्र वाहनों के लिए विशेषरूप से कर्ज उपलब्ध कराता है।

### सरकार वाहनों की लागत कम करने जीएसटी घटाए

सियाम के अध्यक्ष राजन वढेरा ने बयान में कहा कि गिरावट के इस दौर के बीच उद्योगों ने अपने उपभोक्ताओं को काफी आकर्षक रियायतें दी हैं। उन्होंने कहा, उद्योग की बड़ी छूट देने की क्षमता सीमित है। ऐसे में सरकार को वाहनों की लागत को कम करने के लिए जीएसटी दर को 28 से घटाकर 18 प्रतिशत करना चाहिए। इससे नए वाहनों के लिए मांग बढ़ेगी।

### सभी कंपनियों की बिक्री 10 फीसदी से अधिक घटी

सियाम अध्यक्ष ने कहा कि उपभोक्ता धारणा भी कमजोर है। रविवार को कई वाहन कंपनियों मसलन मारूति सुजुकी इंडिया, हुंडई, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा मोटर्स और होंडा के अगस्त माह की बिक्री के आंकड़े आए हैं। सभी प्रमुख वाहन कंपनियों की अगस्त माह की बिक्री 10 प्रतिशत से अधिक घटी है।



### दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर सोलर इलेक्ट्रिक चार्जिंग स्टेशनों का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** बीएच ईएल द्वारा सोलर इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशनों का दिल्ली-चंडीगढ़ हाईवे पर उद्घाटन केंद्रीय भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उपक्रम मंत्री अरविंद्र गणपत सांवत द्वारा बीएचईएल के सी एम डी डॉ. नलिन सिंघल और अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में किया गया।

## खबर संक्षेप




### आस्ट्रेलियाई टीम से मेंटर के रूप में जुड़े वॉ

**मैनचेस्टर।** पूर्व कप्तान स्टीव वॉ हेडिंग्ले में मिली हार के बाद इंग्लैंड के खिलाफ बाकी दो एशेज टेस्ट के लिये आस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम से फिर मेंटर के रूप में जुड़ गए हैं। वॉ रविवार की रात यहां पहुंचे जबकि चौथा टेस्ट बुधवार से खेला जाएगा। वह पहले दो टेस्ट में भी मेंटर के रूप में टीम के साथ थे। आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने कहा, 'हमने उनसे तीसरे टेस्ट के लिए भी रूकने को कहा था लेकिन उन्हें एक कार्यक्रम के लिए वापिस जाना था। इतने समय से खेल से दूर रहते हुए भी उनका जुनून और उत्साह काबिले तारीफ है।

### हैट्रिक चूक गया लेकिन मैं खुश हूं : केमार रोच

**किंगस्टन।** हैट्रिक से चूके वेस्टइंडीज के तेज गेंदबाज केमार रोच ने कहा कि वह बदकिस्मत रहे लेकिन उन्हें इस बात की खुशी है कि वह इसके करीब पहुंचे। दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन लंच से



पहले सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल को आउट करने के बाद रोच ने लगातार दो गेंदों पर के एल राहुल और विराट कोहली को आउट किया। तीसरे गेंद पर वह अजिंक्य रहाणे को भी आउट कर देते लेकिन गेंद स्टम्प से एक इंच की दूरी से निकल गई। यह पूछने पर कि क्या उन्हें लगा कि उन्होंने हैट्रिक ले ली है, रोच ने कहा, 'निश्चित तौर पर।'

### टेस्ट में पदार्पण करेंगे भारतीय अंपायर नितिन मेनन

**मुंबई।** भारत के नितिन मेनन टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे जिन्हें 27 नवंबर से अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच देहरादून में होने वाले आगामी टेस्ट मैच के लिए मैदानी अंपायरों में रखा गया है। बीसीसीआई ने यह जानकारी दी।



पूर्व अंतरराष्ट्रीय अंपायर नरेंद्र मेनन के बेटे नितिन 2005 में मध्यप्रदेश क्रिकेट संघ के प्रदेश पेनल के अंपायर बने थे। अंडर 16, अंडर 19, अंडर 23 और लिस्ट ए मैचों में मध्यप्रदेश की नुमाइंदगी कर चुके नितिन ने 2006 में बीसीसीआई का अखिल भारतीय अंपायरिंग इम्तिहान पास किया और 2007-08 सत्र से घरेलू मैचों में अंपायरिंग कर रहे हैं। वह 57 प्रथम श्रेणी मैचों के अलावा 22 वनडे, नौ टी20 और 40 आईपीएल मैचों में अंपायर रह चुके हैं।

### 'शारीरिक रूप से बीमार' महसूस कर रहा था

**मैनचेस्टर।** आस्ट्रेलिया के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर ने सोमवार को कहा कि इंग्लैंड के हाथों हेडिंग्ले में तीसरे एशेज टेस्ट में मिली हार के बाद वह 'शारीरिक रूप से बीमार'



महसूस कर रहे थे। इंग्लैंड के लिए बेन स्टोक्स ने 135 रन की करिश्माई पारी खेलकर हार की कगार पर पहुंचने के बावजूद जीत दर्ज की। लैंगर ने क्रिकेट डाटकाम डाट एयू से कहा, 'यह सप्ताह काफी चुनौतीपूर्ण रहा। मुझे कोचिंग में मजा आया क्योंकि या तो आप हार का गम मनाते रहिए या उसे भुलाकर अगली चुनौती के लिए तैयार हो जाइए।'

### डायनामोस अब ओडिशा एफसी, भुवनेश्वर होगा बेस

**नई दिल्ली।** इंडियन सुपर लीग की दिल्ली डायनामोस एफसी अब ओडिशा एफसी होगी जिसका बेस दिल्ली की बजाय भुवनेश्वर में होगा। इससे पहले पांच साल तक



जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम इसका घरेलू मैदान था। अब भुवनेश्वर का कलिंगा स्टेडियम इसका घरेलू मैदान होगा। पिछले कुछ अर्से में ओडिशा खेलों का केंद्र बनता जा रहा है। यहां 2018 पुरुष हाकी विश्व कप, एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप और हीरो सुपर कप के पहले दो सत्र खेले गए।

## यूएस ओपन : 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फेडरर 13वीं बार अंतिम आठ में

# वर्ल्ड नंबर-1 जोकोविच ने कोर्ट छोड़ा बार्टी और प्लिसकोवा भी हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

शीर्ष वरीयता प्राप्त गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने स्टान वावरिंका के खिलाफ पहले दो सेट गंवाने के बाद कोर्ट छोड़ दिया जिससे तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन स्विटरजलैंड के वावरिंका अमेरिकी ओपन के अंतिम आठ में पहुंच गए। पिछले पांच में से चार ग्रैंडस्लैम जीत चुके जोकोविच को बाएं कंधे में चोट लगी थी। वावरिंका ने 2016 अमेरिकी ओपन फाइनल में जोकोविच को हराया था।

■ वावरिंका के खिलाफ नोवाक ने पहले दो सेट गंवाने के बाद कोर्ट छोड़ा

अन्य मैचों में रोजर फेडरर ने बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी जबकि रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव पहली बार क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। सिनसिनाटी में खिताब जीतने वाले और मांट्रियल तथा वाशिंगटन में उपविजेता रहे मेदवेदेव का सामना वावरिंका से होगा।

उन्होंने 118वीं रैंकिंग वाले जर्मन क्वालीफायर डोमिनिक कोफर को 3-6, 6-3, 6-2, 7-6 से हराया। वहीं 20 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन फेडरर ने बेल्जियम के 15वीं वरीयता प्राप्त डेविड गोफिन को सिर्फ 79 मिनट में 6-2, 6-2, 6-0 से हराकर 13वीं बार अंतिम आठ में प्रवेश किया। अब उनका सामना 78वीं रैंकिंग वाले दिमित्रोव से होगा जिसने आस्ट्रेलिया के 38वीं रैंकिंग वाले एलेक्स डे मिनोर को 7-5, 6-3, 6-4 से हराया।




### बोपन्ना की हार के साथ भारतीय चुनौती खत्म

रोहन बोपन्ना की पुरुष युगल और मिश्रित युगल में हार के साथ ही अमेरिकी ओपन में भारत का अभियान खत्म हो गया। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले युगल खिलाड़ी बोपन्ना और कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 15वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के नील स्कुपस्की और जैमी मर्रे ने दूसरे दौर में 6-3, 6-4 से हराया।



मिश्रित युगल में बोपन्ना और अमेरिका की एबिगेल स्पीयर्स को फ्रांस के फेब्रिस मार्तिन और अमेरिका की रफेल अतावो की जोड़ी ने 7-5, 7-6 से मात दी। लिएंडर पेस और दिविज शरण पहले ही दौर से बाहर हो चुके हैं। एकल में सुमित नागल और प्रजनेश गुणेश्वरन को पहले दौर में पराजय झेलनी पड़ी।

### सेरेना अगले दौर में, बार्टी और प्लिसकोवा हारे

चोट की आशंका से उतरते हुए अमेरिकी धुरंधर सेरेना विलियम्स ने रिकार्ड 24वें ग्रैंडस्लैम खिताब की ओर कदम बढ़ाते हुए अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया जबकि फ्रेंच ओपन चैंपियन एशले बार्टी और कैरोलिना प्लिसकोवा हारकर बाहर हो गए। छह बार की अमेरिकी ओपन चैंपियन सेरेना ने क्रोएशिया की 22वीं वरीयता प्राप्त पेट्रा मार्टिच को 6-3, 6-4 से हराया। अब उनका सामना चीन की वांग कियांग से होगा जिसने दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी बार्टी को हराया। सैंतीस बरस की सेरेना को दूसरे सेट में मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा क्योंकि उनके टखने में चोट लग गई थी। आखिरी बार 2017 आस्ट्रेलियाई ओपन ग्रैंडस्लैम जीतने वाली सेरेना ने 2014 से यहां खिताब नहीं जीता है। वह पहली बार वांग से खेलेगी जिसने बार्टी को 6-2, 6-4 से मात दी। वहीं जोहाना कोंटा से मई में रोम फाइनल में प्लिसकोवा से मिली हार का बदला चुकता करते हुए उसे 6-7, 6-3, 7-5 से हराया। उक्रेन की पांचवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना भी अमेरिका की मेडिसन कीस को 7-5, 6-4 से हराकर अंतिम आठ में पहुंच गई।



## बुमराह पर स्टुअर्ट ब्रॉड ने लगाया 'नकल का आरोप'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वेस्टइंडीज दौरे पर टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की गेंदबाजी देखकर दुनिया उनकी मुरीद बन गई है। बुमराह ने जमैका टेस्ट की पहली पारी में 6 विकेट झटके, जिसमें हैट्रिक भी शामिल थी। अपनी शानदार गेंदबाजी के दौरान बुमराह ने ऐसा जश्न मनाया जिस पर इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड ने सवाल खड़े कर दिए हैं। दरअसल एक विकेट लेने के बाद बुमराह ने अपने मुंह पर हाथ रख दिया, कुछ ऐसा ही जश्न स्टुअर्ट ब्रॉड ने एशेज सीरीज के दौरान मनाया था। बुमराह की मुंह पर हाथ रखने वाली तस्वीर पर ब्रॉड ने कमेंट किया मैंने ऐसा सेलिब्रेशन पहले भी देखा हुआ है। ब्रॉड ने मजाक में ये बात कही लेकिन टीम इंडिया के फैंस उन्हें ट्रोल करने से नहीं चूके।

### जवाब- आपकी तरह 6 गेंद में 6 छक्के नहीं पिटवाते

जसप्रीत बुमराह के एक फैन ने स्टुअर्ट ब्रॉड के लिए लिखा, 'लेकिन बुमराह कभी 6 गेंद में 6 छक्के नहीं देंगे।' एक दूसरे फैन ने भी स्टुअर्ट ब्रॉड को जवाब दिया, 'इसमें कोई शक नहीं है कि ब्रॉड एक टैलेंटेड गेंदबाज हैं लेकिन आप भारत में एक खास घटना के लिए जाने जाते हैं।' एक फैन ने कहा कि क्या इस जश्न पर आपका कॉपीराइट है? बता दें साल 2007 में खेले गए वर्ल्ड टी20 में स्टुअर्ट ब्रॉड ने 6 गेंद में 6 छक्के पिटवा दिए थे। टीम इंडिया के सिक्स किंग युवराज सिंह ने ये कारनामा किया था।

## चीनी ताइपे : साइना और सौरभ करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

एजेंसी ▶▶| ताइपे

पूर्व चैंपियन साइना नेहवाल और सौरभ वर्मा मंगलवार से यहां शुरू हो रहे चीनी ताइपे बीडब्लूएफ विश्व टूर सुपर 300 में उतरेंगे तो उनकी नजरें महिला और पुरुष वर्ग के खिताब फिर अपने नाम करने पर लगी होंगी।

शीर्ष वरीयता प्राप्त साइना ने 2008 में यहां खिताब जीता था और उसके बाद वह पहली बार यहां खेल रही हैं। वहीं राष्ट्रीय चैंपियन सौरभ ने 2016 में यहां खिताबी जीत दर्ज की थी। फिटनेस हासिल करने के बाद वापसी की कोशिश में जुटे एच एस



प्रणय भी बेहतर प्रदर्शन करना चाहेंगे जिन्होंने बासेल में विश्व चैंपियनशिप में चीनी धुरंधर लिन डैन को हराया। दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी साइना विश्व चैंपियनशिप में अच्छे फार्म में थी लेकिन अंपायरों के विवादित फैसलों के कारण उसे डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट से पराजय झेलनी पड़ी। साइना पहले दौर में कोरिया की अन सी यंग से खेलेगी। उन्हें कनाडा की दूसरी वरीयता प्राप्त मिशेले लि, अमेरिका की तीसरी वरीयता प्राप्त बेवेन झांग और कोरिया की चौथी वरीयता प्राप्त सुंग जि ह्यून से कड़ी चुनौती मिलेगी।

### सौरभ का सामना सकाइ से

पुरुष एकल में सौरभ हैदराबाद ओपन के अपने फार्म को कायम रखना चाहेंगे। वह पहले दौर में जापान के काजुमारा सकाइ से खेलेंगे।

### भारत-ए ने द.अफ्रीका-ए से जीती मैच व श्रृंखला

**तिरूवनंतपुरम।** कप्तान मनीष पांडे के अर्धशतक के बाद शिवम दुबे की तूफानी पारी से भारत ए ने मौसम से प्रभावित तीसरे अनौपचारिक एकदिवसीय मैच में सोमवार को यहां दक्षिण अफ्रीका ए को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 3-0 की विजयी बढ़त बना ली। खराब मौसम के कारण मैच की शुरुआत में विलंब हुआ जिसके बाद इसे 30 ओवर का कर दिया गया। दक्षिण अफ्रीका ए ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया और हेनरिक क्लासेन (44), जेनमैन मालन (37) और मैथ्यू ब्रीट्ज्के (36) की उम्दा पारियों से टीम ने आठ विकेट पर 207 रन बनाए।

## वेस्टइंडीज के चार विकेट पर 145 रन, भारत क्लीनस्वीप के करीब

एजेंसी ▶▶| किंगस्टन

भारत ने दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट में 468 रन के लक्ष्य का पीछा कर रहे वेस्टइंडीज का स्कोर चौथे दिन लंच तक चार विकेट पर 145 रन है। वेस्टइंडीज को अब भी जीत के लिए 323 रन की दरकार है जबकि उसके छह विकेट शेष हैं। लंच के समय शमारा ब्रूक्स 36 जबकि जर्मेन ब्लैकवुड 33 रन बनाकर खेल रहे हैं। इन दोनों को ही भारतीय क्षेत्ररक्षकों ने चौथे दिन पहले सत्र में जीवनदान दिए। सुबह का सत्र भारत के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों के लचर प्रदर्शन के कारण वेस्टइंडीज के नाम रहा जिसने दो विकेट गंवाकर 100 रन जोड़े। वेस्टइंडीज ने दिन की शुरुआत दो विकेट पर 45 रन से की। मेजबान टीम के बल्लेबाजों ने पहले घंटे में भारतीय गेंदबाजों को सफलता से महरूम रखा जिन्होंने दिशाहीन गेंदबाजी की। ब्रूक्स ने मोहम्मद शमी की दिन की पहली गेंद को ही चार रन के लिए भेजा। डेरेन ब्रावो (23) ने चौथे ओवर की पहली गेंद पर जसप्रीत बुमराह पर चौका मारा लेकिन इसके साथ ही वह चक्कर आने जैसी स्थिति के कारण ड्रेसिंग रूम वापस लौट गए।

■ वेस्टइंडीज को जीत के लिए मिला 468 रन का विशाल लक्ष्य



### पंत ने धोनी का रिकार्ड तोड़ा, किए सबसे तेज 50 शिकार



युवा ऋषभ पंत टेस्ट क्रिकेट में 50 बल्लेबाजों को सबसे तेजी से आउट करने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए जिन्होंने पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी को पछाड़ा। इक्कीस बरस के पंत ने रविवार को 11वीं टेस्ट पारी में अपना 50वां टेस्ट शिकार हासिल किया। धोनी ने 15 टेस्ट में यह आंकड़ा छुआ था। पंत ने ईशांत शर्मा की गेंद पर क्रेग ब्रेथवेट का कैच लपका। पिछले साल दिसंबर में उन्होंने एक टेस्ट में किसी विकेटकीपर के सर्वाधिक कैच का विश्व रिकार्ड बनाया था जब एडीलेड में उन्होंने 11 आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों के कैच लपके।

### वान डिज्क, रोनाल्डो लियोनेल मेस्सी फीफा पुरस्कार की दौड़ में

**रोम।** लीवरपूल के सेंटर बैक वर्जिल वान डिज्क के साथ क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लियोनेल मेस्सी भी फीफा के वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फुटबालर के पुरस्कार की दौड़ में शामिल हैं। नीदरलैंड के अंतरराष्ट्रीय फुटबालर डिज्क ने पिछले सप्ताह मेस्सी और रोनाल्डो को पछाड़कर वर्ष के सर्वश्रेष्ठ यूरोपीय खिलाड़ी का पुरस्कार जीता। चैंपियंस लीग में लीवरपूल की खिताबी जीत में वान डिज्क की अहम भूमिका रही है। पुरुष टीम के सर्वश्रेष्ठ कोच के लिए मैनचेस्टर सिटी के पेप गार्डियोला, लीवरपूल के जर्गेन क्लोप और टोटेनहम के मौरिसियो पोचेटिनो दौड़ में है।

## हरियाणा ने पुणेरी पल्टन को हराया

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

विकास कंडोला के शानदार प्रदर्शन की बदौलत हरियाणा स्टीलर्स ने सोमवार को यहां पेशेवर कबड्डी लीग में पुणेरी पल्टन पर 41-27 की एकतरफा जीत दर्ज की। कंडोला ने सुपर 10 सहित 11 रेड अंक बनाए। इस जीत से हरियाणा की टीम अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। हरियाणा की टीम ने मैच में अच्छी शुरुआत की और मध्यांतर पर 18-11 की बढ़त बना चुकी थी। टीम ने दूसरे हाफ में बेहतरीन प्रदर्शन किया और आसान जीत दर्ज की।



### तेलुगु टाइटंस ने तमिल थलाइवाज को हराया

**बेंगलुरु।** प्रो कबड्डी के 72वें मैच में तेलुगु टाइटंस ने तमिल थलाइवाज को 35-30 से हराया। तेलुगु टाइटंस की यह 12 मैचों में चौथी जीत है और अब वह अंक तालिका में तमिल थलाइवाज से ऊपर नौवें स्थान पर पहुंच गए हैं। तमिल थलाइवाज के राहुल चौधरी ने प्रो कबड्डी में 900 रेड अंक पूरा करने का अनोखा रिकॉर्ड बनाया, लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके। तमिल थलाइवाज की यह 13 मैचों में आठवीं हार है और वह अंक तालिका में दसवें स्थान पर पहुंच गए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने सोमवार को जारी किया कार्यक्रम

# ओलंपिक : पहले दो दिन में पदक जीतने का मौका

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ओलंपिक में अपनी छाप छोड़ने को बेताब भारतीय निशानेबाज टोक्यो में अगले साल पहले दो दिन में ही पदक जीत सकते हैं क्योंकि अधिकांश शीर्ष नि शा ने बा ज पहले और दूसरे दिन ही रेंज पर उतरेंगे। दुनिया की नंबर एक निशानेबाज अपूर्वी चंदेला और सातवीं रैंकिंग वाली अंजुम मुद्गिल 25 जुलाई को महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी।

■ अपूर्वी, अंजुम, सौरभ और अभिषेक पहले दिन पेश करेंगे चुनौती



अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ ने सोमवार को कार्यक्रम जारी किया। इसी दिन सौरभ चौधरी और अभिषेक वर्मा भी पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में चुनौती पेश करेंगे। दूसरे दिन 26 जुलाई को मनु भाकर और यशस्विनी सिंह देसवाल महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में उतरेंगी बशर्ते कोटा की अदल बदल ना हो। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल में अभी तक भारत के दिव्यांश सिंह पंवार ने ही कोटा हासिल किया है। भारत के लिए अब तक देसवाल, संजीव राजपूत, मुद्गल, चंदेला, चौधरी, वर्मा, दिव्यांश, राही सरनोबल और भाकर टोक्यो ओलंपिक का कोटा हासिल कर चुके हैं। महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल में चंदेला विश्व रैंकिंग में नंबर एक और इलावेनिल दूसरे स्थान पर हैं।

### तीन मिश्रित टीम को भी मंजूरी

तीन मिश्रित टीम टूर्नामेंटों के प्रारूपों को भी प्रशासनिक परिषद ने मंजूरी दे दी। टीम का हर सदस्य पहले 30 मिनट में 30 शाट लगाएगा। पहले क्वालीफिकेशन दौर से शीर्ष आठ रैंकिंग वाली टीमों के मूल अंक रहेंगे। दूसरे राउंड में टीम के हर सदस्य को 20 मिनट में 20 शाट मिलेंगे। पहले और दूसरे रैंक वाली टीम स्वर्ण पदक के मुकाबले में आमने सामने होंगी।

## अनीश, आदर्श, अनहद फाइनल में प्रवेश से चूके

एजेंसी ▶▶| रियो डि जिनेरियो

भारत पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में ओलंपिक कोटा हासिल करने से चूक गया क्योंकि अनीश भानवाला, आदर्श सिंह और अनहद जवांडा विश्व कप के फाइनल में नहीं पहुंच सके।



अनीश ने रैपिड फायर में 286 का स्कोर किया और उनका कुल स्कोर 577 रहा जिससे वह 18वें स्थान पर रहे। आदर्श और अनहद क्रमशः 576 और 573 का स्कोर करके 25वें और 30वें स्थान पर रहे।

फाइनल में पहुंचने वाले छह निशानेबाजों में दो जर्मन और दो चीन के थे और दोनों ही देश दो कोटा पहले ही हासिल कर चुके हैं। क्यूबा के पुपो लुरिस ने भी कोटा पहले ही हासिल कर लिया था जिससे पाकिस्तान के मोहम्मद खलील अख्तर 586 के स्कोर के साथ पांचवें स्थान पर रहकर कोटा हासिल करने में कामयाब रहे। दूसरा कोटा कोरिया के किम जुनहोंग को मिला। भारत तीन स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य जीतकर तालिका में शीर्ष पर है।

**खबर संक्षेप**

### ईरान ने रॉकेट में विस्फोट की बात स्वीकारी

**तेहरान।** ईरान ने सोमवार को पहली बार स्वीकार किया कि उसके इमाम खुमैनी अंतरिक्ष केन्द्र से छोड़े जा रहे एक रॉकेट में उड़ान भरने से पहले ही विस्फोट हो गया। सेटेलाइट फोटो में पिछले सप्ताह हुए इस विस्फोट को देखा जा सकता है। एक अधिकारी ने बताया कि प्रक्षेपण के दौरान एक तकनीकी खराबी विस्फोट का कारण है। एक सरकारी प्रवक्ता अली रबीई की टिप्पणी को बृहस्पतिवार को हुए विस्फोट के संबंध ईरान का पहला स्पष्टीकरण है। यह स्पष्टीकरण इस्लामी गणराज्य द्वारा उपग्रह के प्रस्तावित प्रक्षेपण से पहले आया है जिसकी अमेरिका ने निंदा की है।

### बीआरओ के 14 कर्मियों को हुआ डेंगू

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में सीमा सड़क संगठन (बीआरओ) के चौदह कर्मियों को डेंगू हो गया है। सरकारी अस्पताल की एक डॉक्टर ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला अस्पताल में बीआरओ के 16 कर्मियों की जांच की गई, जिनमें से 14 डेंगू पॉजिटिव पाए गए। डॉक्टर ने कहा कि उनका इलाज चल रहा है। जम्मू क्षेत्र में पिछले हफ्ते डेंगू के नौ मामले सामने आए थे।

### सड़क हादसे में भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन में बर्मिंघम के नजदीक हैंड्सवर्थ में सड़क पार करने के दौरान कार से हुई टक्कर में भारतीय मूल के 29 वर्षीय व्यक्ति राजेश चंद की मौत हो गई। टक्कर शनिवार को तड़के हुई और हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। वेस्ट मिडलैंड पुलिस ने चश्मदीदों से सूचना साझा करने की अपील की है। इस बीच पुलिस ने खतरनाक तरीके से गाड़ी चलाने और हादसे को अंजाम देने के संदेह में 30 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मिडलैंड पुलिस की गंभीर सड़क दुर्घटना जांच ईकाई के जांचकर्ता सार्जेंट पॉल ह्यूजेस ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है और मैं लोगों को याद दिलाना चाहता हूं कि वे हादसे के कारणों को लेकर कयास न लगाएं।

### माली में इमारत गिरने से 15 लोगों की मौत

**बमाको।** अफ्रीकी देश माली की राजधानी बमाको में तीन मंजिला इमारत गिरने से 15 लोगों की मौत हो गई। सरकारी और स्थानीय मीडिया के अनुसार रविवार को हुए हादसे में इमारत अचानक ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गई। नागरिक सुरक्षा मंत्रालय ने बताया कि सोमवार सुबह तक 26 लोगों को मलबे से जिंदा निकाला गया। हादसे में बची एक बच्ची ने बताया कि आपात सेवा की तत्परता की वजह से वह जिंदा है। मंत्रालय ने बताया कि इमारत के मालिक के खिलाफ जांच शुरू की गई है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट में कहा गया कि सबसे पहले ऊपरी मंजिल गिरी जिसके बाद पूरा ढांचा ताश के पत्तों की तरह धराशायी हो गया। गौरतलब है कि माली में इस तरह से इमारतों का गिरना आम है क्योंकि अकसर इमारतों को प्राधिकरण की मंजूरी के बिना बनाया जाता है।

## पाक सीमा पर बढ़ेगी वायुसेना की ताकत

# पठानकोट एयरबेस पर आज तैनात होंगे 8 अपाचे लड़ाकू हेलिकॉप्टर

एजेंसी ⏭ पठानकोट

सरहद पर तनाव के बीच भारतीय वायुसेना मंगलवार को पठानकोट एयरबेस पर आठ अपाचे हेलिकॉप्टरों को तैनात करेगी। यह फैसला पठानकोट एयरबेस के रणनीतिक महत्व को देखते हुए लिया गया है। यह एयरबेस पाकिस्तानी सीमा के करीब स्थित है। वायुसेना के अधिकारियों ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि इसके लिए लॉन्चिंग समारोह का आयोजन कराया जाएगा, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर वायुसेना प्रमुख बी एस धनोआ शामिल होंगे।

एएच-64ई अपाचे दुनिया के सबसे उन्नत बहु-भूमिका लड़ाकू हेलिकॉप्टरों में से एक है। इसे अमेरिकी सेना भी इस्तेमाल करती है। भारतीय वायुसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अपाचे अटैक के आठ हेलिकॉप्टरों को पठानकोट एयरबेस पर तैनाती तय है। इससे वायुसेना के लड़ाकू क्षमता में बढ़ोत्तरी होगी।

### 2015 में हुआ था अनुबंध

वायुसेना ने 22 अपाचे हेलिकॉप्टरों के लिए सितंबर 2015 में अमेरिकी सरकार और बोइंग लिमिटेड के साथ अनुबंध किए थे। बोईंग द्वारा 27 जुलाई को 22 हेलिकॉप्टरों में से पहले चार को वायुसेना को सौंप दिया गया था। हिंडन एयर बेस पर भारतीय वायुसेना के अपाचे हेलिकॉप्टरों के पहले बैच की डिलीवरी लगभग इस सौदे के लगभग चार साल बाद हुई थी। इसके अतिरिक्त, रक्षा मंत्रालय ने साल 2017 में सेना के लिए 4,168 करोड़ रुपये की लागत से बोइंग से छह अपाचे हेलिकॉप्टरों की खरीद को मंजूरी दी थी।



### इमरान के मंत्री का अजीब बयान, पाक के पास 100 से 250 ग्राम के परमाणु बम



**इस्लामाबाद।** हाल ही में कश्मीर मुद्दे पर एक रैली में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लेने के साथ ही बिजली का झटका खाने वाले पाकिस्तान के विवादास्पद रेलवे मंत्री शेख रशीद अहमद ने एक बार फिर एक अनूठा बयान दिया है। उनका कहना है कि भारत को यह मालूम होना चाहिए कि पाकिस्तान के पास आधा पाव या पाव भर के भी एटम बम हैं। पाकिस्तानी मीडिया में प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, सिखों के प्रमुख धार्मिक शहर ननकाना साहिब में एक निर्माणाधीन रेलवे भवन का मुआयना करने के बाद रशीद ने मीडिया से कहा कि पाकिस्तान के पास सवा सौ ग्राम और ढाई सौ ग्राम के भी परमाणु बम हैं जो किसी खास लक्षित जगह पर मार कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान परमाणु युद्ध नहीं चाहता लेकिन अगर यह थोपा गया तो पाकिस्तान इसका जवाब देगा।

### इमरान ने कहा- 'पहले' नहीं करेंगे परमाणु हथियार का इस्तेमाल

बार-बार परमाणु युद्ध की धमकी देने के बाद अब पाकिस्तान के तेवर ढीले पड़ते दिख रहे हैं। सोमवार को पाकिस्तान पीएम इमरान खान ने कहा कि पाकिस्तान 'पहले परमाणु हथियार का इस्तेमाल' नहीं करेगा। इससे पहले पाक पीएम कई बार परमाणु हथियार का जिक्र कर कह चुके हैं, 'कश्मीर के लिए पाकिस्तान किसी भी हद तक जा सकता है।' पाक पीएम की इन धमकियों को न तो भारत ने ही तवज्जो दी और न ही दुनिया के अन्य देशों ने इसे ज्यादा महत्व दिया। कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने के फैसले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच काफी तनाव है। इस बीच इमरान खान ने कहा कि वह 'पहले परमाणु हथियार का इस्तेमाल' नहीं करेंगे।



जम्मू कश्मीर के प्रधान सचिव रोहित कंसल ने बताया

# घाटी के 90 फीसदी हिस्से में पूरी तरह से हटाई गईं पाबंदियां

एजेंसी ⏭ श्रीनगर



जम्मू कश्मीर के प्रधान सचिव रोहित कंसल ने सोमवार को बताया कि घाटी के 90 फीसदी हिस्से में दिन के समय की पाबंदियां हटा दी गई है। कंसल ने यहां संवाददाताओं से कहा कि कश्मीर घाटी में 111 पुलिस थाना क्षेत्रों में दिन के समय की पाबंदियां 92 थाना क्षेत्रों से पूरी तरह से हटा दी गई है, जो पिछले हफ्ते के 81 थाना क्षेत्रों से अधिक है। उन्होंने कहा कि इस तरह घाटी के 90 फीसदी हिस्से में दिन के समय की पाबंदियां पूरी तरह से हटा दी गई हैं। प्रधान सचिव ने कहा कि जम्मू और लद्दाख सभी तरह की पाबंदियों से पहले से ही पूरी तरह से मुक्त हैं। जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के 93 फीसदी हिस्से आज किसी निषेधाज्ञा से पूरी तरह से मुक्त हैं। उन्होंने कहा कि घाटी में 26,000 से अधिक लैंडलाइन फोन काम कर रहे हैं। कंसल ने कहा कि हमने 29 और टेलीफोन एक्सचेंज खोलने का फैसला किया है। इस तरह कुल 95 एक्सचेंज में से अब 76 संचालित हो रहे हैं।

- 111 पुलिस थाना क्षेत्रों में दिन के समय की पाबंदियां 92 थाना क्षेत्रों से पूरी तरह से हटा दी गई है, जो पिछले हफ्ते के 81 थाना क्षेत्रों से अधिक है

## आसियान के साथ अमेरिका ने शुरू किया पहला नौसैनिक अभ्यास

**बैंकॉक।** अमेरिका ने पहली बार दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) के साथ संयुक्त नौसैनिक अभ्यास शुरू किया है। यह सैन्य अभ्यास सोमवार को थाइलैंड के नौसैनिक अड्डे से शुरू हुआ और विवादित दक्षिण चीन सागर से होते हुए शनिवार को सिंगापुर में समाप्त होगा। लेकिन यह पहला मौका है, जब सभी आसियान (आसियान) देश अमेरिका के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास कर रहे हैं। आसियान देशों ने हालांकि इसी तरह का सैन्य अभ्यास पिछले साल चीन के साथ भी किया था।

अमेरिकी तट खाली कराने के आदेश

## बहामास में तूफान 'डोरियन' ने मचाई तबाही, भारी नुकसान

**रीवेरिया बीच (अमेरिका)।** विनाशकारी तूफान 'डोरियन' रविवार को बहामास में तबाही मचाने के बाद अमेरिकी तट की ओर बढ़ गया। सबसे खतरनाक पांचवीं श्रेणी के इस तूफान की वजह से चल रही तेज हवाओं और बारिश से बहामास में हजारों घरों को नुकसान पहुंचा है। तबाही की आशंका के चलते हजारों लोगों को तटों से दूर जाने का आदेश दिया गया है। फिलहाल कैरीबियाई द्वीपों पर तबाही की तुरंत जानकारी नहीं मिली है। डोरियन तूफान 185 मील प्रति घंटे की गति से बहामास के पश्चिमोत्तर में स्थित अबाको द्वीप के तट से गुजरा। यह कैरीबियाई द्वीपों में आया सबसे भीषण तूफान है।



यह अटलांटिक बेसिन में उठने वाला दूसरा सबसे शक्तिशाली तूफान बनने की ओर अग्रसर है। अमेरिकी राष्ट्रीय मौसम सेवा ने कहा कि सोशल मीडिया पर जारी तस्वीर हवा और समुद्री लहरों से भारी तबाही इंगित कर रही है। अबाको द्वीप का एक हिस्सा जलमग्न है। मौसम सेवा ने 18 से 23 फुट ऊंची लहरें उठने की चेतावनी दी।

जबरन धर्म परिवर्तन का आरोप

## सिख लड़कियों के बाद पाक में हिंदू छात्रा का अपहरण

एजेंसी ⏭ इस्लामाबाद


पाकिस्तान में अल्पसंख्यक समुदाय की लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। 2 सिख लड़कियों का अपहरण कर धर्म परिवर्तन के बाद अब एक हिंदू लड़की के साथ ऐसा ही मामला सामने आया है। सिंध प्रांत में 29 अगस्त को बीबीए स्टूडेंट कॉलेज के लिए निकली, लेकिन घर लौटकर नहीं आई। इसके बाद उसके परिवार ने शिकायत दर्ज कराई।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, लड़की का अपहरण उसके क्लासमेट बाबर अमान ने किया है। बाबर के साथ पीटीआई के सदस्य मिर्जा दिलावर बेग भी शामिल है। दोनों ने मिलकर लड़की का अपहरण किया और जबरन उसका धर्म परिवर्तन भी कराया। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि लड़की को अपहरण के बाद पीटीआई कार्यकर्ता के सियालकोट स्थित घर में रखा गया। वहां जबरन उसका निकाह बाबर अमान से किया गया और उसका धर्म परिवर्तन भी किया गया। पाक मीडिया में प्रकाशित खबरों के अनुसार, पुलिस ने इस बीच मामला दर्ज कर लिया है।

एक वैश्विक रिपोर्ट में किया गया आकलन

## बीआरआई योजना से पेरिस समझौते के लक्ष्यों को खतरा

**पेरिस।** चीन की 'बेल्ट एंड रोड' (बीआरआई) योजना के तहत विभिन्न देशों में चल रहे विकास कार्य और कार्बन उत्सर्जन की वजह से पेरिस जलवायु समझौते के तहत तय किए गए लक्ष्यों को हासिल करना मुश्किल हो सकता है। यह आकलन एक वैश्विक रिपोर्ट में किया गया है। विशाल वैश्विक आधारभूत संरचना योजना पर सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि बीआरआई के तहत एशिया, अफ्रीका, मध्य पूर्व और यूरोप में बंदरगाहों, रेलवे, सड़क और औद्योगिक पार्क का नेटवर्क बिछाने के लिए 126 देशों में खरबों डॉलर का निवेश होगा। इन परियोजनाओं के लिए चीन पर्याप्त धन मुहैया करा रहा है। इसके अलावा निजी क्षेत्र भी इसमें निवेश कर रहे हैं जबकि विरोधियों ने इसके पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की चेतावनी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक केवल बीआरआई योजना के कारण होने वाला कार्बन उत्सर्जन ही पेरिस जलवायु लक्ष्य को पटरी से उतार सकता है।



- केवल बीआरआई योजना के कारण होने वाला कार्बन उत्सर्जन ही पेरिस जलवायु लक्ष्य को पटरी से उतार सकता है

## गुजरातः सरदार सरोवर बांध का जलस्तर पहली बार 135 मीटर पार

**अहमदाबाद।** सरदार सरोवर बांध में जलस्तर सोमवार को 135 मीटर के पार पहुंच गया जिसके बाद गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने दावा किया कि मौजूदा जल भंडारण राज्य में अगले दो सालों तक पीने और सिंचाई के लिए पानी की जरूरत को पूरा करने के लिये पर्याप्त है। जलस्तर में 28 अगस्त से एक मीटर का इजाफा हुआ है और मौजूदा स्तर 135.02 मीटर है जो 2017 में गेट लगाए जाने के बाद बांध की ऊंचाई 138 मीटर तक बढ़ाने के बाद सबसे ज्यादा है। रूपाणी ने राजकोट में संवाददाताओं को बताया कि यह पहली बार है जब जलस्तर 135 मीटर तक पहुंचा है। बांध में मौजूदा जल अगले दो सालों तक पीने और सिंचाई के लिये लोगों की पानी की जरूरतों को पूरा करने के लिये पर्याप्त है। हमें नर्मदा का आशीर्वाद मिल रहा है। सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड के नियंत्रण कक्ष के मुताबिक बांध में अभी 2.42 लाख क्यूसेक पानी ऊपर से आ रहा है।



**मुलाकात...**



टोक्यो में सोमवार को जापान के प्रधानमंत्री शिंजो आबे के साथ मुलाकात करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

## करतारपुर को लेकर भारत-पाक में वार्ता कल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और भारत सिख श्रद्धालुओं के लिए प्रस्तावित करतारपुर गलियार को लेकर अगली उच्च स्तरीय वार्ता बुधवार को करेंगे। यह बात मीडिया की एक खबर में कही गई है। 'एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की खबर के अनुसार चार सितम्बर को यह बैठक वाघा-अटारी सीमा पर भारत की ओर आयोजित होगी। उम्मीद है कि उक्त बैठक में दोनों देश गलियारे को खोलने को लेकर मसौदा समझौते को अंतिम रूप देंगे। प्रस्तावित गलियारा पाकिस्तान के करतारपुर स्थित दरबार साहिब को गुरदासपुर जिला स्थित डेरा बाबा नानक गुरुद्वारे से जोड़ेगा और भारतीय सिख श्रद्धालुओं को वीजा-मुक्त आवागमन की सुविधा प्रदान करेगा। इन श्रद्धालुओं को सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव द्वारा 1522 में स्थापित करतारपुर साहिब जाने के लिए मात्र एक परमिट लेना होगा। यह बैठक भारत और पाकिस्तान के तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा करतारपुर गलियारे पर बातचीत के चार दिन बाद होगी।



## केन्या में बाढ़ से पांच भारतीय पर्यटकों की मौत

**नई दिल्ली।** केन्या में नाइवाशा शहर के पर्यटक रिसॉर्ट में बाढ़ रविवार को पर्यटकों की वैन बहने से पांच भारतीय पर्यटक और एक केन्याई टूर गाइड की मौत हो गयी। रिफ्ट वैली के क्षेत्रीय पुलिस कमांडर मार्कस ओचोला ने हेल्स गेट नेशनल पार्क में हुयी इस घटना की पुष्टि की है। ओचोला ने कहा कि गाइड आसपास के मौसम का सही अनुमान नहीं लगा सके। वे इस बात को जानते थे कि बाढ़ का पानी ऊंचाई वाले क्षेत्रों से निकलता है लेकिन वह इसका आंकलन नहीं कर सके। हम वहां संभावित लोगों की तलाश कर रहे है। अधिकारियों के अनुसार यह घटना स्थानीय समयानुसार अपराह्न चार बजे के आसपास हुयी। ओलोचा ने कहा कि तलाश और बचाव का कार्य जारी है लेकिन बाढ़ के पानी का स्तर ऊंचा होने के कारण बचाव कार्य अपेक्षाकृत धीमा है। पर्यटन और वन्यजीव मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ में पर्यटकों के डूबने की आशंका है, जबकि अन्य लोगो बचा लिया गया है।



पीएम मोदी ने किया उद्घाटन, गरवी गुजरात भवन रखा गया नाम

# कांग्रेस मुख्यालय के सामने बना गुजरात भवन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को दिल्ली में गुजरात भवन का उद्घाटन किया। कांग्रेस मुख्यालय के सामने बना नया गुजरात भवन सात मंजिला है और इसका नाम गरवी गुजरात भवन रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ इस मौके पर गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी और उपमुख्यमंत्री नितिन पटेल भी मौजूद रहे।

कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर स्थित है, जबकि नया गुजरात भवन 25 बी अकबर रोड पर बना है। दो साल पहले गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने इसकी नींव रखी थी। इस भवन के अंदर 79 कमरों के साथ वीआइपी लाउंज, पब्लिक लाउंज और मल्टीपरपज हॉल बनाए गए हैं, जिसमें एक बार में 2000 लोगों के बैठने की व्यवस्था है। गरवी गुजरात भवन का उद्घाटन के बाद विज्ञान भवन में पीएम मोदी ने कहा कि मैं कई लोगों को यहां कई वर्षों बाद देख रहा हूं। कोई भी इसका उद्घाटन कर सकता था. लेकिन यह अवसर मुझे मिला ताकि आप सब लोगों से मिल सकूं।

पीएम मोदी ने कहा कि गरवी गुजरात सदन गुजरात के करोड़ों जनों की भावनाओं, परंपराओं और संस्कृति के अनुकूल सभी की सेवा के लिए तैयार है। ये सदन भले ही मिनी गुजरात का मॉडल हो, लेकिन ये न्यू इंडिया की उस सोच का भी स्पष्ट सबूत है, जिसमें हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को हमारी परंपराओं को आधुनिकता से जोड़कर आगे बढ़ने की बात करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि अब प्रोजेक्ट को समय पर पूरा करने की आदत सरकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों में पैदा हो रही है। जब मैं गुजरात में था तो डंके की चोट पर कहता था कि जिसका शिलान्यास मैं करता हूं उसका उद्घाटन भी मैं ही करता हूं।




- दो साल पहले गुजरात के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने इसकी रखी थी नींव
- मल्टीपरपज हॉल में एक बार में 2000 लोगों के बैठने की है व्यवस्था

### गुजरात के खाने का किया जिक्र

पीएम मोदी ने अपने भाषण के दौरान गुजरात के खाने का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि ब्रांडिंग सही से हो तो गुजराती खाना अलग पहचान बना सकता है। सबसे इस बारे में पता चलेगा। मैं चाहता हूं कि लोग गुजरात का खाना ढूंढते हुए गुजरात भवन आएं। पहले मीठा होने के कारण उत्तर भारतीयों को गुजरात का खाना पसंद नहीं आता था। लेकिन अब वह अच्छा गुजराती खाना ढूंढ रहे हैं। पीएम मोदी ने एक बार फिर गुजरात मॉडल का जिक्र किया।

## पीएम मोदी कल से रूस की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार से पांच सितंबर तक रूस का दौरा करेंगे और इस दौरान वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ द्विपक्षीय शिखर सम्मेलन करेंगे तथा व्लादिवोस्तोक में पूर्वी आर्थिक मंच की बैठक में भाग लेंगे। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को इसकी घोषणा की। विदेश सचिव विजय गोखले ने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि यह दौरा संक्षिप्त और करीब 36 घंटों का होगा। इसके दो मुख्य उद्देश्यों में से एक प्रधानमंत्री को पूर्वी आर्थिक मंच में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाना है। वह रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ 20 वीं वार्षिक द्विपक्षीय शिखर बैठक भी करेंगे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109